WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

बिलासपुर, रविवार, 20 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष- दशमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 99 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में गूगल और मेटा को ईडी का नोटिस, 21 जुलाई को पूछताछ

मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला लेनदेन जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों से जुड़ी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देने के आरोप में टेक दिग्गज गूगल और मेटा को नोटिस भेजा है। इन कंपनियों को 21 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म्स ने सट्टेबाजी ऐप्स को विज्ञापन के प्रमुख स्थान दिए और उनकी वेबसाइट्स को अपनी सेवाओं का जरिया बनाया, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिला। यह जांच मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला लेनदेन जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों से जुड़ी है।

करोड़ों रुपये की अवैध कमाई

ईड़ी ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के एक बड़े नेटवर्क की जांच कर रहा है। कई ऐप्स खुद को 'स्किल बेस्ड गेम्स' बताकर अवैध सट्टेबाजी को बढ़ावा दे रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की गई, जिसे हवाला चैनलों के माध्यम से छिपाया गया ताकि जांच से बचा जा सके। ईडी ने इन ऐप्स के विज्ञापनों को गूगल और मेटा के प्लेटफॉर्म्स पर प्रमुखता से प्रदर्शित होने का आरोप लगाया है, जिससे इनके यूजर्स बढ़े। पिछले हफ्ते, ईडी ने तेलुगु राज्यों में 29 मशहूर हस्तियों के खिलाफ कार्रवाई की।

इन अभिनेताओं पर लगा मनी लॉन्ड्रिंग केस

इनमें अभिनेता विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, निधि अग्रवाल, प्रणिता सुभाष, मंचू लक्ष्मी और अनन्या नगेला शामिल हैं। इसके अलावा, टीवी कलाकार, होस्ट और सोशल मीडिया प्रभावशाली व्यक्तियों जैसे श्रीमुखी, श्यामला, वर्षिणी सौंदर्यराजन, वसंती कृष्णन, शोभा शेट्टी, अमृता चौधरी, नयनी पावनी, शेष पृष्ठ 6 पर

5 एफआईआर के आधार पर कार्रवाई शुरू

यह जांच पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट, 1867 और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हो रही है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में दर्ज पांच एफआईआर के आधार पर ईडी ने यह कार्रवाई शुरू की। मार्च में, साइबराबाद पुलिस ने भी विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज सहित कई हस्तियों के खिलाफ अवैध सट्टेबाजी ऐप्स के प्रचार का मामला दर्ज किया था। हालांकि, इन हस्तियों ने सफाई दी कि वे किसी अवैध ऐप का प्रचार नहीं कर रहे थे। ईडी अब इन सभी मामलों की गहन जांच कर रहा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी में है।

आज बेबाक

भारतीय अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष स्टेशन से बीस दिनों बाद हुई कुशल वापसी से पूरा देश गर्वित है। कांग्रेस के नेता उदित राज ने भी इसपर खुशी जाहिर की है। साथ ही अपना दर्द भी बयां किया है। बकौल उदित राज अंतरिक्ष में किसी दलित या ओबीसी को भेजा जाना चाहिए कहने का मतलब कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान क्षेत्र में भी आरक्षण चाहते हैं। नासा को उनकी भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। ऐसे ही किसी अन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम में उदित राज को ही अंतरिक्ष में भेजना चाहिए क्योंकि वे बहुत बड़े वाले डेढ़ होशियार हैं।

मणिपुर में गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद

इंफाल (वार्ता)। मणिपुर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए चलाए गए अभियानों के तहत पुलिस ने गोला बारुद का एक बड़ा जखीरा बरामद करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि काकचिंग जिले के अरोंग नोंग्माइखोंग पुलिस थाना अंतर्गत पुमलेन पट के चिंगजाओ द्वीप क्षेत्र से शुक्रवार को गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए सामान में नौ मिमी गोला-बारूद के 1,406 राउंड, .303 कैलिबर की 125 राउंड गोलियाँ और सात खाली कारतूस शामिल थे।

कश्मीर में दस ठिकानों में सीआईके का तलाश अभियान जारी

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू कश्मीर पुलिस की आतंकवाद रोधी शाखा का आतंकवाद के एक मामले के सिलसिले में घाटी के कई स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) का कश्मीर घाटी के चार जिलों में 10 स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। समन्वित छापेमारी आज सुबह शुरू हुई और यह क्षेत्र में सक्रिय एक आतंकवादी स्लीपर सेल तथा भर्ती मॉड्यूल की जाँच के तहत की जा रही है। कश्मीर के जिन चार जिलों के 10 ठिकानों पर तलाशी चल रही है उनमें गंदेरबल में छह, बडगाम में दो और श्रीनगर तथा पुलवामा में एक-एक ठिकाना शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला आतंकवादी गतिविधियों में मदद करने के संदिग्ध व्यक्तियों से संबंधित है, जिसमें आतंकवादी समूहों में भर्ती भी शामिल है। छापेमारी से संबंधित अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। अभियान अभी भी जारी है।

स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

अमृतसर (वार्ता)। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को शनिवार को स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक और ई-मेल मिला। चौदह जुलाई के बाद से यह आठवीं ऐसी धमकी है। ऐसी धमकियों के मद्देनजर पवित्र सिख तीर्थस्थल स्वर्ण मंदिर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। मंदिर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी परिसर में गश्त कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से 100 जिलों में बड़ा बदलाव

- 1.7 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष लाभ भी तय

नई दिल्ली (आईएएनएस)। देश की कृषि व्यवस्था में व्यापक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी। इस योजना का उद्देश्य देश के 100 निम्न-प्रदर्शन वाले कृषि जिलों में सतत विकास को सुनिश्चित करना है। योजना का वार्षिक परिव्यय 24,000 करोड़ रुपए रखा गया है और यह अगले छह वर्षों तक लागू की जाएगी। यह महत्वाकांक्षी योजना केंद्रीय बजट 2025-26 में पहली बार घोषित की गई थी। इसका फोकस केवल कृषि ही नहीं, बल्कि इससे जुड़ी सभी गतिविधियों जैसे सिंचाई, भंडारण, प्राकृतिक खेती और ऋण सुविधा पर केंद्रित है। योजना का लक्ष्य उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और किसानों को वित्तीय एवं तकनीकी मदद उपलब्ध कराना है। इस योजना की खास बात यह है कि यह केंद्र सरकार के 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं को संतृप्ति-आधारित मॉडल के तहत एकीकृत करती है। इसका उद्देश्य दोहराव से बचना और योजनाओं के समन्वित क्रियान्वयन से अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करना है। इस योजना से अनुमानतः 1.7 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस परिवर्तनकारी पहल में राज्यों की योजनाओं और निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी महत्व दिया गया है। प्रत्येक चयनित जिले में 'जिला धन-धान्य कृषि योजना समिति बनाई जाएगी, जिसकी अध्यक्षता जिला अधिकारी या ग्राम पंचायत प्रमुख करेंगे। समिति में प्रगतिशील किसान, विशेषज्ञ और विभागीय अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति जिला कृषि योजना तैयार करेगी, जो स्थानीय कृषि पारिस्थितिकी, फसल पैटर्न और किसानों की जरूरतों के अनुरूप होगी।

योजना की प्रगति की निगरानी एक केंद्रीय डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से की जाएगी। प्रत्येक जिले को 117 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर ट्रैक किया जाएगा। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए 'किसान ऐप' और जिला रैंकिंग प्रणाली भी लागू की जाएगी। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर निगरानी टीमें गठित की जाएंगी। इनमें केंद्रीय स्तर पर मंत्री और सचिव स्तर की दो टीमें, राज्य स्तर पर निगरानी टीमें और जिला स्तर पर स्थानीय अधिकारी एवं नोडल अधिकारी की व्यवस्था है। टीमें योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा करेंगी, चुनौतियों की पहचान करेंगी और समाधान सुनिश्चित करेंगी। प्रत्येक जिले में नियुक्त केंद्रीय नोडल अधिकारी क्षेत्रीय भ्रमण के माध्यम से जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करेंगे। यह योजना केंद्र सरकार के आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता से प्रेरित है। यह एक समन्वित, सहभागी और परिणाम-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ ग्रामीण भारत में कृषि सुधारों की नई लहर लाने का वादा करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में यह योजना न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि कृषि क्षेत्र को टिकाऊ और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगी।

हादसों का वार रहा शनिवार, आठ की मौत

कार सवार चार लोगों की जिंदा जलने से मौत

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर में नेशनल हाईवे 30 में बीती रात भयंकर सड़क हादसा हुआ है, हादसे में चार युवकों की मौत हो गई है, जबकि दो युवक घायल है, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा रात करीब एक बजे आतुर गांव पुल पर हुआ है। कांकेर एडिशनल एसपी दिनेश सिन्हा ने बताया कि रात एक बजे कार आतुरगांव में निर्माणाधीन पुल के समीप स्तिथ पुराने पुल के किनारे कांक्रीट से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

6 में से दो बाहर निकल पाए : दुर्घटना के दौरान कार में स्पार्किंग व शार्टसर्किट से भीषण आग लग गई। कार में 6 व्यक्ति सवार थे जिसमें से दो बाहर निकल पाए और चार लोगों की कार के अंदर ही जलकर मौत हो गई। कांकेर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर नीचे नदी के पानी एवं फायर ब्रिगेड की मदद से आगकाबू पाया गया। दोनों घायलों को सामान्य चोटें आयी हैं जिन्हे तत्काल जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया है।

चार युवकों की मौत : जिन चारों युवकों की मौत हुई उनमें युवराज सोरी, निवासी बाड़ाटोला, हेमंत शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रैक्टर से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत, एक गंभीर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले के सलौनी (भाठागांव) इलाके में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तीन युवक बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर की हेडलाइट चालू नहीं थी, जिससे अंधेरे में यह दुर्घटना हुई। हादसे में उमाशंकर ध्रुव (27) और दीपेंद्र ध्रुव (14) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि यशवंत ध्रुव (19) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

केशकाल में सड़क हादसा, दो की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

कोंडागांव/नवप्रदेश। केशकाल क्षेत्र के फरसगांव थाना अंतर्गत एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कार ने बाइक पर सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक कार की छत पर फंस गया और करीब 8 किलोमीटर तक कार के साथ घसीटता चला गया। जब कार बोरगांव के पास पहुंची, तो चालक घायल युवक को वहीं उतारकर भागने की कोशिश करने लगा। उसी दौरान कार अनियंत्रित होकर एक पुल से टकरा गई, जिससे चालक की भी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, घायल युवक को शेष पृष्ठ 6 पर

नेता जी के बेटे ने नेशनल हाइवे किया जाम

- नई कारों के साथ कराया सड़क पर फोटोशूट
- वीडियो वायरल होने पर किया इंस्टाग्राम आईडी डिलीट

बिलासपुर /नवप्रदेश। शहर में इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ रसूखदार और प्रभावशाली लड़कों ने बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर कार बीच सड़क में अड़ाकर जाम कर दिया था और इसका रील्स बनाकर 2 दिन पहले इंस्टाग्राम में भी अपलोड किया. बताया जा रहा है, कि भाजपा नेता के करीबी और कांग्रेस नेता रहे विनय शर्मा के बेटे वेदांश शर्मा ने दो नई लग्जरी और महंगी कार खरीदी. इस दौरान वह अपने दोस्तों के साथ टोयोटा शो रूम गया था. जहां उसने अलग-अलग पोज में वीडियो बनवाया।

नई कार खरीदने के बाद रात में वेदांश अपने दोस्तों के साथ बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे घूमने गया। इस दौरान उसने दो नई कार और दोस्तों की कार बीच सड़क में खड़ी कर पार्किंग की लाइट में फोटो शूट कराया। फोटो शूट शेष पृष्ठ 6 पर

अमेरिका कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द करेगा-ट्रम्प

न्यूयॉर्क (वार्ता)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ओर से कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। श्री ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में स्टेबलकॉइन एक्ट पर शुक्रवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा, 'वे आज ही ऐसा कर सकते हैं... शायद बाद में, हम ऐसा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'जब मैं यह दस्तावेज भेजूंगा कि आप 35 प्रतिशत या 40 प्रतिशत टैरिफ दे रहे हैं तो यह एक समझौता होगा। फिर वे फोन करेंगे और देखेंगे कि क्या वे कुछ अलग तरह का समझौता कर सकते हैं। श्री ट्रम्प ने हाल ही में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत व्यापक अमेरिकी पारस्परिक आयात शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन को नौ जुलाई से एक अगस्त तक बढ़ा दिया गया है।

दैवीय चमत्कार! 45 वर्ष पुराने तालाब का पूरा पानी एक बड़े से गढ्ढा में समा रहा

- ग्रामीण दैवीय घटना मानकर स्थल पर पूजा-अर्चना कर रहे

बिलासपुर/नवप्रदेश । मानसून के दौरान प्रकृति की लीला देखने को मिल रही है। बिलासपुर जिले में ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां 45 वर्ष पुराने तालाब का पूरा पानी एक बड़े से गढ्ढा में समा रहा है। तालाब में अब बमुश्किल 15 प्रतिशत पानी ही बचा है, जो शायद एक-दो दिन न बचे। घटना की जानकारी मिलने पर दूर दराज से पहुंच रहे ग्रामीण इसे दैवीय घटना मानकर स्थल पर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। बिलासपुर मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर कोटा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम घानाकछार के वर्षों पुराना तालाब बारिश के बाद लबालब भर गया था. तालाब का लोग नियमित इस्तेमाल कर रहे थे कि अचानक 14 जुलाई को तालाब के एक किनारे पर बड़ा सा गढ्ढा हो गया. तालाब लबालब भरा होने के कारण शुरू में तो लोगों को यह नहीं दिखा, पर यह जरूर नजर आया कि तालाब का पानी अचानक तेजगति से कम होने लगा है। पानी तेज गति से कम होने पर तालाब के दाहिने तरफ एक बड़ा से गढ्ढा दिखा, जिसमें तालाब का पानी समा रहा था. सबसे पहले गांव के शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

सोशल मीडिया वार... भूपेश बघेल ने कहा - मेरे खिलाफ हो रहा पीआर एजेंसी का इस्तेमाल, स्क्रीनशॉट शेयर कर कही ये बात

चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ की सियासत गरमाई

रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद कोर्ट ने उन्हें पांच दिन की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया। अब ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ की सियासत गरमाई हुई है। इस मामले को लेकर बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे पर हमलावर है। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाये जा रहे हैं। इस बीच भूपेश बघेल का एक ट्वीट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस ट्वीट के जरिये उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है।

पीआर एजेंसी का इस्तेमाल : पूर्व सीएम बघेल ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि 'कुछ लोग इतने बेचारे हैं कि मेरे खिलाफ सोशल मीडिया पर लिखवाने के लिए अब पीआर एजेंसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्वीट कहाँ रचे जा रहे हैं, कहाँ भेजे जा रहे हैं, कहाँ करवाए जा रहे हैंज्. सब कुछ घूमकर मुझ तक भी पहुँच रहा है। आप पहले से बेनक़ाब हैं, नक़ाब पहनने की कोशिश न कीजिए। दरअसल,सोशल मीडिया पर कुछ स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं, जिसमें पूर्व सीएम बघेल के विरुद्ध ट्वीट करने की बात कही जा रही है। इसमें बघेल के खिलाफ एक के बाद एक आरोप प्वॉइंटवार लगाये गये हैं।

चैतन्य बघेल के वकील ने क्या कहा : कोर्ट की कार्यवाही के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी जिला कोर्ट रायपुर पहुंचे थे। शेष पृष्ठ 6 पर

रिपोर्ट में दावाः भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को सिंडेकेट से मिले एक हजार करोड़ रुपए!

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को ईडी ने गिरफ्तार कर 5 दिनों की रिमांड में लिया है। इस दौरान ईडी चैतन्य से छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले के मामले में पूछताछ करेगी। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चैतन्य बघेल को सिंडिकेट के माध्यम से करीब 1 हजार करोड़ रुपए मिले। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि शराब घोटाले में ईडी ने भूपेश बघेल के करीबियों से मिले सबूत के आधार पर उनके इकलौते बेटे चैतन्य को गिरफ्तार किया है. पांच साल तक उनके करीबी रहे कारोबारी और नेता एजेंसी के सामने टूट गए। उन्होंने उनके खिलाफ बयान दिया है. ईडी का दावा है कि दुर्ग के कारोबारी और भूपेश बघेल के करीबी लक्ष्मीनारायण उर्फ पप्पू बंसल ने कबूल किया है कि शराब घोटाले में उन्हें तीन माह के भीतर 136 करोड़ मिले. पैसा कारोबारी अनवर ढेबर और नीतेश पुरोहित ने भिजवाया था. उन्होंने चौंकाने वाला बयान दिया है कि सिंडीकेट से चैतन्य को 1000 करोड़ रुपए मिले हैं।

ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस का आरोप बेबुनियादः अरुण साव

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने शराब घोटाले मामले में ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं का आरोप बेबुनियाद और निराधार है। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले मामले में ईडी की कार्यवाही भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते शुरू हुई थी। इससे पहले प्रदेश में शराब घोटाले की जानकारी आम लोगों तक पहुंच चुकी थी। प्रदेश में दो काउंटर लगाकर शराब बेची जा रही थी। ईडी की वहीं जांच की कार्रवाई क्रमशः आगे बढ़ रही है जिन लोगों के खिलाफ ईडी को साक्ष्य और तथ्य मिल रहे हैं, उन लोगों के खिलाफ ईडी कार्यवाही कर रही है।

अमरनाथ यात्रा सुचारू रूप से जारी, 2.73 लाख से अधिक लोगों ने किए दर्शन

6,365 यात्रियों का एक नया जत्था रवाना

श्रीनगर(आईएएनएस)। अमरनाथ यात्रा सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है। पिछले 16 दिनों में 2.73 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा, शनिवार को 6,365 यात्रियों का एक और जत्था जम्मू से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि तीन जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 2.73 लाख से अधिक यात्री पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं।

अधिकारियों के अनुसार, 6,365 यात्रियों का एक नया जत्था दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के कैनाल रोड स्थित भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पहला सुरक्षा काफिला सुबह 3:25 बजे रवाना हुआ, जिसमें 92 वाहनों के साथ 2,851 यात्री बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। वहीं, दूसरा सुरक्षा काफिला सुबह 3:53 बजे रवाना हुआ, जिसमें 119 वाहनों के साथ 3,514 यात्री पहलगाम बेस कैंप के लिए रवाना हुए। अब तक की यात्रा के दौरान 13 तीर्थयात्रियों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यह यात्रा पहलगाम हमले के बाद हो रही है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी।180 अतिरिक्त सीएपीएफ कंपनियों को सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत बढ़ाने के लिए लाया गया है। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से गुफा मंदिर तक के पूरे रास्ते और दोनों आधार शिविरों के रास्ते में सभी पारगमन शिविरों को सुरक्षा बलों ने सुरक्षित कर लिया है। सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत को बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियां लाई गई हैं। पूरे मार्ग को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वाले लोग चंदनवाड़ी, शेषनाग और पंचतरणी से होकर गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं और 46 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हैं। तीर्थयात्रियों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं।

धार्मिक तीर्थ यात्राओं में से एक

श्री अमरनाथ जी यात्रा भक्तों के लिए सबसे पवित्र धार्मिक तीर्थयात्राओं में से एक है, क्योंकि किंवदंती है कि भगवान शिव ने इस गुफा के अंदर माता पार्वती को शाश्वत जीवन और अमरता के रहस्य बताए थे।

रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट सुनियोजित: खेड़ा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शनिवार को राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ हरियाणा के शिकोहपुर लैंड डील मामले में आरोपपत्र दाखिल किए जाने पर कहा कि हर बार चुनाव से पहले ऐसी कार्रवाई होती है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुद इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं कि रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से केंद्र सरकार रॉबर्ट वाड्रा के पीछे पड़ी है, उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। लेकिन, अभी तक ऐसा कोई सबूत सामने नहीं आया है, जिससे उनके ऊपर लगे आरोपों की पुष्टि हो सके। रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई सुनियोजित तरीके से की जाती है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव नजदीक आने से पहले केंद्र सरकार रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई करती है, क्योंकि वो अपने समर्थकों को इसके जरिए यह संदेश देने की कोशिश करती है कि हम गांधी परिवार के खिलाफ कार्रवाई करते रहेंगे, जबकि ऐसा कोई मामला है ही नहीं। ऐसी स्थिति में फिर मनोहर लाल को यह कहना होगा कि रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार (18 जुलाई) को हरियाणा के शिकोहपुर लैंड डील मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी। रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी पर आरोप है कि उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की थी। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि यह सरकार मेरे जीजा को परेशान कर रही है। इसके अलावा, प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अपनी पार्टी की खूबियों के बारे में भी बताया और कहा कि हमारी पार्टी मध्यमार्गी है। हम दक्षिणपंथी या वामपंथी विचारधारा वाले लोग नहीं हैं।

वैश्विक परिदृश्य में ट्रंप का समर्थन करने वाला कोई देश अब तक सामने नहीं आया

भारत नहीं दे रहा तरजीह, ट्रंप बौखलाहट में फिर बोले- मध्यस्थता हमने की

■ **व्यापार के जरिए हल किया भारत-पाक युद्ध**

वाशिंगटन(आईएएनएस)। 'भारत-पाकिस्तान' संघर्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने दावे हैं, लेकिन वैश्विक परिदृश्य में उनकी बात का समर्थन करने वाला कोई देश अब तक सामने नहीं आया है। यहां तक कि भारत दो टूक शब्दों में कह चुका है कि 'संघर्ष-विराम' आपसी सहमति से हुआ, जिसमें तीसरे किसी देश का दखल नहीं था। मतलब यह कि भारत स्पष्ट तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के दावों को खारिज कर चुका है।

हालांकि, इस बौखलाहट में अमेरिकी राष्ट्रपति कहीं न कहीं जबरन क्रेडिट लेने की कोशिश में हर जगह अपने बयानों को दोहरा रहे हैं। इस बार उन्होंने एक कदम आगे बढ़ते हुए '5 फाइटर जेट गिराए जाने' वाला दावा किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान पांच लड़ाकू विमान मार गिराए गए थे।÷ अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने इस दावे को भी दोहराया कि उनके हस्तक्षेप के बाद लड़ाई समाप्त हो गई। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये फाइटर जेट भारत के थे या पाकिस्तान के, या दोनों देशों को मिलाकर उन्होंने यह संख्या बताई।

भारत ने डोनाल्ड ट्रंप के दावे को नकारा

पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इन हमलों के बाद चार दिनों तक संघर्ष चला, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुआ। 10 मई के बाद से डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर अपने इस दावे को दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को 'समाप्त' कराया, जबकि ट्रंप के 'संघर्ष समाप्त' कराने के दावे को भारत नकार चुका है।

पांच लड़ाकू विमान गिराए

डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को रिपब्लिकन सीनेटरों के लिए आयोजित रात्रिभोज के दौरान व्हाइट हाउस में बोल रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हमने कई युद्धों को रोका, और ये कोई मामूली नहीं थे। भारत और पाकिस्तान के बीच जो कुछ चल रहा था, वह गंभीर था। वहां विमान मार गिराए जा रहे थे। मेरा मानना है कि लगभग पांच लड़ाकू विमान गिराए गए थे। उन्होंने आगे कहा, ये दोनों गंभीर परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और वे एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे। ये एक नई तरह की जंग जैसा लग रहा था।

व्यापार के जरिए हल किया भारत-पाक युद्ध

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने इस बीच ईरान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, आपने हाल ही में देखा, जब हमने ईरान में कार्रवाई की। हमने उनकी परमाणु क्षमता को पूरी तरह खत्म कर दिया, बिल्कुल नष्ट कर दिया। लेकिन भारत और पाकिस्तान आपस में भिड़े हुए थे और यह टकराव लगातार बढ़ रहा था। हमने इसे व्यापार के जरिए हल किया। हमने कहा कि अगर आप व्यापार समझौता करना चाहते हैं, तो ऐसा नहीं हो सकता कि आप हथियार, और शायद परमाणु हथियार, इधर-उधर फेंक रहे हों।

आप में सब कुछ ठीक नहीं, अनमोल गगन के इस्तीफे पर कांग्रेस का हमला

चंडीगढ़(आईएएनएस)। खरड़ से विधायक अनमोल गगन मान ने आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका देते हुए विधायक पद छोड़ दिया है। उन्होंने शनिवार को राजनीति से भी संन्यास का ऐलान किया। इस इस्तीफे के बाद पंजाब कांग्रेस हमलावर है। पार्टी ने यह भी दावा किया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं है।

लुधियाना से सांसद और पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ÷पंजाब में आप पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक विधायक को पार्टी से निलंबित कर दिया गया। एक महीने से भी कम समय में एक और विधायक ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और राजनीति छोड़ने की बात तक कह दी। हालांकि, यह आप का

अंदरूनी और अंदरूनी मामला है, लेकिन जब आग भड़कती है तो उसकी लपटें दूर-दूर तक फैलती हैं। इससे पहले, शनिवार को अनमोल गगन मान ने विधायक पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से स्पीकर को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

'अहंकार और सीट बंटवारे में देरी चुनावों में हार के लिए जिम्मेदार'

मुंबई (आईएएनएस)। मुंबई में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में गर्माहट तेज हो गई है। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाविकास अघाड़ी गठबधंन दलों की एकता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में सीट बंटवारे और उम्मीदवार तय करने में हुई देरी को लेकर महा विकास अघाड़ी गठबंधन पर सवाल उठाए हैं। ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के बाद गठबंधन दलों में एकता कम और दलगत जीत की होड़ ज्यादा दिखने लगी, जिससे जनता में गलत संदेश गया और हार का कारण बना। फिर साथ रहने का क्या फायदा? उद्धव ठाकरे ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सीटों को लेकर अंत तक खींचतान चलती रही। कई जगहों पर उम्मीदवार तय ही नहीं हो पाए। अगर ऐसी ही गलतियां होती रहीं तो फिर साथ रहने का क्या फायदा? ठाकरे ने बताया कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को कुछ ऐसी सीटें गठबंधन सहयोगियों को देनी पड़ीं, जहां शिवसेना (यूबीटी) पहले कई बार जीत चुकी थी।

आत्मदाह वाली घटना पर बोले नवीन पटनायक 'शासन की विफलता, जवाब चाहती है जनता

भुवनेश्वर। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पुरी जिले में एक युवती को कथित तौर पर आग लगाने की घटना को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की और इसे शासन की विफलता करार दिया। बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पुरी जिले के बलंगा इलाके में एक युवती को आगे लगाने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। दिनदहाड़े उनकी हत्या का प्रयास हुआ। मैं इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं।

पटनायक ने आगे कहा, यह घटना एक हफ्ते के भीतर यह घटना हुई है। इससे पहले गोपालपुर की खौफनाक घटना के एक महीने के बाद एफएम कॉलेज की एक युवती को भी जब हर दरवाजा खटखटाने के बाद भी न्याय नहीं मिला, तो उसने खुद को आग लगा दी थी। महिलाओं के खिलाफ ऐसी अकल्पनीय घटनाएं अब पूरे ओडिशा से रोजाना सामने आ रही हैं। उन्होंने आगे कहा, ये अलग-अलग हिंसा के मामले नहीं हैं। इतनी बार ऐसी घटनाएं होना सरकार की प्रणाली में गहरी कमी को दर्शाता है।

इससे पता चलता है कि मौजूदा सरकार में अपराधी निडर हो गए हैं और उन्हें सजा मिलने की चिंता नहीं है। यह दिखाता है कि सरकार की लापरवाही और राजनीतिक संरक्षण के कारण ओडिशा महिलाओं के लिए बहुत असुरक्षित हो रहा है। क्या ओडिशा सरकार इस गहरी नींद से जागेगी और जल्दी कार्रवाई करेगी ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके? और सबसे जरूरी बात, क्या सरकार ऐसे हादसों को दोबारा होने से रोकने के लिए कदम उठाएगी? ओडिशा की लड़कियां और महिलाएं इसका जवाब चाहती हैं। कांग्रेस ने भी राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार इन घटनाओं के प्रति संवेदनशील नहीं है।

पार्टी के नेता श्रीकांत जेना ने कहा, ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। लड़की 12वीं की छात्रा है। मुझे पता चला है कि वह ट्यूशन क्लास से लौट रही थी, जब 2-4 लड़कों ने उस पर केरोसिन डालकर आग लगा दी। डॉक्टर उसे बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वह ठीक हो जाएगी। लेकिन चाहे मुख्यमंत्री हों या प्रशासन, उनमें कोई संवेदनशीलता नहीं दिख रही। राज्य में रोजाना ऐसी घटनाएं हो रही हैं। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। मुझे उम्मीद है कि सरकार ऐसा कानून लाएगी जिससे ऐसे लोगों में डर पैदा हो। तभी ये घटनाएं रुकेंगी, अन्यथा नहीं।

अजमेर दरगाह में मंदिर के दावे पर सुनवाई टली

जयपुर (आईएएनएस)। अजमेर दरगाह में शिव मंदिर के दावे से जुड़े मामले की सुनवाई शनिवार को टल गई। सिविल कोर्ट ने अब अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख तय की है। सुनवाई से पहले कोर्ट परिसर और सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन के पास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। वकील योगेंद्र ओझा ने बताया कि न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर होने और न्यायिक कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश पर होने के कारण सुनवाई स्थगित कर दी गई। उन्होंने कहा कि दरगाह कमेटी और अल्पसंख्यक मामलों के विभाग की ओर से पहले दिए गए।

खड़गे का पीएम पर हमला, वे 42 देशों में गए पर मणिपुर नहीं

मैसूर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 42 देशों का दौरा किया, लेकिन मणिपुर नहीं पहुंचे। खरगे ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा। मैसूर में एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश की जनता भाजपा और आरएसएस को संविधान बदलने की इजाजत नहीं देगी। कांग्रेस पार्टी में लोग काम करते हैं, जबकि मोदी की भाजपा में लोग केवल बोलते हैं।

उन्होंने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की ओर से आरोपपत्र दाखिल करना

केवल उनका और गांधी परिवार का नाम खराब करने की कोशिश है। केंद्र सरकार कांग्रेस पार्टी को निशाना बना रही है। खरगे ने कहा कि वाड्रा के साथ जो कुछ किया गया है, वह एक व्यक्ति से बदला लेने और एक पार्टी को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। यह सब वाड्रा और गांधी परिवार को बदनाम करने की कोशिश के तहत किया जा रहा है। वे इसमें कभी सफल नहीं होंगे। अदालतें हैं। वाड्रा को जो परेशानी दी जा रही है, वह ठीक नहीं है। हम सभी उनके अच्छे काम का समर्थन करते हैं। कांग्रेस पर भूमि जिहाद का समर्थन करने के आरोप पर खरगे ने कहा कि मुझे नहीं पता कि भूमि जिहाद क्या है? अगर वे मेरे खिलाफ कोई कार्रवाई करना चाहते हैं, तो स्वागत है, उन्हें करने दीजिए। जब भी वे कार्रवाई करेंगे, मैं उसका जवाब दूंगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ जमीन के लेनदेन में कथित धनशोधन से जुड़े एक मामले में चार्जशीट दायर की है।

'इंफ्रास्ट्रक्चर' विकसित भारत की भव्य इमारत का मजबूत स्तंभ : पुरी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जोर देकर कहा है कि भारत अपने एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विकास कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'वन नेशन वन गैस ग्रिड' के विजन पर काम आगे बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2014 तक देश में केवल 15,000 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें थीं, जो अब बढ़कर लगभग 25,000 किलोमीटर हो गई हैं और कई किलोमीटर निर्माणाधीन हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ÷विपरीत धाराओं के बीच खड़े होकर उनकी दिशा बदलना आसान नहीं है। लेकिन जब दूरदर्शी नेता, देशवासियों के साथ चट्टान की तरह खड़े होकर, संरक्षक

बनते हैं, तो यह संभव हो जाता है। जब दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतें आसमान छू रही थीं, तब प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया कि बढ़ती कीमतों की आंच भारत तक न पहुंचे। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पिछले तीन वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के बजाय घटी हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने जोर देकर कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिससे देशवासियों की कमाई पेट्रोल और डीजल पर क्रमशः 13 रुपए और 16 रुपए प्रति लीटर बची। भाजपा शासित राज्यों ने भी वैट कम किया।÷ उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 11 वर्षों में एलपीजी क्रांति आई है, जिसने हर क्षेत्र में बदलाव की एक नई लहर ला दी है।

हिमंत बिस्व सरमा पर ममता बनर्जी का हमला, बोलीं- असम में बांग्लाभाषियों को डराया जा रहा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर असम की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। ममता ने आरोप लगाया है कि असम में बांग्ला बोलने वाले लोगों को धमकाया जा रहा है और उनकी मातृभाषा, धर्म और पहचान को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे असंवैधानिक और भेदभावपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा का यह रवैया देश को बांटने वाला है और इसकी अब हद हो चुकी है। शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में ममता बनर्जी ने कहा कि देश में बांग्ला दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है और असम में भी यह दूसरी सबसे आम भाषा है। ऐसे में जिन नागरिकों की मातृभाषा बांग्ला है और जो सभी धर्मों और भाषाओं का सम्मान करते हुए शांति से रहना चाहते हैं, उन्हें धमकाया जाना संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है।

कांग्रेस की राजनीति का आधार सिर्फ परिवारवाद

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी की ओर से अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को 'राजनीतिक साजिश' बताने की आलोचना की। त्रिवेदी ने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी है। त्रिवेदी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति का आधार सिर्फ परिवारवाद है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी राज्यसभा में हैं। राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी लोकसभा में हैं। इतना ही नहीं, राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा के पास ढेर सारी जमीन हैं। कांग्रेस परिवार सत्ता और संपत्ति पर कब्जा करना चाहता है। त्रिवेदी ने सवाल उठाया कि अगर यह पारिवारिक मामला है, तो राहुल गांधी इसे राजनीतिक मुद्दा क्यों बना रहे हैं? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपने बहनोई के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए नेता प्रतिपक्ष के पद का गलत इस्तेमाल किया।

सुरक्षा पर जोर ... **भारत में बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों कानून की नजर में बराबर**

मैं खुद अल्पसंख्यक, पाकिस्तान या बांग्लादेश में होता तो शरणार्थी होता, भारत सबसे सुरक्षित

■ **'कुछ सुविधाएं सिर्फ अल्पसंख्यकों को मिलती हैं'**

नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति और उनकी सुरक्षा की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और यहां अल्पसंख्यक पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद एक अल्पसंख्यक हूं। अगर हम पाकिस्तान या बांग्लादेश में होते, तो शायद आज शरणार्थी होते।

लेकिन भारत में हर अल्पसंख्यक और आदिवासी अपने ही देश में सुरक्षित है, क्योंकि यहां की बहुसंख्यक हिंदू आबादी स्वभाव से सहिष्णु और धर्मनिरपेक्ष है।

कांग्रेस पर साधा निशाना

रिजिजू ने अपने बयान में कांग्रेस पर गलत प्रचार करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थित वामपंथी सोच वाले लोग यह लगातार प्रचार कर रहे हैं कि भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है। रिजिजू ने कहा कि ऐसा नैरेटिव देश के लिए नुकसानदायक है। इसके साथ ही रिजिजू ने पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के भारत अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है वाले बयान पर कहा कि भारत एक कानून का पालन करने वाला, धर्मनिरपेक्ष और संविधान आधारित देश है, जहां बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों कानून की नजर में बराबर हैं।

रिजिजू ने कहा कि जो सुविधाएं बहुसंख्यक समुदाय को मिलती हैं, वे अल्पसंख्यकों को भी मिलती हैं, लेकिन कुछ योजनाएं ऐसी भी हैं जो केवल अल्पसंख्यकों के लिए होती हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रालय की सभी योजनाएं पूरे देश में लागू होती हैं और छह मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विशेष सहायता भी दी जाती है।

ओवैसी ने किया पलटवार

वहीं रिजिजू के इस बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने जबरदस्त पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हम भारत के अल्पसंख्यक हैं, कोई राजा की प्रजा नहीं। हमारे अधिकार संविधान से मिलते हैं, ये कोई दान नहीं है। ओवैसी ने कहा कि हम डरकर भागने वालों में से नहीं हैं। हमने ब्रिटिश राज, बंटवारे, और गुजरात, दिल्ली, मोरादाबाद जैसे दंगों का सामना किया है, लेकिन कभी नहीं भागे। उन्होंने कहा कि हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई जारी रखेंगे। ओवैसी ने यह भी कहा कि भारत की तुलना पाकिस्तान या श्रीलंका जैसे विफल देशों से न करें। हमारा संविधान महान है और हम उसका सम्मान करते हैं। जय हिंद, जय संविधान!

अंतर्राज्यीय तस्कर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार, 284 किलो गांजा जब्त

एसीसीयू बिलासपुर (सायबर सेल) व थाना तोरवा की नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। *नशे के सौदागर अंतराज्यीय गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपियों को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 284 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। एसीसीयू बिलासपुर (सायबर सेल) व थाना तोरवा ने नशे के अवैध कारोबारियो के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की। नशे का व्यापार करने वाले आरोपियो के विरूद्ध एण्ड-टू-एण्ड विवेचना कर संलिप्त आरोपियो का फायनेन्शियली इन्वेस्टीगेशन कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह नेतृत्व में नशे के अवैध कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जप्त सामग्री में ब्राउन टेप से लपेटे गए 284 पैकेट गांजा कुल 284 किलो ग्राम, एक सफेद रंग की मारूती अर्टिगा कार क्रमांक सी.जी. 04 ओ.सी. 4577, एण्ड्रायड मोबाईल फोन 02 नग आई.फोन 01 नग। जप्तशुदा सामग्री की किमत करीब 35 लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार रजनेश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के अवैध कारोबारियो के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये गये थे बिलासपुर पुलिस एवं ए.सी.सी.यू. को भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ का परिवहन होने की मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ था। उक्त कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं ए.सी.सी.यू. बिलासपुर अनुज कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन निमितेश सिंह निरीक्षक अजरउद्दीन प्रभारी ए.सी.सी.यू. उप निरीक्षक कमल नारायण शर्मा, सउनि भरत राठौर प्र. आर. राहूल सिह, आतिश पारिक, उमाशंकर राठौर, सिद्धार्थ पाण्डेय आर . विकास राम, प्रशांत सिंह, प्रेम सूर्यवंशी, अविनाश कश्यप, महादेव कुजुर, रवि यादव, अजय शर्मा, रंजीत खरे, समर बहादूर सिंह एवं सरफराज खान की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा सराहना की गई है एवं उचित पुरस्कार की घोषणा की गई है।

फायनेंसियली इन्वेस्टीगेशन कर की जाएगी कार्रवाई

संदेही आरोपियों से पूछताछ पर जप्त गांजा को उड़ीसा से लेकर आना बताये है जिनसे अग्रिम पूछताछ की जा रही है। आरोपीगण के विरूद्ध थाना तोरवा में अपराध क्रमांक 309/25 धारा 20 (बी)(2)(सी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विधिनुसार कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाता है। नशे का व्यापार करने वाले आरोपियों के विरूद्ध एण्ड-टू-एण्ड विवेचना कर संलिप्त आरोपियों का फायनेन्शियली इन्वेस्टीगेशन कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सूचना के आधार पर ए.सी.सी.यू. एवं थाना तोरवा की संयुक्त टीम द्वारा 18 जुलाई को जगमल चौक तोरवा में एक सफेद रंग की मारूती अर्टिगा कार क्रमांक सी.जी. 04 ओ.सी. 4577 को चेक किया गया जो वाहन चालक अपने वाहन को भगाकर ले जाने का प्रयास करने लगा जिसे मौके पर ही पकड़कर संदेही गजेन्द्र गोस्वामी एवं नयन कुमार से पूछताछ किया गया व विधिनुसार वाहन की चकिंग करने पर संदेही आरोपियों के कब्जे से ब्राउन टेप से लपेटे गए 284 पैकेट कुल 284 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा एण्ड्रायड मोबाईल फोन 2 नग आई.फोन 1 नग जप्तशुदा सामग्री कुल किमती करीब 35 लाख रू जप्त किया गया।

न्यूज गैलरी

कल्कि धर्म जागरण अभियान आज से देशभर में शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व भारती युग जागृत्ति युग क्रान्ति कल्कि अनिमेष वासुदेव अवतार शक्तित् कल्कि धर्म विश्व शान्ति कीर्ति देव संस्कृति मंच कलकत्ता, बंगाल की जिला इकाई बिलासपुर के तत्वावधान में 18 जुलाई से 'सत्य एवम् युग विवरण कल्कि धर्म जागरण अभियान' की शुरुआत हुई। यह अभियान विश्व व्यापी स्तर पर चलाया जा रहा है। इसमें कुल 64 लघु आन्दोलन और लघु अभियान शामिल हैं। ये अभियान देशभर के कई जिलों में आयोजित किए जाएंगे। इन अभियानों का आयोजन उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, गोपेश्वर, रूद्रपुर, चम्बा, शिमला, बिलासपुर, मण्डी, धर्मशाला, मथुरा, हाथरस, सम्भल, कनैज, हरदोई, अयोध्या, रायबरेली, जौनपुर, अमेठी, बेला, प्रतापगढ़, प्रयागराज, बनारस, काशी, बलिया, गोरखपुर, महाराजगंज, बुक्सर, आरा, छपरा, गया, पटना, बेगुसराय, नालन्दा, साहेबगंज, धनबाद, राँची, हजारीबाग, चक्रधरपुर, रायगढ़, सम्बलपुर, पुरी, कटक, भुवनेश्वर, सोनपुर, बलेश्वर, कलकत्ता, हावड़ा, प्यासी, वर्धमान, बांकुरा, चुनचुरा, मेदिनीपुर, माल्दा, बोलपुर, रायगंज, ढाका, कमलपुर, दिसपुर, तेजपुर, इम्फाल, धर्मनगर, अगरतला, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, उदयपुर और गौहाटी जैसे जिलों में भव्य रूप में होंगे।

छत्तीसगढ़ सराफा व्यवसाय संघ का जागरूकता संदेश, जागरूक ग्राहक, सुरक्षित खरीदारी व ईमानदार व्यापार

आभूषण खरीदना केवल लेन-देन नहीं, विश्वास और पारदर्शिता से जुड़ा निर्णय: कमल सोनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सोने के आभूषण खरीदना केवल एक लेन-देन नहीं, बल्कि विश्वास और पारदर्शिता से जुड़ा निर्णय होता है। छत्तीसगढ़ सराफा व्यवसाय संघ के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठित व्यापारी पारदर्शी नीतियों का पालन करते हैं। कार्यक्रम में कहा गया कि विश्वास की सुरक्षा हेतु निम्नलिखित बिंदुओं के प्रति जागरूक करना हैं। आगे कहा कि जब भी आप आभूषण खरीदें, इन बातों का अवश्य ध्यान रखें बीआईएस हॉलमार्क की जांच करें, हर आभूषण पर बीआईएस का लोगों और शुद्धता का स्तर अवश्य होना चाहिए। 24 कैरेट 99.9 प्रतिशत (शुद्धतम, पर आभूषण नहीं बनते) 22 कैरेट 91.6 प्रतिशत, 20 कैरेट 83.3 प्रतिशत, 18 कैरेट 75 प्रतिशत, 14 कैरेट 58.33 प्रतिशत। सामान्य आभूषणों में यह शुल्क 12 प्रतिशत तक और डिज़ाइनर जेवर में 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक होता है। यह प्रतिशत या प्रति ग्राम के आधार पर हो सकता है, जिसे बिल में स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए। कुल वजन कैरेट/शुद्धता स्तर, हॉलमार्क, मेकिंग चार्ज, रिटर्न/ एक्सचेंज पॉलिसी रिटर्न और एक्सचेंज की नीति जानें, खरीद से पूर्व दुकानदार से यह पूछें कि रिटर्न और एक्सचेंज की शर्तें क्या हैं, और बिल में उसका उल्लेख अवश्य हो। दिन का सोने का रेट जरूर जांचें खरीदारी से पहले उसी दिन का रेट मोबाइल या समाचार स्त्रोत से देखें। स्टोन लगे आभूषण में स्टोन का वजन अलग से बताया जाना चाहिए।स्टोन का वजन सोने के वजन में नहीं जोड़ा जाना चाहिए। जागरूकता और प्रश्न पूछना आपका अधिकार हैए एक सजग ग्राहक ही ईमानदार व्यापार को मजबूती देता है। हर जानकारी पूछें, हर विवरण समझें। एक सच्चा व्यापारी उपरोक्त सभी बातों का ईमानदारी से पालन करता है।छत्तीसगढ़ सराफा व्यवसाय संघ ऐसे पारदर्शी व्यापार को प्रोत्साहित करता है और अपने सजग ग्राहकों से आग्रह करता है कि वे इन बिंदुओं का पालन कर केवल प्रमाणित दुकानों से ही खरीद करें।

पूरा कैलकुलेशन अवश्य जांचें, कोई हिडन चार्ज न हो

आभूषण का मूल्य (वजन गुणा रेट) + मेकिंग चार्ज + जीएसटी हर शुल्क को स्पष्ट रूप से देखें और समझें.कोई भी छुपा हुआ शुल्क (हिडन चार्ज) स्वीकार न करें। हॉलमार्किंग शुल्क (सरकारी दर के अनुसार) प्रति आभूषण 45 + जीएसटी ग्राहक से इससे अधिक वसूली नियमों के विरुद्ध है। बिल में निम्न जानकारियाँ स्पष्ट होनी चाहिए

अतिक्रमण के खिलाफ नगर पंचायत बिल्हा ने की कार्रवाई

बिल्हा/नवप्रदेश। नगर पंचायत बिल्हा ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिचरी बाजार में लगे चार्ट गुपचुप के ठेले फल दुकान, अंडा दुकान एवं रोड में फैला सब्जी विक्रेताओं की दुकान एवं छोटे-छोटे व्यापारियों जिन्होंने रोड पर अतिक्रमण कर ठेला लगाया करते थे आज अतिक्रमण मुक्त किया गया।

ज्ञात हो कि बिल्हा में व्यवहार न्यायालय अपने नवीन भवन में स्थानांतरित होने जा रहा है जिसकी पूर्व तैयारी एवं ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए कार्यवाही की गई। श्री गहलोत ने चर्चा के दौरान बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आए दिनों होते रहेगी और उन्होंने नगर में स्वच्छता के लिए जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा भी की नगर को एवं सड़क को साफ सुथरा बनाए रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें । अतिक्रमण मुक्त करने में प्रवीण सिंह गहलोत मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विनीता शर्मा नायब तहसीलदार बिल्हा एवं बिल्हा पुलिस के द्वारा संयुक्त टीम बनाकर बिना किसी विवाद के सभी ठेला एवं अतिक्रमण किए दुकानों को अनियंत्रित स्थानांतरित किया गया।

जूनियर एडमिनिस्ट्रेशन सेवा संघ के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। शनिवार को जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद साहू के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि जिले का राजस्व विभाग संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। संसाधनों के अभाव में तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को कार्य करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके निराकरण के लिए अब आंदोलन की राह पर चल पड़े हैं। संसाधन नहीं तो काम नहीं सिद्धांत, पर आधारित 17 सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए 26 जुलाई तक सकारात्मक पहल नहीं होने की स्थिति में 28 जुलाई से प्रस्तावित चरणबद्ध आंदोलन की सूचना कलेक्टर के माध्यम से शासन को दी गई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा पूर्व में भी विभाग एवं शासन को समय-समय पर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया है। विशेष रूप से तहसील कार्यालयों में पदस्थ तहसीलदारों को संसाधनों की अत्यंत कमी, मानवीय संसाधन, तकनीकी सुविधाएं, सुरक्षा, शासकीय वाहन एवं प्रशासनिक सहयोग की अनुपलब्धता से कार्य निष्पादन में गंभीर कठिनाईयाँ उत्पन्न हो रही हैं।

कर्मचारियों की मांग पत्र

सभी तहसीलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, चपरासी, डब्ल्यूबीएन, केजीओ, नायब नाजिर, माल जमादार, भृत्य, वाहन चालक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की जाए। यदि संभव न हो तो संबंधित तहसील को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा की बाध्यता से मुक्त किया जाए। सीधी भर्ती और पदोन्नति का अनुपात पूर्व की भांति 50-50 रखा जाए और पूर्व में की गई घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए। तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लंबित ग्रेड पे सुधार को शीघ्र किया जाए। सभी तहसीलों में कार्यवाही, प्रोटोकॉल एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी हेतु शासकीय वाहन व चालक की व्यवस्था हो या वाहन भत्ता प्रदान किया जाए। बिना वैध प्रक्रिया, नियमित आदेश या अभियोजन कार्रवाई से प्रभावित तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों को 15 दिवस में जांच पूर्ण कर बहाल किया जाए। न्यायालयीन मामलों को जनशिकायत/जनशिकायत प्रणाली में स्वीकार न किया जाए।

लघु उद्योग इकाई की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। लघु उद्योग भारती बिलासपुर इकाई की मासिक बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में उद्योग में होने वाली छोटी बड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई और आने वाले समय के लिए कार्यान्वयन की दिशा तय की गई, जिससे बिलासपुर जिले में लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार एवं विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। बैठक में जिला इकाई के पदाधिकारी अध्यक्ष जितेन्द्र कमाविसदार, सचिव निखिल जिवनानी उपस्थित थे।

घोरामार में शासकीय भूमि से 10 लोगों का हटाया बेजा कब्जा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी तखतपुर के मार्गदर्शन में बेजा कब्जा मुक्त बिलासपुर हेतु तहसीलदार तखतपुर, राजस्व निरीक्षक बेलपान एवं हल्का पटवारी ग्राम घोरामार के द्वारा तहसील तखतपुर के ग्राम घोरामार में शासकीय भूमि के अतिक्रमण किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर तहसीलदार पंकज सिंह के द्वारा हल्का पटवारी ग्राम घोरामार से शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा की जांच कराई गयी जिसमें 10 लोगों के द्वारा अतिक्रमण किये जाने की जांच सही पाये जाने के उपरांत सभी दस लोगों के विरूद्ध न्यायालय में अतिक्रमण के प्रकरण दर्ज कर उनसे जवाब लिया गया। सभी से जवाब प्राप्त करने के उपरांत उनके विरूद्ध शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किये जाने का आरोप सिद्ध होने पर उनके विरूद्ध अतिक्रमणित शासकीय भूमि से बेदखल किये जाने का आदेश पारित किया गया। पारित आदेश का कियान्वयन हेतु 18 जुलाई को सवेरे 11बजे से ही शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाया गया। इसके अतिरिक्त अन्य लागों के द्वारा अतिक्रमण किये जाने के नियत से मिट्टी डालकर बेजा कब्जा किया गया था, उसे भी समतलीकरण किया गया। तखतपुर तहसीलदार पंकज सिंह के द्वारा ग्राम में पुनः बेजा कब्जा नहीं किये जाने हेतु ग्रामवासियों को समझाया गया एवं कहा कि शासकीय भूमि की सुरक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है।

कलेक्टर की फटकार का असर, जर्जर सीपत-बलौदा मार्ग की मरम्मत शुरु

खांडा, धनिया व लीलागर नदी के पास अस्थायी सुधार कार्य तेज

सीपत/नवप्रदेश। जिले की बहुप्रतीक्षित सीपत-बलौदा सड़क पर अब राहत की शुरुआत होती दिख रही है। वर्षों से बदहाल पड़ी इस सड़क की मरम्मत की मांग आखिरकार कलेक्टर संजय अग्रवाल की सख्ती के बाद रंग लाई है। शुक्रवार सुबह से लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग पर अस्थायी मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया। बता दें कि सीपत से लेकर कुली के लीलागर नदी तक की लगभग 14 किलोमीटर लंबी यह सड़क भारी वाहनों के दबाव और लंबे समय से रखरखाव के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। स्कूली बच्चों, व्यापारियों और दरगाह लुतरा शरीफ जाने वाले जायरीन को रोजाना जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा था। बुधवार को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान सड़क की बदहाली पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता सी.एस. विंदयराज को दो टूक कहा - कम से कम इतनी मरम्मत तो कर दो कि लोग चल सकें। इसके बाद विभाग हरकत में आया और शुक्रवार को खांडा के कोलवाशरी मोड़, धनिया के भौराडीह चौक, तथा लीलागर नदी क्षेत्र में जेसीबी व डंपर की मदद से गड्ढों की अस्थायी मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया। जनता ने ली राहत की सांस, लेकिन अब भी कायम है संशय हालांकि स्थानीय लोगों ने मरम्मत कार्य की शुरुआत पर संतोष जताया है, लेकिन वे अब भी इस बात को लेकर सशंकित हैं कि कहीं यह सिर्फ 'आंखों में धूल झोंकने' की लीपापोती न साबित हो। जनता को उम्मीद है कि इस बार प्रशासन की सख्ती और मीडिया की पैनी नजर से यह मुद्दा केवल अस्थायी कार्यों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सीपत-बलौदा मार्ग की हालत में स्थायी सुधार देखने को मिलेगा।

पुरानी पेंशन स्कीम ओपीएस को खत्म करके यूपीएस स्कीम लागू करना कर्मचारियों के साथ अन्याय: रोहित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने छ.ग़ सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम की जगह यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू करने का पुरजोर विरोध किया है। रोहित तिवारी ने बयान जारी करते हुए कहा कि छग सरकार का यह कदम कर्मचारियों के भविष्य के साथ अन्याय है क्यों कि यूनिवर्सरल पेंशन स्कीम में पेंशन राशि न्यूनतम 1000 से 3000 तक ही मिलेगी यह स्कीम पूर्व में लागू एन पी एस से भी ख़राब है क्यों कि यू पी एस स्कीम की प्रस्तावना और क्रियान्वयन भी अभी तय नहीं हुआ और छत्तीसगढ़ सरकार ने उसे लागू कर दिया उक्त स्कीम के नीति नियम अनुसार सरकारी के साथ साथ गैर सरकारी व्यक्ति भी इस स्कीम को ले सकता है अतः योग्यता के आधार पर कॉम्पटीशन फेस करके शासकीय सेवा में आए कर्मचारियों और गैर सरकारी में कोई भी अंतर नहीं रह जायेगा और खजाना सिर्फ सरकार का ही भरेगा कर्मचारी न्यूनतम पेंशन से जीवन के अंतिम पड़ाव में आत्म निर्भर नहीं रह पायेगा।

विरोध पुलिस प्रशासन भी नहीं रोक पाई पुतला दहन, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी का जताया विरोध

ईडी की कार्रवाई का विरोध, कांग्रेसियों ने ईडी और केंद्र सरकार का फूंका पुतला

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा आज 19 जुलाई को ईडी और केंद्र सरकार का नेहरू चौक में पुतला दहन किया। दोपहर 12 बजे कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए ,और नारे के साथ नेहरू चौक गए। नरेंद्र मोदी डरता है ईडी को आगे करता है, तानाशाह मोदी मुर्दाबाद- मुर्दाबाद, अडानी को छत्तीसगढ़ बेचना है- कांग्रेस को फंसाना है, जल-जंगल-जमीन किसके नाम अडानी के नाम ,अडानी के नाम जैसे नारे लगाते हुए कांग्रेसी नेहरू चौक पहुंचे।

कांग्रेसी को आते देख पुलिस हरकत में आई और कोशिश की पुतला को छीन लिया जाए पर असफ़लता ही हाथ लगी और कांग्रेस के युवा ब्रिगेड ने पुतला को आग के हवाले कर दिया, पुलिस बोतल में पानी भरकर दौड़ती रही ,तब तक पुतला दहन कर दिया गया ,पश्चात कांग्रेसजन ताली बजाते हुए नारे लगाते रहे। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार प्री प्लानिंग के तहत काम कर रही है ,जिस प्रदेश में अडानी और केंद्र सरकार का विरोध होता है वहां के विपक्षी नेताओ को ईडी, सीबीआई और आईटी, ईओडब्लू के द्वारा जबरन फंसाया जा रहा है ,यह 2014 से लगातार चल रहा है ,ये आकंड़े ही ईडी की कार्यशैली को बयां कर रहे है । ईडी द्वारा 2014 से 2024 तक लगभग 7264 छापे मारे गए ,जिसमे से 5155 पर एफआईआर हुई,755 गिरफ्तारियां हुई और मात्र 63 लोगो को कोर्ट से सजा हुई ,इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि ईडी की कार्यवाही कोई पुख्ता सबूत के आधार पर नही होती।

अडानी को बचा रही सरकार: पाण्डेय

विजय पांडेय ने कहा कि कल की घटना जिसमे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र को ईडी ने गिरफ्तार किया, तमनार जंगल कटाई से जुड़ा हुआ है क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस विधायकों के साथ तमनार गए तो सरकार ने रास्ते को ही रोक दी और कल ही तमनार को लेकर विधानसभा में प्रश्न लगा था ,शायद केंद्र और राज्य सरकारों ने अडानी को बचाने के लिए यह खेल खेला है,ताकि अडानी एक्सपोज़ न हो । विजय पांडेय ने कहा कि जल,जंगल और जमीन छत्तीसगढ़ के धरोहर है, जिसके रक्षक आदिवासी समाज है, जिसने जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए आज भी आधुनिकता से दूर है पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर आदिवासियों को उनके हक से वंचित कर रहे हैं।

सुनो भाई उधो

गिरवी मं गोसइन

का नहीं पावक जर सकही,
का न समुद्र समाय।
का नहीं अबला कर सकही,
काल हूं का नहीं खाय।।

परमानंद वर्मा

पत्नियां आजकल रणचंडियों का रुप धारण कर पतियों को मौत के घाट उतारने में जरा भी नहीं हिचकिचा रहीं हैं वहीं एक उसका दूसरा रुप भी सामने आया है, वह कम आश्चर्यचकित नहीं है।

लाखों रुपयों के कर्ज में डूबे पति को मुक्त कराने के लिए एक पत्नी अपनी आबरु को दांव पर लगा दिया। समझौते के मुताबिक निर्धारित दिनों अथवा महीनों तक. वह युवती उस साहूकार की रातें रंगीन करती रहीं। इसी संदर्भ में पढिये छत्तीसगढ़ी रचना गोसइन गिरवी म।

अभांग भइगे, का अलकरहा समे आगे, बरपेली झपाय असन, आ बइला मोला मार कस चरित्तर होय ले धर ले हे? जउन ला नइ देखबे, नइ सुनबे, नइ गोठियाबे, बताबे ,कहिबे तउने हा आगू-आगू मं झपाय परत हे।

- 'का होगे बबा, का बड़े बिहनिया ले तोला बिच्छी मार दिस, कुकुर काट दिस ते सांप सूंघ दिस ते अपने-अपन बड़बड़ावत हस?

भकाड़ू के सवाल ला सुनके चंदराम गउंटिया बगिया जथे अउ कहिथे- 'अरे तोला देस-दुनिया के कांही खबर नइहे बुज्जेरी के अउ फुटानी मारे असन लपर-लपर गोठियावत रहिथस?

- 'अरे का बात होगे तउन ला तो पहिली बताबे मोर बबा?

- 'अरे का नइ होगे, का नइ होवत हे तेन ला पूछ? दुनिया रसातल मं जात हे बेटा, बस चारे दिन के जिनगानी हे तहां ले ये धरती खपलइया हे।

- 'तोर तीर वायरलेस संदेश आय हे का, धरती खपलाय के? लगथे ये बुढ़वा हा कुकुर मांस खा ले हे, सठियागे हे, एकर मगज खराब होगे हे, एला पागलखाना मं भरती कर देना चाही।

- 'हां... हां... बेटा, मोर मगज खराब होगे हे, पागलखाना मं भरती करे के लइक होगे हौं? जब सही बात ला बकरहूं, बताहूं ना तब सब के आंखी बग-बग ले बर जाही?

भकाड़ू गुनथे, जरूर कुछ न कुछ बात हे ए डोकरा बबा करा, तभे बगिया हे, नइते अइसन कभू गोठिअइया-बतइया नोहय? पूछथे- 'हां ता का बात हे बबा, काबर आज अतेक रोसियाय हस?

चंदराम गउंटिया बताथे- का बतावौं बेटा, मोर छाती फटत हे रे बेटा भकाड़ू। रोना चाहत हौं तब रो नइ सकत हौं, गोठियाना-बताना चाहत हौं तब उहू नइ कर सकत हौं। मोर जीव होवत हे के कब ये धरती फटय अउ ओमा मय सीता महारानी असन भकरस ले कूदके समा जावौं?

- 'कथा ला जादा मत लमा न बबा, तुलसीदास अउ बाल्किमी मन रमायन मं जइसन 'घोर-घोर चंदन घोर-घोर पानी असन कथा ला लमा-लमा के बताय हे, थोरे मं फेर सार ला बता। आज टीवी, मोबाइल अउ इंटरनेट के जमाना हे, एक बटन दबा सब कथा ला जान-सुन लेथे वइसने कस बता।

भकाड़ू के बात ला सुनके गउंटिया बताथे- 'बेटा, कलजुग के नांव सुने हस?

- 'हां सुने हौं।

- 'तब ओहर का कर दिस, ककरो बेटी,बहू, गोसइन ला लेके उढ़रिया भाग गे ते कहूं हतिया, खून-खराबा, डकैती, लूटपाट, भ्रष्टाचार, अनाचार करत हे या करावत हे?

- 'पइंती ला पा ले हस तइसे लागथे, कोनो मेर ले अइसन खबर सुने हस का बेटा?

- 'का खबर?

- 'जइसन गोठियावत हस।

- 'का गोठियावत हौं?

- 'अरे उही अनीति, अनाचार, बलात्कार!

- 'कोन करथे अइसन?

- 'तब तंय कइसे जाने असन गोठियावत हस?

- 'कइसे-कइसे गोठियावत हस बबा, साफ-साफ बता ना, तंय कहना अउ बताना का चाहत हस?

- 'का बतावौं भकाड़ू बेटा तोला रे, जइसन चरित्तर ये गांव मं नइ होय रिहिसे तइसन होगे? ओ रामलाल हे ना, ओहर अपन गोसइन ला एक महीना बर चुन्नीलाल सेठ करा गिरवी रख दे हे रे।

- 'काकी ला गिरवी रख दिस रामलाल कका हा। माइलोगिन मन ला घला गिरवी रखथे गा?

अब तक सोना-चांदी, खेत-खार, घर-द्वार ला गिरवी रखे के बात सुने हौं, फेर ये तो अलकरहा खबर हे।

ओहर गउंटिया ला पूछथे- 'अइसे काबर करिसे? तब भकाड़ू ला बताथे- 'बीस लाख के करजा होगे रिहिसे। बियाज ऊपर बियाज बाढ़त रिहिसे। छूटे नइ सकत रिहिसे, तब इही निरनय आखिरी मं लिस।

भकाड़ू पूछथे- तब काकी एकर विरोध नइ करिस गा?

गउंटिया बताथे- 'तोर काकी के चतवारे रस्दा हे, ओहर कहूं मना कर देतिस तब अइसन होतिस भला?

भकाड़ू कहिथे- 'राम... राम..., वाजिब मं घोर कलिजुग खपलागे हे बबा। तब, अब काकी कहां रइही? गउंटिया बताथे- कहां रइही, सेठ करा रइही, अउ कहां रइही?

- 'तब गांव वाले मन, ओकर समाज वाले मन कोनो विरोध नइ करिन।

गउंटिया कहिथे- 'जेकर खेत हे, धन हे, सोना-चांदी हे ओहर अपन पूंजी ला कांही करय, ओमा दूसर ला बोले के का हक हे? कहूं कोनो बात उठावत हे तब मालधनी कइही- मोर बीस लाख के करजा हे छूट दौ, तब का जवाब हे एकर कोनो करा?

आही कोनो आगू करजा छूटे बर? जेकर घर के लफ्ड़ा, बोजहा हे तउने जानथे, चटकारे मं बात नइ बनय

ये तो अंधेर नगरी चउपट राजा कस हाल हे बबा, 'देख रे आंखी सुन रे कान कस बाली सुग्रीव के कथा हे।

तहूं हा गा कोनो तुलसी दास ले कम नइ हस, कहां ले खोज के कथा ला गढ़े हस, अउ मोही ला सुनाय बर रिहिसे। जय सीताराम, सियाबर रामचंद की जय कहत भकाड़ू मुड़ी ला रमजत तरिया कोती नहाय धोये पर रेंग देथे।

संस्कृति को जीवंत रखने में हरेली तिहार का महत्वपूर्ण योगदान

हरेली तिहार छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण और प्राचीन त्यौहार है, जिसे वहां के लोग बड़े धूमधाम से मनाते हैं। 'हरेली' शब्द का अर्थ हरियाली से है, और इस त्यौहार का मुख्य उद्देश्य हरियाली और खेती का महत्व उजागर करना है। यह त्यौहार मुख्यतः कृषि प्रधान समाज के लिए समर्पित है, जहां किसान अपने खेतों की अच्छी फसल और समृद्धि की कामना करते हैं। पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा ज़िले में कल रविवार को हरेली तिहार उत्साह के साथ मनाया गया। ग्रामीणों व किसानों ने खेती-किसानी से जुड़े औजारों की पूजा की। इस मौके लोग एक पेड़ माँ के नाम से भी लगायेंगे।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने में हरेली तिहार का महत्वपूर्ण योगदान है। यह त्यौहार न केवल कृषि और हरियाली का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। इसके माध्यम से लोग अपने पूर्वजों की धरोहर और परंपराओं को संजोए रखते हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी इससे अवगत कराते हैं। इस प्रकार, हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और इसे बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस बार हरेली पर्व पर लोगों से एक पेड़ माँ के नाम लगाने की अपील की है।

त्यौहार की तैयारी : -

हरेली तिहार का आरंभ सावन महीने की अमावस्या से होता है। यह त्योहार मानसून के मौसम के आगमन का प्रतीक है, जो खेती के लिए सबसे अनुकूल समय माना जाता है। इस दिन गांवों में विशेष सफाई और सजावट की जाती है। घरों के आंगनों और खेतों में नीम के पत्तों, आम की पत्तियों और गोबर से अल्पना बनाई जाती है, जो शुभता और समृद्धि का प्रतीक है।

पारंपरिक पकवान

हरेली तिहार के अवसर पर विभिन्न पारंपरिक पकवान भी बनाए जाते हैं। चावल, दाल, सब्जियों और विभिन्न प्रकार की मिठाइयों का विशेष महत्व होता है। सबसे प्रमुख पकवान 'चीला' है, जिसे चावल के आटे और उरद दाल से बनाया जाता है। इसके अलावा 'फरहा', 'ठेठरी', 'खुरमी' और 'बबरा' भी प्रमुख पकवानों में शामिल हैं। यह पकवान घर की महिलाओं द्वारा बड़े प्रेम और लगन से बनाए जाते हैं और सभी परिवार के सदस्य मिलकर इन्हें खाते हैं।

खेल और मनोरंजन

हरेली तिहार के दौरान विभिन्न खेल और मनोरंजन के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। सबसे लोकप्रिय खेल 'गेंड़ी' है, जिसमें बच्चे और युवा लकड़ी की लंबी डंडियों पर चलकर खेलते हैं। यह खेल विशेष रूप से गांवों में बहुत उत्साह और उमंग के साथ खेला जाता है। इसके अलावा कबड्डी, खो-खो, और अन्य पारंपरिक खेल भी खेले जाते हैं, जो त्यौहार की रौनक को और बढ़ा देते हैं।

धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां

हरेली तिहार के दौरान लोग पारंपरिक वेशभूषा पहनते हैं और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। सबसे प्रमुख अनुष्ठान 'हल पूजा' है, जिसमें किसान अपने हल और कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं। वे अपने खेतों में हल चलाते हैं और भगवान से अच्छी फसल की प्रार्थना करते हैं। इस पूजा के दौरान हल, बैल और अन्य कृषि उपकरणों को सजाया जाता है और उन पर हल्दी, कुमकुम और फूल चढ़ाए जाते हैं। हरेली तिहार के अवसर पर लोग गौरी-गौरा की पूजा भी करते हैं। यह पूजा मुख्यतः महिलाएं करती हैं, जो गौरी-गौरा की मूर्तियों को सजाकर उन्हें विभिन्न प्रकार की मिठाइयों और पकवानों का भोग लगाती हैं। इसके बाद इन मूर्तियों को गांव के तालाब या नदी में विसर्जित किया जाता है।

हरेली तिहार का सामाजिक महत्व भी बहुत अधिक है। इस दिन गांव के लोग एक साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं, जिससे आपसी भाईचारा और सामुदायिक भावना को बल मिलता है। यह त्यौहार सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोगों को एकजुट करता है और समाज में एकता और समरसता का संदेश फैलाता है।

व्यंग्य रचना: मौज चाहिये तो जेल हो आओ



डॉ. किशोर अग्रवाल

कोर्ट का सिद्धांत है "जमानत नियम है और जेल अपवाद"। भोग विलास के लिए सात सितारा होटल ,गोवा ,बाली और बैंकाक तो पैसे खर्च के करके जाया ही जा सकता है पर मजा तो तब है कि अपने कुकर्मों से पकड़े जाकर जेल जाओ और वहां सश्रम कारावास पाकर पहली श्रेणी के कैदी का मर्तबा हासिल करो ।

तिहाड़ जेल के जेलर सुनील गुप्ता की किताब "ब्लैक वारंट" अगर पढ़ी हो तो जेल के भीतर के घाल-मेल की साफ झलक पा सकते हैं । आजादी के पहले पैंसठ प्रतिशत अंडर ट्रायल और पैंतिस प्रतिशत कनविक्टेड कैदी एक साथ जेल में बंद थे । क्या इसे सभ्य समाज कहा जा सकता है ? अब तो यह अनुपात छिहत्तर प्रतिशत विचाराधीन और चौबिस प्रतिशत सजायाफ्ता का हो गया है । तिहाड़ की तो छठा ही निराली है जहां बयासी प्रतिशत विचाराधीन और अठारह प्रतिशत सजायाफ्ता कैदी एक साथ रहते हैं । पर कहलाते हम सभ्य ही हैं। समाजवाद का इससे अच्छा उदाहरण कहां मिलेगा। अपना समाज तो देखें कि यहां जिसने किया है वह भी और जिनका पता नहीं वह भी आज हमारे आसपास साथ साथ ही रह रहे हैं , बस वे पकड़े नहीं गए हैं या जमानत पर छूटे हुए हैं।

जहां विचाराधीन कैदी ज्यादा हों वहां की ज्यूडिशरी के काम पर प्रश्न चिन्ह लगता ही है पर मीलार्ड को कुछ भी नहीं बोल सकते बोलते ही मीलार्ड के कुपित हो जाने का डर है ।

सश्रम कारावास बड़े मजे की चीज है। विशेष भत्ता मिलता है, स्पेशल भोजन मिलता है ,सजा में छूट मिलती है । जो काम ना कर सको तो भी बैठे-बैठे वेतन लो । बंदियों को काम देना जेल की जिम्मेदारी है ,वह निभाती भी है , काम न दे सके तो भत्ता देती है। सरकार तो यह भी नहीं निभाती , ना भत्ता देती है । तो जेल है न मजे की जगह । काम करते हुए अगर जेल में कोई सामान बनाते हैं तो जेलर ब्रांड जैसी ब्रांडिंग और कहां संभव है ? ब्रांड बनाने का सुख भी यहां उपलब्ध है । अंडर ट्रायल से काम लेना जरूरी नहीं होता पर यदि वह चाहे तो जेल उसे काम करने की अनुमति दे सकती है । मन किया तब काम करो न मन करे मौज में रहो।

कैदी बड़ी जरूरी चीज है , कैदी मदद ना करें तो जेल का कारोबार ना चले । खाना बनाना ,खाने का वितरण, प्लंबर, बिजली रिपेयर, ताले लगाने खोलने का काम , सभी कुछ तो कैदी करते हैं। अगर पढ़ना लिखना आता हो तो जेल की लिखित पढ़त के काम में जेल कर्मचारी भी इज्जत से बैठाते हैं । जेलर का बगीचा भी कैदी ही हरा रखते हैं । बाहर भला कहीं है इतनी इज्जत?

अगर पहुंच हो तो कैदी को स्टूडियो अपार्टमेंट भी मिल सकता है जिसमें सेपरेट बाथरूम मिलता है । न मिले तो बैरेकें तो होती ही हैं। अंडर ट्रायल बंदी सारा दिन टीवी देखते हैं । गपशप करते रहते हैं। खुली जगह में घूमते रहते हैं । सारे वेलफेयर के नियम जेल में कैदियों के लिये ही तो बनाए गये हैं ,बाहर ये मजा कहां। कैदियों के स्वास्थ्य और भोजन का बड़ा ध्यान रखा जाता है । सारे ह्यूमन राइट्स इन्हीं के लिए तो तैयार किये गए हैं । बीड़ी सिगरेट और दाल में घी का भी प्रावधान है । कभी बाहर किसी गरीब की दाल में घी देखा है आपने? यहां तो चेक होता है कि दाल में घी कम तो नही? बाहर जाकर बेचारा फिर ताले कैसे तोड़ पाएगा ,अगर कमजोर हो गया तो ? यहां अस्पताल की सुविधाएं अलग से हैं । बाहर के मजे लेने हो तो बड़े अस्पताल रेफर कराकर पिकनिक पर घूम आने की भी सुविधा है।

गंभीर अपराध का मजा ही कुछ और है । नए-नए आओ तो मीडियम सिक्योरिटी में रखते हैं पर हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखें तो श्रेणी माननीय की हो जाती है । इनोसेंट पकड़े जाकर जेल आए बंदियों को तो निरा बगलोल ही समझा जाता है । कन्विक्शन रेट तो चौबिस प्रतिशत ही है । बाकी केस या तो कानूनन स्ट्रांग नहीं होते या तो झूठे बने होते हैं तो दाखिल हों तो दमदार अपराध करके । बलात्कार करने वालों को तो कैदी तक हिकारत की नजरों से देखते हैं । इसलिए जेलर उन्हें इन बाकी कैदियों से बचाकर रखते हैं ,जेलर सुरक्षा देता है जी ।

विचाराधीन कैदी तो सालों साल जेल में पड़े रह सकते हैं। क्योंकि हमारे न्यायालयों में सुनवाई की कोई समयसीमा नहीं है बाहरी देशों में यह भले ही निर्धारित होती है। अपने यहां यह सुविधा है कि जितने दिन चाहे विचाराधीन होकर मौज करो । चालान की तो समयसीमा बना दी गई है ताकि जमानत की मौज मिल सके। पर विचाराधीन को तारीख पर तारीख मिलने के कारण कोई समयसीमा नहीं है । यही तो मौज है सरकारी खाना व सरकारी छत के नीचे रहना एकदम मुफ्त। एक चोरी के प्रकरण की सुनवाई में चौबिस साल लगे , है किसी और जगह इतने दिन मुफ्त मजे में मौज काटने की सुविधा? जितनी ज्यादा तारीख पड़ें वकीलों को उतना ही पैसा ।

और तो और आप अपनी पसंदीदा जेल भी ढूंढ सकते हो। नशे, पते ,बिरयानी आदि के सारे इंतजाम है । तिहाड़ के जस्सा जैसा कैदी बन सको तो जेल के भीतर अपनी जेल चला लो बंदियों से वसूली करो ,जेलर को भी दो ,अपने भी नोट बनाओ । बाहर से भीतर खाना मस्त है ,रोजगार की गारंटी है ,जुगत लगाकर अंदर अंडर ट्रायल दाखिल भर हो जाओ तो मजे ही मजे हैं । इज्जत-विज्जत बाहर वालों के लिए है एक बार अंदर हो जाओ फिर तो ठाठ ही ठाठ हैं । एक बार तुम आओ तो सही ।

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आपको अपने कार्यो के साथ ही किसी परिचित के कार्य से भी भागदौड़ करनी पड़ेगी।

वृषः आज के दिन आप अधिकांश समय असमंजस की स्थिति में रहेंगे जिस कार्य को करने के लिये लोग परामर्श देंगे आप उसका उल्टा ही करेंगे।

मिथुनः आज भी दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अन्य लोगो की गलती का लाभ आपको मिलेगा।

कर्कः आज का दिन आपको व्यावसायिक कार्यो के साथ ही कानूनी मामलों में भी विजय दिलाएगा।

सिंहः आज आप धर्म-कर्म के प्रति कुछ ज्यादा ही उत्साहित रहेंगे घरेलू अथवा अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य इस वजह से लंबित हो सकते है।

कन्या : आज का दिन भी शारीरिक दृष्टिकोण से उतार-चढ़ाव वाला रहेगा शरीर मे कुछ ना कुछ व्याधि लगी रहेगी।

तुलाः आज के दिन आप पूर्व में की गई मेहनत का फल मिलने से उत्साहित रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर आज आप अपने मनकी करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए मानसिक रूप से परेशानी वाला रहेगा स्वयं गलती करेंगे और डरेंगे भी।

धनुः आज के दिन आपको पारिवारिक अथवा व्यावहारिक दबाव के चलते कोई नापसंद कार्य करना पड़ेगा परन्तु इससे बाद में संतुष्टि ही होगी।

मकरः आज के दिन आपकी दिनचार्य अस्त व्यस्त रहेगी। आज आपका मन जल्द से किसी कार्य को करने का नही करेगा।

कुंभः आज का दिन काफी व्यस्तता भरा रहेगा आप काम की आपाधापी में शरीर की अवहेलना करेंगे लेकिन परिणाम अनुकूल मिलने से सभी परेशानियां भुला देंगे।

मीनः आज के दिन आप कार्यो के प्रति आरम्भ में गंभीर नही रहेंगे लेकिन घरवालो अथवा अन्य स्नेहीजन के ताने सुनकर जबरन कार्य करेंगे।

सूर्योदय : 05:48, सूर्यास्त : 07:17, चन्द्रोदय : 24:39, चन्द्रास्त : 14:00, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण, तिथि : दशमी, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : गण्ड, प्रथम करण : गर (14:41 तक), द्वितीय करण : वणिज (25:28 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : मेष, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) सिलिकोसिस रोग मुख्य रूप से किस पदार्थ के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होता है?

2) किस संगठन ने फ्यूचर ऑफजॉब्स रिपोर्ट 2025 जारी की?

3) कालिदास ने किस ग्रंथ में सती प्रथा का उल्लेख किया था ?

4) पगड़ी संभाल जट्टा आंदोलन 1907 में किस भारतीय क्रांतिकारी ने शुरू किया था?

5) हाल ही में दिवंगत के. एस. मणिलाल किस क्षेत्र से संबंधित थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सिलिका डस्ट (2) वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (3) कुमारसंभव (4) अजीत सिंह (5) वानिकी

शब्द सागर

संक्षिप्त खबरें

हरचरण सिंह साहनी ट्रांसपोर्ट चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये चेम्बर द्वारा ट्रांसपोर्ट चेम्बर रायपुर का गठन कर हरचरण सिंह साहनी को ट्रांसपोर्ट चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने हरचरण सिंह साहनी को बधाई देते हुए यह उम्मीद की है कि वे प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर को एक नई ऊंचाईयों पर लेकर जायेंगे।इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष -राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष-जितेन्द्र शादीजा, दिलीप इसरानी, मुकेश अग्रवाल अध्यक्ष बरमकेला इकाई, पुरूषोत्तम अग्रवाल बरमकेला, रवि सचदेव, भोलानाथ सेठ एवं महिला चेम्बर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता एवं टीम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों को भविष्य निर्माण में मिलेगी मदद

रायपुर /नवप्रदेश। जिले में ज्ञान और शिक्षा के प्रसार की दिशा में एक नई पहल स्मृति पुस्तकालय योजना को जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशन में 15 जुलाई से शुरू हुई इस योजना के तहत प्रतिदिन पुस्तक प्रेमी आगे आकर किताबें दान कर रहे हैं। योजना के तहत आज भी 8 दानदाताओं ने विभिन्न विषयों की 42 पुस्तकें दान की जिनमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर गाइडेंस और साहित्यिक रचनाएं शामिल थी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सभी दानदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कहा, विद्यार्थियों के पास यदि संसाधन हों, तो वे किसी भी ऊँचाई तक पहुँच सकते हैं। यह योजना उनके सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम है। पुस्तक दान करने वाले प्रमुख नामों में शामिल हैं नीरज कुर्रे, अमित कुमार आनंद, आर्य कुमार भोई, अर्जुन जांगड़े, प्रेमचंद साहू, कामदेव बंजारे, तोषणलाल साहू और तोरणदास मानिकपुरी। तोरणदास मानिकपुरी ने स्वरचित करियर मार्गदर्शन पुस्तिका भी दान की, जो योजना की उपयोगिता और व्यक्तिगत योगदान को दर्शाता है। आर्य कुमार भोई ने कहा,यह योजना उन छात्रों के लिए वरदान है जो किताबें खरीद नहीं सकते। मैंने प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित 6 पुस्तकें दान कीं ताकि उन्हें मदद मिल सके। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा 15 जुलाई 2025 से स्मृति पुस्तकालय योजना की शुरुआत की गई थी ताकि जरूरतमंदों को छोटी सी मदद मिल जाए, जिनसे उनके मुकाम मिलने में आसानी हो। इस योजना के तहत अब 41 दानदाताओं द्वारा 846 से अधिक पुस्तकें दान की जा चुकी हैं। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे इस पहल में भाग लें और पुस्तक दान करके समाज के निर्माण में सहभागी बनें।

कलिंगा विवि में छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान

रायपुर /नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय ने 16 जुलाई को छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम शिक्षा संकाय की डीन डॉ. श्रद्धा वर्मा और शिक्षा संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. सरोज नैयर के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिन्होंने सत्र की योजना बनाने और समन्वय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

व्याख्यान में चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय, धमधा और नवीन महाविद्यालय, पेंड्रावन की प्राचार्य प्रो. उषा किरण अग्रवाल, सम्मानित संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित थीं। एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता, प्रो. अग्रवाल ने छात्रों और शिक्षकों के सामने आने वाली मनोवैज्ञानिक चुनौतियों और शैक्षणिक वातावरण में भावनात्मक लचीलापन और कल्याण को बढ़ावा देने के महत्व पर अपनी गहरी अंतर्दृष्टि साझा की। विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों - जिनमें छात्र और संकाय सदस्य दोनों शामिल थे ने उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया।

निधन

कमला सकरिया

रायपुर /नवप्रदेश। शनिवार 19 जुलाई को कमला सकरिया का निधन हो गया है शोक सभा 20जुलाई को निज निवास स्थान पार्थिव प्रोविन्स पीपी 43 सरोना में रखा गया है ।जिनका अंतिम संस्कार 2.00 बजे से 3.00 तक टिकरापारा कब्रिस्तान में होगा । इष्ट मित्र रिश्तेदार परिवार प्रार्थना में याद रखें। आत्मा की शांति प्रदान करे ईश्वर आने का संदेश प्राप्त करें। - सजी सकरिया, पुत्री एलिसा सकरिया एवं परिवार जकरिया।

तहसीलदार संघ को राजस्व मंत्री ने दिया आश्वासन

रायपुर/नवप्रदेश। तहसीलदार संघ ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर मांगों के संबंध में चर्चा की. राजस्व मंत्री ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया. संघ की मांग में तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति, नायब तहसीलदार को राजपत्रित अधिकारी घोषित करने और शासकीय मोबाइल प्रदान करने जैसे कई प्रमुख मांगें शामिल हैं।

ये है 17 सूत्रीय मांगें

सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना-सभी तहसीलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्ढक्वक्र, चतह्र, नायब नाज़िर, माल जमादार, भृत्य, वाहन चालक, आदेशिका वाहक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की जाए। यदि संभव न हो तो संबंधित तहसील को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा की बाध्यता से मुक्त किया जाए।

तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति प्रक्रिया

सीधी भर्ती और पदोन्नति का अनुपात पूर्व की भांति 50-50 रखा जाए और पूर्व में की गई घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।

नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने की मांग-इस आशय की पूर्व घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।

ग्रेड पे में शीघ्र सुधार-तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लंबित ग्रेड पे सुधार को शीघ्र किया जाए।

शासकीय वाहन की उपलब्धता-सभी तहसीलों में कार्यवाही, प्रोटोकॉल एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी हेतु शासकीय वाहन व चालक की व्यवस्था हो या वाहन भत्ता प्रदान किया जाए।

निलंबन से बहाली-बिना वैध प्रक्रिया, नियमित आदेश या अभियोजन कार्रवाई से प्रभावित तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों को 15 दिवस में जांच पूर्ण कर बहाल किया जाए।

न्यायालयीन प्रकरणों में आदेशों का पालन-न्यायालयीन मामलों को जनशिकायत/जनशिकायत प्रणाली में स्वीकार न किया जाए।

न्यायालयीन आदेशों पर एफआईआर नहीं -न्यायाधीश प्रोटेक्शन एक्ट1985 के सन्दर्भ मे शासन द्वारा जारी आदेश 2024 का कड़ाई से पालन किया जाए। हर वो मामला जिसमे अपील का प्रावधान सहिता में निहित हैं तो किसी भी अन्य न्यायालय में परिवाद पेश ना कि जा सके। जिससे FIR कि स्थिति ना बने (केवल न्यायालयीन प्रकरण के सन्दर्भ में)।

कोर्ट में उपस्थिति व्यवस्था-यायालयीन कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रोटोकॉल ड्यूटी से पृथक व्यवस्था की जाए। लैबोरेटरी भुगतान एवं ऑफर आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ की नियुक्ति के लिए तहसीलदार को अधिकृत किया जाए। प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति Agristack, स्वामित्व योजना, e-Court, भू-अभिलेख जैसे तकनीकी कार्यों के लिए प्रशिक्षित ऑपरेटर नियुक्त किए जाए। SLR/ASLR की बहाली तहसीलदारों की पर्याप्त संख्या को देखते हुए SLR/ASLR को पुनः भू- अभिलेखीय कार्यों हेतु बहाल किया जाए व्यक्तिगत मोबाइल नंबर की गोपनीयता आईटी की भांति पदेन शासकीय मोबाइल नंबर और डिवाइस प्रदान किया जाए। राजस्व न्यायालयों की सुरक्षा हेतु सुरक्षाकर्मी जाए. प्रत्येक तहसील में सुरक्षा कर्मी की तैनाती एवं फील्ड भ्रमण हेतु वाहन उपलब्ध कराया।

महालेखा परीक्षक ने स्काई वॉक को बताया फिजूलखर्ची

❖ बिजली विभाग के साथ अन्य सरकारी विभागों की खोली पोल

रायपुर /नवप्रदेश। शुक्रवार को एक तरफ जहां पूरे प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की चर्चा हो रही थी, उस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ विधानसभा में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक याने सीएजी की विस्फोटक रिपोर्ट पेश कर रहे थे.सीएजी ने न केवल राजधानी रायपुर में एक बार फिर से निर्माण शुरू किए जाने की वजह से चर्चा में आए स्काई वॉक को फिजूलखर्ची बताया है, बल्कि बिजली विभाग सहित अन्य विभागों की खामियों को उजागर किया है। नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में बताया गया कि स्काई वॉक के निर्माण की परियोजना को छत्तीसगढ़ शासन ने जल्दबाजी में शुरू किया था. परियोजना के लिए प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किए बिना निर्माण के लिए टेंडर बुलाया गया था।

यही नहीं कंसल्टेंट द्वारा टेंडर के पहले चरण का काम पूरे किए बिना ही कार्यादेश जारी कर दिया गया था. इससे काम पूरा होने में बाधा उत्पन्न हुई. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्काई वॉक के ड्राइंग डिजाइन में किए गए संशोधन में परियोजना की लागत बढ़ा दी. इससे इसके पूरा होने में और देरी हुई. जिसके कारण यह योजना अधूरी रह गई।

खराब मीटर बदलने में देरी का खामियाजा

वहीं अन्य कारणों के साथ खराब मीटरों को बदलने में हुई

विद्युत विभाग को मिला कम राजस्व

इसके अलावा रिपोर्ट में विद्युत विभाग से जुड़े कामों में सरकार को हुए बड़े नुकसान का जिक्र किया गया है. रिपोर्ट में राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड में उपभोक्ता बिलिंग और संग्रहण दक्षता पर अनुपालन लेखापरीक्षा की. इसमें कहा गया है कि वर्ष 2017-18 से 2021-22 के दोरान उपभोक्ताओं को ऊर्जा वितरण के दौरान 9283.38 करोड़ के एमयू (मिलियन यूनिट) नष्ट हो गए. इससे कंपनी को 2157.15 करोड़ का राजस्व कम मिला।

65 फीसदी युवाओं को ही दे सका प्रशिक्षण

रिपोर्ट के मुताबिक, शासन ने वर्ष 2022 तक 1.25 करोड़ कार्यशील आबादी को प्रमाणित कुशल तकनीशियन के रूप में प्रशिक्षित करने के लक्ष्य रखा है. जबकि छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण ने पूरे राज्य में वर्ष 2014-23 के दौरान 7,27,039 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य के विपरीत 4,70,302 प्रशिक्षुओं (65 प्रतिशत) को ही प्रमाणित कर सका।प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत, 17,504 के लक्ष्य के विपरीत केवल 8.481 (48 प्रतिशत) युवा सफलतापूर्वक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए और परीक्षा में उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं में से 3,312 (39 प्रतिशत) को नियोजित नहीं किया जा सका. 9 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इन प्रमाणपत्रों को मान्यता नहीं देने से प्रशिक्षु प्रभावित हुए तथा रोजगार और आजीविका प्राप्त करने का उद्देश्य पूरी तरह से प्राप्त नहीं किया जा सका।

ईडी की दुर्भावनापूर्वक कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस ने धरना दिया

रायपुर /नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी के द्वारा की गई दुर्भावना पूर्वक कार्यवाही और गिरफ्तारी के विरोध में राजीव गांधी चौक पर मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ कांग्रेस के विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध जताया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा, लखेश्वर बघेल, भोलाराम साहू, राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक देवेंद्र यादव, विक्रम मंडावी, रामकुमार यादव, यशोदा वर्मा, अंबिका मरकाम, सावित्री मंडावी, बालेश्वर साहू, अटल श्रीवास्तव, चतुरी नंद, हर्षिता बघेल, संगीता सिन्हा, कविता प्राण लहरे राघवेंद्र सिंह, विद्यावती सिदार, उत्तरी जांग?, संदीप साहू, द्वारकाधीश यादव, जनकराम ध्रुव, फूल सिंह राठिया, व्यास कश्यप, शेषंराज हरबंस, इंद्र साव मंडावी, ओंकार साहू, दिलीप लहरिया, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, गिरीश देवांगन, महेन्द्र छाबड़ा, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, अजय साहू, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, एनएसयुआई अध्यक्ष नीरज पांडे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, गिरीश दुबे, उधो वर्मा, राजेश ठाकुर, प्रवक्ता सत्यप्रकाश सिंह, अजय गंगवानी, ऋषभ चंद्राकर, श्रीवास एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

कौशल प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं को मिलेगा मंच

■ रायपुर में 21 से 23 जुलाई तक होगा कौशल तिहार 2025 का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा 21 जुलाई से 23 जुलाइ तक कौशल तिहार 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करना तथा प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनके कौशल का प्रदर्शन करना है।

विभागीय अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिताओं का आयोजन राज्य एवं जिला स्तर पर दो आयु वर्गों में किया जाएगा - 22 वर्ष से कम आयु वर्ग एवं 22 से 45 वर्ष के मध्य आयु वर्ग में आयोजित किया जाएगा 7 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रतियोगिता में विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, उन्हें विश्व कौशल प्रतियोगिता, शंघाई 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी मिल सकता है।

जिले स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा :- ग्रीन एनर्जी सेक्टर - 21 जुलाई को लाइवलीहुड कॉलेज, जोरा में होगा।

व्यापम ने जारी किए आवश्यक दिशा-निर्देश

कड़ी सुरक्षा में आयोजित की जाएगी व्यापमं की परीक्षाएं

❋ सुचारु परीक्षा आयोजन अभ्यर्थी दिशा-निर्देश का पूर्णत: करें पालन

रायपुर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाली परीक्षाओं हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने परीक्षाओं की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। व्यापम द्वारा परीक्षा केंद्रों के लिए कड़े दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता से बचा जा सके। व्यापम द्वारा परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है- परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके।परीक्षा के समय से 15 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा, समय का विशेष ध्यान रखे। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये, फुटवियर में चप्पल पहनें, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है, परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधे घंटे एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में, परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है 7 परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है, परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट निकलवाएं और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा में प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र के अलावा मतदाता परिचय पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस /पेन कार्ड / आधार कार्ड, इसमें से कोई भी एक मूल पहचान पत्र जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा।

चक्काजाम | 22 जुलाई को छत्तीसगढ़ में आर्थिक नाकेबंदी का ऐलान

चैतन्य की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस की बड़ी बैठक

रायपुर।नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस की एक बड़ी बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुई. इसी बैठक में सरकार, उद्योगपति और केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ कांग्रेस ने 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी करते हुए चक्काजाम करने का फैसला लिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रेसवार्ता में कांग्रेस पार्टी के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि पेड़ कटाई को लेकर नेता प्रतिपक्ष के द्वारा विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया गया था. इससे ध्यान भटकाने के लिए सुबह छह बजे रेड पड़ी. पिछली बार भी रेड मारी गई थी, लेकिन इस बार मैं विधानसभा पहुंचने में सफल रहा। भूपेश बघेल ने बताया कि विधानसभा में मुझे सूचना आई की मेरे बेटे को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है. दस मार्च के बाद कल सीधे गिरफ्तारी कर ली गई. इस बीच कोई नोटिस नहीं दिया गया. ईडी की इस अवैधानिक कार्रवाई का सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बीजेपी के सोची-समझी रणनीति है. चाहे देवेंद्र यादव हों, सतनामी समाज के नेता हों, उन्हें एक केस में फंसाया. आदिवासी की आवाज खत्म हो इसलिए कवासी लखमा को जेल में डाला. मेरा बेटा जो राजनीति में भी नहीं उसे भी टारगेट किया है।

पेड़ कटाई का विरोध

उन्होंने कहा कि पेड़ कटाई का विरोध कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने किया। कांग्रेस के नेताओं पर चुन-चुन कर कार्रवाई कर रहे हैं. दूसरी तरफ अदानी को छत्तीसगढ़ सौंप देना चाहते हैं. कल विधानसभा में नारा लगा 'एक पेड़ माँ के नाम, बाक़ी सब बाप के नाम'. ये किसी एक नहीं पूरे प्रदेश की लड़ाई है।

बेनकाब हो चुकी है भाजपा सरकार

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रेस वार्ता में कहा कि बीजेपी की सरकार जनता के सामने बेनकाब हो चुकी है. बस्तर से लेकर सरगुजा तक जल, जंगल, जमीन लूट रही है. छत्तीसगढ़ में लॉ एंड ऑर्डर खत्म हो चुका है. सभी मुद्दों पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी सरकार के खिलाफ मज़बूती से लड़ रही है. जनता के बीच सरकार की नाकामी स्थापित करने में हम सफल रहे हैं।

डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी हुई ९० लाख की ठगी का शिकार

रायपुर/नवप्रदेश। नया रायपुर के सेक्टर 27, ब्लॉक की निवासी माया तिवारी (61 वर्ष) ने थाना राखी में 90 लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। उनकी शिकायत के आधार पर राखी पुलिस ने भा.न्या.सं. की धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय में पदस्थ डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी ने आरोप लगाया कि फर्जी ऑनलाइन ट्रेंडिंग कंपनी बुल मार्केट और easinegyan.pro के जरिए उनसे 89,67,855.72 रुपये की ठगी की गई। माया तिवारी ने बताया कि 3 मार्च 2025 को उनके फेसबुक पर easinegyan.pro का एक विज्ञापन दिखा, जिसमें The Times of India के नाम से शासन के समर्थन से भारी मुनाफे का दावा किया गया था। विज्ञापन में लिखा था, "Thrive Even in a Crisis! How Revolutionary Technology will Allow You to Earn Over Rs. 1,95,000 a Month with Government Support." लिंक क्लिक करने पर एक वीडियो दिखा, जिसमें अधिक रिटर्न का लालच दिया गया. इसके बाद उन्होंने फ्री रजिस्ट्रेशन के लिए अपना नाम, ईमेल और मोबाइल नंबर दर्ज किया. रजिस्ट्रेशन के बाद, जारा अली खान नाम की एक महिला ने उनसे संपर्क कर बुल मार्केट कंपनी में निवेश का लालच दिया. इसके बाद कई खाता प्रबंधकों, जिनमें अनिता शर्मा, सुनीता शर्मा, विग्नेश कुमार (कोच्ची), संजीव कपूर, और दक्ष अग्रवाल शामिल हैं, ने उनसे संपर्क कर विभिन्न खातों में निवेश करवाया. 3 मार्च से 23 मई 2025 तक माया तिवारी से यूपीआई, आरटीजीएस, और आईएमपीएस के जरिए कुल 73,40,628 रुपये (आरटीजीएस) और 16,27,227.72 रुपये (यूपीआई) का निवेश करवाया गया।

कलेक्टर ने लिया नियद नेल्लानार योजना के प्रगति की समीक्षा बैठक

❖ स्वीकृत विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के दिए निर्देश

❖ अबुझमाड़ के 56 गांवों में पहुंच रहीं शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली और संचार जैसी मूलभूत सुविधाएं

नारायणपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप माओवाद प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में विकास की रोशनी पहुंचाने हेतु प्रारंभ की गई महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार (आपका अच्छा गांव) योजना की प्रगति जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्हेंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

इस योजना के अंतर्गत अबूझमाड़ के दुर्गम और पहुंचविहीन क्षेत्रों में लगातार सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, मोबाइल नेटवर्क जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुँचाई जा रही हैं। अब तक कस्तुरमेटा, ईरकभट्टी, होराडी, गारपा, मसपुर, मोहंदी, कच्चपाल, कोडलियर, कुतूल, बेडमाकोटी, पदमकोट, कान्दुलनार, नेलांगुर, पांगुड और रायनार में कैंपों के माध्यम से 56 गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। नियद नेल्लानार योजना के तहत ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, स्कूल, आंगनबाड़ी, उप-स्वास्थ्य केंद्र, राशन कार्ड, सिंचाई हेतु बोरवेल, सोलर पंप, खेल मैदान, बिजली, कौशल विकास, वनाधिकार पट्टा, मोबाइल टावर और बस सेवा जैसी अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बैठक में मौसमी बिमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ममगाईं ने जिले के चिन्हित ग्रामों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। विशेष रूप से उन्होंने पेयजल, सड़क निर्माण, सौर ऊर्जा, नलजल योजना, आधार व जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता, आंगनबाड़ी भवन, खेल मैदान और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत (कैंप) के नोडल अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा में पूर्णता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, उप संचालक समाज कल्याण डी.के. कोशले, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. राजेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, उप संचालक पंचायत श्री विक्रम बहादुर, उप संचालक कृषि श्रीमती मोनिका ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के कार्यापालन अभियंता संजय चौहान, पीएमजेएसवाई के विनय वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

बिजली दर में वृद्धि के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया प्रदर्शन

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती बिजली दरों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा अब सड़कों पर फूट पड़ा है।आज नरहरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरोना बिजली विभाग के कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कार्यालय का घेराव करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ तीखे नारे लगाए और राज्यपाल के नाम बिजली विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान पूरा इलाका बिजली दर वृद्धि वापस लो जनविरोधी भाजपा सरकार मुर्दाबाद किसानों का शोषण बंद करो जैसे नारों से गूंज उठा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी देते कहा है कि यदि राज्य सरकार ने इस जनविरोधी निर्णय को वापस नहीं लिया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।सरोना में आयोजित इस धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जबरदस्त जोश देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए।क्षेत्र में घंटों तक बिजली दर वृद्धि वापस लो किसानों का हक वापस दो जनता का शोषण बंद करो जैसे नारों की गूंज सुनाई देती रही।कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी पर धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रोहिदास शोरी कांग्रेस के वरिष्ठ आदीवासी नेता सरजू शोरी जोन प्रभारी मुकेश रजक,पूर्व जनपद अध्यक्ष कौशल्या शोरी, संजू लता नेताम पूर्व जनपद सदस्य कमल धुर्वा ललिता शोरी, देवली गावड़े, संत राम मरकाम आईटी सेल विधानसभा अध्यक्ष फैजल मेमन शिवंकित श्रीवास्तव अमन गायकवाड़ शेष गजबिए चंद्रलोक ठाकुर राजा ठाकुर प्रदेश सचिव राजू दुबे, मनोज निषाद भौम सिंह नाग पूर्व सरपंच महंत नरेटी, राजकुमार नाग, भिखम शोरी, प्रकाश द्विवेदी, जगदेव मंडावी, मनोज निषाद, हलाल नेताम, भुनेश्वर नेताम,अजय नेताम, अजय ठाकुर शिविर जैन, ममता जैन गीता निषाद सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को

नारायणपुर/ नवप्रदेश। जुलाई दिन रविवार को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा पूर्वान्ह 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग एवं नकल आदि पर रोक लगाने तथा पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्रों की आकस्मिक जांच के लिए उड़नदस्ता दल गठित किया गया है।

पूर्व सीएम के घर ईडी की दबिश से गुस्साए कांग्रेसियों ने ईडी व भाजपा सरकार किया पुतला दहन

भाजपा ईडी के खिलाफ़ जमकर नारेबाजी कर जताया विरोध प्रदर्शन

कांकेर / नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के ऊपर की गई छापेमारी की कार्यवाही के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा द्वारा पुराना बस स्टैंड में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा सरकार के द्वारा ईडी का दुरुपयोग न केवल लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रहा है बल्कि हमारे संविधान की मूल भावना पर भी हमला कर रहा है। ईडी, जो एक स्वतंत्र जांच एजेंसी होनी चाहिए, आज भाजपा के लिए एक राजनीतिक हथियार बन गई है। इसका प्रयोग विपक्षी दलों को कमजोर करने, उनके नेताओं को डराने और लोकतांत्रिक आवाज को कुचलने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है,ताकि कि वे जनता के मुद्दों को उठाने से पीछे हट जाए। यह केवल हमारे शीर्ष नेतृत्व तक सीमित नहीं है, बल्कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं,नेताओं, परिवारों और समर्थकों को भी लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। बिना किसी ठोस आधार के उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं, गिरफ्तार किया जा रहा है और छापेमार की कार्यवाही करके मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है । आज के इस पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष चाकेश्वर गढ़पाले,यासीन कराणी, हेमनारायण गजबल्ला,मनोज जैन रोमनाथ जैन सरजू शोरी,मृदुला भास्कर अजय रेणु,शिवांकित श्रीवास्तव, खोमेन्द्र उइके, लोमेन्द्र यादव, उदयप्रकाश शर्मा, कमल ध्रुवा, मतीन खान, ओमप्रकाश देवांगन,चंद्रलोक ठाकुर,मुकेश तिवारी, आदर्श गुप्ता,अनमोल मंडावी,शेष गजबिए, विजय यादव,कमल नागवंशी, फैजल मेमन, नरसिंग तेता, पवन कांगे, निरंजन भास्कर,नीलेश कौशिक आदि उपस्थित थे।

दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोदाभाट स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विशेष विद्यालय कांकेर में 19 जुलाई 2025 माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांकेर द्वारा दृष्टि एवं श्रवण बाधित विशेष विद्यालय में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, श्रीमती शांति प्रभु जैन ने विद्यालय का निरीक्षण किया और बच्चों के साथ बातचीत करके उनका हालचाल जाना।श्रीमती जैन ने बच्चों को चॉकलेट और फल वितरित किए और अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य होते हैं।इसलिए उनके स्वास्थ्य शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए समाज को मिलकर काम करना चाहिए।उन्होंने बच्चों की समस्याओं को समझने का प्रयास किया और उन्हें आश्वासन दिया कि शासन-प्रशासन उनके कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर, उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें समाज में समावेशिता को बढ़ावा देने में सहायक हैं, जिससे प्रत्येक वर्ग को समान अवसर मिल सकें। शिविर में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की जानकारी विशेष शिक्षकों, खेलने के स्थानों, भोजन कक्ष, शौचालय और अध्ययन कक्ष का निरीक्षण किया गया।शिविर में राज पटेल अधीक्षिक शा.दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्य विशेष विद्यालय जिला कांकेर, विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

परीयना विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिला ग्रंथालय में लिया ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण

नारायणपुर/ नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के कुशल मार्गदर्शन में जिला ग्रंथालय गरांजी एजुकेशन हब में एक अनूठे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर परीयना आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को खगोल विज्ञान केंद्र और जिला पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया, साथ ही चलित संसाधनों और वैज्ञानिक उपकरणों के माध्यम से उन्हें महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने टेलिस्कोप के प्रयोग, ग्रह-नक्षत्रों की पहचान, अंतरिक्ष विज्ञान की मूल अवधारणाओं और पुस्तकालय की उपयोगिता के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए रोचक रहा, बल्कि उनके वैज्ञानिक सोच, तार्किक विश्लेषण और पाठ्येतर ज्ञान को भी मजबूती प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ।

इस अवसर पर प्रभारी ग्रंथपाल श्री रजनीश मिश्रा ने बताया कि ÷बच्चे स्कूलों में विज्ञान और भूगोल को तो पढ़ लेते हैं, लेकिन उन्हें व्यवहारिक रूप से इन विषयों को समझने का अवसर कम ही मिल पाता है। जिला ग्रंथालय में यदि वे नियमित रूप से आएं, तो उन्हें कई चीज़ों को प्रैक्टिकल रूप से समझने में आसानी होगी। बच्चों को यहां आकर टेलिस्कोप से अंतरिक्ष के ग्रह-नक्षत्रों को दिखाया जा रहा है, जो उन्होंने अब तक सिर्फ किताबों में देखा था। इस तरह की वास्तविक जानकारी बच्चों के भीतर विज्ञान के प्रति रुचि और समझ को और मजबूत करती है।÷ जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल द्वारा इस आयोजन का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं को समझा और ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया।

सड़कें बनीं गोशाला, आदेश बने मज़ाक – प्रशासन की चुप्पी से बढ़ा खतरा!

भोपालपटनम में प्रशासन ने दी चेतावनी, पर ज़मीन पर नहीं दिखी कार्रवाई

भोपालपटनम/नवप्रदेशञ दैनिक नव प्रदेश में 21 जुलाई 2024 को ÷ नगर नहीं, नरक पंचायत में आपका स्वागत है शीर्षक से खबर प्रकाशित किया गया था किन्तु कुछ लोगों को नागवार गुजरा। समस्या वर्तमान में जस की तस है। नगर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। हाल ही में भोपालपटनम नगर पंचायत ने माइक से सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि सड़क पर मवेशी दिखे तो होगी कड़ी कार्रवाई! परंतु यह आदेश भी अन्य औपचारिकताओं की तरह केवल घोषणा बनकर रह गया है।

हकीकत यह है कि अंतर्राज्यीय मार्ग सहित पूरे नगर की सड़कें आज गोशाला में तब्दील हो चुकी हैं। मवेशी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे रोजाना हादसे हो रहे हैं – आम नागरिक घायल हो रहे हैं, वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं,

जनता की परेशानियाँ, प्रशासन की खामोशी

सड़कों पर मवेशियों की भरमार: हर मोड़ पर गाय, नंदी और बछड़े–सड़क दुर्घटनाओं का आम कारण

हर दिन हादसे: स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और बाइक सवार सबसे अधिक प्रभावित

मवेशियों की भी मौत: शासन की लापरवाही जानवरों के लिए भी जानलेवा साबित हो रही

सिर्फ आम नागरिकों पर सख्ती?: प्रशासनिक चूक पर कोई जवाबदेही नहीं

और दुर्भाग्यवश मवेशियों की जानें भी जा रही हैं और दुपहिया वाहन वाले दुर्घटना का शिकार हुए हैं।

ज्ञात हो कि अंतर्राज्यीय मार्ग होने के बड़े मालवाहक चौपहिया वाहन का आवागमन अनवरत जारी रहता है। चालकों को भी आवारा पशुओं का झुण्ड में मार्ग बैठने से वाहन चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन नगर पंचायत, जागरूक नागरिक और जनप्रतिनिधि धृतराष्ट्र की तरह आंख पर पट्टी बांध कर रखा है।

अब जनता पूछ रही है

क्या नगर पंचायत की जिम्मेदारी सिर्फ माइक से चेतावनी देना है?

अगर आम नागरिक की गलती पर चालान हो सकता है, तो प्रशासन की लापरवाही पर कौन जवाबदेह?

क्या ये आदेश सिर्फ दिखावा थे?

जरूरत है ज़मीनी कार्रवाई की, नहीं तो जनता का विश्वास टूटेगा

अब समय आ गया है कि सिर्फ घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस कदमों से हालात बदले जाएं। जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो, और नगर को सुरक्षित बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास हों।

सिर्फ माइक से कानून नहीं चलता, जब तक जिम्मेदारों पर एक्शन नहीं पड़ता!

जनहित में जागरूकता अभियान जारी – अगर आप भी इससे सहमत हैं, तो अपनी आवाज़ उठाइए।

वॉक-इन-इन्टरव्यू का आयोजन 23 को

नारायणपुर/ नवप्रदेश। जिला प्रशासन नारायणपुर द्वारा संचालित परियना जेईई, नीट कोचिंग सेंटर एजुकेशनहब गराजी नारायणपुर हेतु शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों को अध्ययपन कार्य कराये जाने हेतु विषयवार विषय विशेषज्ञ, अतिथि शिक्षकों की पूर्ति के लिए इच्छुक अभ्यिर्थियों से आवेदन आमंत्रित कर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण किया जाना है। इस हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू का आयोजन 23 जुलाई 2025, दिन बुधवार को पूर्वान्ह 10.30 बजे से आवेदन फार्म जमा एवं मूलप्रमाण पत्रों व अन्य अभिलेखों का सत्यापन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नारायणपुर के कक्ष क्रमांक 74 में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित फार्म प्रारूप में आवेदन पत्र पूर्ण कर मूल प्रमाण पत्र व अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में वॉक-इन-इन्टरव्यू स्थल में उपस्थित हो सकते हैं।

पेज 1 का शेष

ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ...

नेहा पठान, पांडु, पद्मावती, हर्षा साय और बय्या सनी यादव के नाम भी जांच में हैं। इन पर जंगली रम्मी, ए23, जीतविन, परिमैच और लोटस365 जैसे प्लेटफॉर्म्स के प्रचार का आरोप है, जो मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल हैं।

हादसों का वार रहा ...

शोरी, निवासी सिंघनपुर, सूरज उइके और दीपक, निवासी ग्राम डुंडेरापाल केशकाल के निवासी हैं वहीं प्रीतम नेताम और पृथ्वीराज सलाम दोनों घायल हो गए हैं। फिलहाल पुलिस और फॉरेंसिक की टीम मौके पर मौजूद है और शवों को निकालकर जिला अस्पताल लाया जा रहा है। मृतकों के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई।

डिवाइडर से टकराई बस, एक की मौत

कांकेर जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडेल चौक के समीप तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर नैनी नदी पुल के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में बस हेल्पर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बस में सवार अन्य यात्रियों को राहत और बचाव दल की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया गया। चारामा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। बस की तेज रफ्तार और चालक का नियंत्रण खोना इस हादसे का कारण माना जा रहा है।

केशकाल में सड़क हादसा, दो ...

इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया और दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मामले की जांच जारी है।

नेता जी के बेटे ने नेशनल...

कराने स्टूडियों से कैमरामैन और ड्रोन भी मंगाया गया था। नेशनल हाईवे जाम करने पर वहां बड़ी गाडियों की कतार लग गई। लेकिन, किसी ने उन्हें कारें हटाकर रास्ता देने की बात कहने की हिम्मत नहीं जुटाई। नई कार खरीदने का जश्न और अपना टशन दिखाने के लिए यह सब किया गया था। जिसका रील्स बनाकर वीडियो को वेदांश ने अपनी आईडी से सोशल मीडिया में शेयर किया था. लेकिन, जब सोशल मीडिया में यह वीडियो वायरल हुआ, तब आईडी ही डिलीट कर दिया गया. लेकिन, अब सोशल मीडिया में यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है. हालांकि सर्च करने पर आईडी नहीं दिख रही।

वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि आठ-दस महंगी और लग्जरी गाडियां नेशनल हाईवे पर लाइन से खड़ी हैं, वहीं साइड में युवक जश्न मनाते मस्ती करते नजर आ रहे हैं। सड़क जाम होने से वाहन चालकों के साथ ही लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह वीडियो चर्चा का विषय बन गया है।

सोशल मीडिया पर पुलिस को भी जमकर ट्रोल किया जा रहा है. कमेंट्स में लिखा जा रहा है कि पुलिस के नियम कायदे केवल सामान्य वर्ग के लिए है. रसूखदार और प्रभावशाली को खुली छूट है. वहीं वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस अनजान बनी हुई है. मामला दो थाना क्षेत्र हिर्री और चकरभाठा के आसपास का है. पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

दैवीय चमत्कार! 45 वर्ष ...

राजेंद्र साहू ने इस गढ्ढे को देखा, उसके बाद गांव के सरपंच साधराम चेचाम, कार्तिकराम, छोटे लाल साहू, भागवत, राम, जय राम, संदीप यादव, मोहन लाल, तुलसीराम सहित अन्य ने जब गढ्ढे को देखा तो आश्चर्य में पड़ गए, क्योंकि इस गड्ढे में चार दिनों के भीतर तालाब का पानी लगभग 85 प्रतिशत पानी समा चुका था।

45 वर्ष पुराना तालाब

गांव के सरपंच साधराम चेचाम ने बताया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि 45 वर्ष पुराने तालाब में अचानक से बड़ा सा गढ्ढा हो गया और पूरा तालाब का पानी खाली हो गया. आज तक ऐसी घटना कभी सुनने देखने को नही मिली थी. इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

ग्रामीणों ने शुरू की पूजा-अर्चना

गांव के तालाब में अचानक से गढ्ढा हो जाने से और तालाब का पूरा पानी पताल लोक में चले जाने की घटना को ग्रामीण एक दैवीय चमत्कार और घटना मान रहे है. कई ग्रामीण स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना भी कर रहे हैं. यही नहीं आसपास के गांव के लोग घटना को सुनकर देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के ...

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वे बीजेपी सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ न डरेंगे ना झुकेंगे लड़ाई जारी रहेगी। चैतन्य बघेल के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि ईडी की ओर से पांच दिन की रिमांड मांगी गई थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

पार्टी भूपेश बघेल के साथ: प्रियंका गांधी वाड्रा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार सुबह एक्स पर पोस्ट साझा कर छत्तीगढ़ की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और लिखा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अदाणी को दे दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जंगलों को बर्बाद किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे। लेकिन उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह ईडी ने छापा मार दिया। इतना ही नहीं उनके बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया। आगे लिखा कि बीते 11 वर्षों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं। लेकिन ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल के साथ मजबूती से खड़ा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

परिशिष्ट "अ"

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा संख्या : 93 - एस एन टी- परियोजना-निविदा - 2025 दिनांक: 11.07.2025

कार्य का नाम: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिवीजन के बिलासपुर-न्यू कटनी जंक्शन सेक्शन में कवच के लिए 4x48 (एफ) ऑप्टिकल फाइबर केबल बैकबोन के प्रावधान हेतु ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति, परिवहन, खुदाई, बिछाने, बैकफिलिंग, क्षैतिज दिशात्मक ड्रिलिंग, एचडीपीई पाइप डालने, ब्लोविंग, जोड़ना, टर्मिनेशन और ऑप्टिकल फाइबर केबल की कमीशनिंग और हट्स का निर्माण / संशोधन / विस्तार।

निविदा मूल्य : 62,39,00,633.80 (रुपये बासठ करोड़ उनतालीस लाख छह सौ तैंतीस और अस्सी पैसे मात्र) अमानत राशि : 32,69,500.00 (रुपये बत्तीस लाख उनहत्तर हजार पांच सौ मात्र). निविदा जमा करने की तिथि तथा समय : दिनांक 08.08.2025 को 12.30 बजे तक.

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उससे देख सकते हैं।

उप-मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजी(परियोजना)

सीपीआर/10/AM/173 द.पू.म.रेलवे/बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

■ न्यूज गैलरी

कोकपुर में जिला स्तरीय स्वच्छता श्रमदान का आयोजन.....

कांकेर / नवप्रदेश। शनिवार को ग्राम कोकपुर में जिला स्तरीय स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रमदान कर गांव के गली,मुहल्ला धार्मिक स्थल, स्कुल एवं षहीद स्मास्कों में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता श्रमदान के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति किरण नुरेटी के द्वारा पौधारोपण करते गांव के लोगों को भी पौधारोपण करने प्रेरित किया और कहा कि एक पेड़ मां के नाम जरुर लगाये और उसका देखभाल भी एक षिषु की तरह करे जब पौधा संभल नही जाता। स्वच्छता श्रमदान करने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति किरण नुरेटी,जिला पंचायत सदस्य सुश्री मृदुला भास्कर,सरपंच श्रीमती निषा दुग्गा,उपसरपंच चुनेष्वर जैन, पुर्व सरपंच प्यारसिंग मण्डावी प्रभारी प्राचार्य श्रीमति तुलसी मण्डावी अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री सुषील पोटाई, वाटरऐड अजहर कुरैषी,एपीओ गुप्तेष्वर रंगारे,जिला संमवयक बाल मुकुंद देवांगन,षैलेन्द्र निशाद,विजय कुमार रामटेके,दुखीराम केरकेट्टा,कौषल सिन्हा,साक्षी सिन्हा,रवि साहू,विनित षोरी,संजय यादव सहित स्व-सहायता समूह की बहने मितानिन दीदी षिक्षक गण कोटवार पंचगण,ग्राम की महिलायें षामिल रहे।

मोबाइल नेटवर्किंग की समस्याओं को सियो पोटाई ने प्रखरता से उठाया

कांकेर/ नवप्रदेश। बस्तर दूरसंचार सलाहकार समिति की द्वितीय बैठक में कांकेर जिले से संबंधित नेटवर्किंग समस्याओं को दूरसंचार सलाकार समिति के सदस्य सियो पोटाई द्वारा प्रखरता से उठाया गया तथा समस्याओं से संबंधित पत्र दूरसंचार विभाग के प्रधान महाप्रबंधक शरदचंद्र तिवारी को सौंपा। श्रीमती सियो पोटाई ने बताया कि उनके द्वारा कांकेर जिले के भ्रमण के दौरान ग्रामीण एवं क्षेत्रवासियों ने मोबाईल नेटवर्क भी धीमी गति एवं नेटवर्किंग समस्या से अवगत कराया था श्रीमती पोटाई ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसे नोट करवाया था तथा आगामी बैठक में इन समस्याओं को उठाने की बात कही थी।

देश के जवानों के नाम कस्तूरबा गांधी विद्यालय के बच्चों ने सांसद को भेंट की राखी

अंतागढ़/ नवप्रदेश। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अंतागढ़ बच्चों के द्वारा राखी त्यौहार के उपलक्ष्य में देश के वीर सपूतों के नाम से कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग को उनके निवास में जा कर राखी भेंट की तथा राखी भेट की जिसे सांसद ने राखी को वीर सपूतों तक पहुंचाने का वादा किया वही कस्तूरबा गांधी विद्यालय के बच्चों का कहना है कि हम भारत के नागरिक हमारे वीर सपूतों के साहस, बलिदान और निस्वार्थ सेवा के लिए ऋणी हैं। हमारे वीर सैनिक, सीमा पर दिन-रात हमारी रक्षा करते हैं। उनकी वीरता और समर्पण के कारण ही हम अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हैं।हम जानते हैं कि वो अपने परिवारों से दूर रहकर कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा करते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की छापेमारी एवं उनके पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेसियों ने ईडी का जलाया पुतला

- पुलिस के झूमा झटकी रोकने के बाद भी ईडी का पुतला जलाने मे सफ्ल हुए कांग्रेसी
- तहसील चौक मे रोकने के बाद भी जय स्तम्भ चौक मे ईडी का पुतला जला

नारायणपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के परिवार के घर ईडी के छापेमारी एवं उनके पुत्र चैतन्य बघेल को ईडी के द्वारा गिरफ्तार कर पांच दिन के लिए रिमांड पर ले जाने के विरोध मे कांग्रेस ने ईडी का पुतला दहन किया! जिला कांग्रेस एवं यूथ कांग्रेस के सयुक्त तत्वाधान मे राजीव भवन से समस्त कांग्रेस जन पुतला को लेकर जलाने के लिए जय स्तम्भ चौक निकले थे, पुलिस प्रशासन ने दर्जनों सिपाही को कांग्रेस भवन के सामने पहले से ही लगा दिया था, कांग्रेस कार्यकर्त्ता ईडी का पुतला जय स्तम्भ चौक मे जलाना चाहते थे किन्तु पुलिस तहसील चौक से आगे जाने के लिए रोकने लगी तो कांग्रेस कार्यकर्त्ता तहसील चौक मे ही सड़क पर बैठ कर भाजपा सरकार के खिलाफजमकर नारे बाज़ी करने लगे, तत्पश्चात नारे बाज़ी करते हुए जय स्तम्भ चौक पहुंचने मे कांग्रेस कार्यकर्त्ता सफ्ल हो गए जय स्तम्भ चौक पहुंच कर सड़क पर फ़िर से भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी करने लगे इस बीच कांग्रेस कुछ कार्यकर्त्ता ने पुतला को लेकर आये और जला दिया इस बीच पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्त्ता के बीच जमकर छिना झपटी हुआ लेकिन पुतला जलाने मे कांग्रेस सफ्ल हो गयी!

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने कहा की भाजपा सरकार ने तमनार और हसदेव के जंगलो को अपने चहेते उद्योग पति को बेचने के बाद लगातार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हसदेव को बचाने के लिए विरोध कर रहे है।

छत्तीसगढ़ के किसानों की परेशानियों पर आंख मूंदकर सो रही सरकार: मानसिंह नेताम

किसान विरोधी सरकार: खाद, बीज की कमी पर बहाने बना रही : नरेन्द्र नाग

नारायणपुर/ नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेन्द्र नाग ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सोसाइटियों में खाद की कमी की निरंतरता से बनी हुई है, सरकार सिर्फबहाने बना रही है। इस सम्बन्ध में 20 जून 2025 को आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में सरकार को ज्ञापन सौंपा था और मांग की थी कि ध्न्क्क यूरिया और बीज की भारी कमी से राज्य के किसानों को भारी परेशानी हो रही है किन्तु 1 माह बीत जाने के बाद भी सरकार के कान में जूँ तक नहीं रेंगा, मुख्यमंत्री, मंत्री,विधायक सिर्फ कार्यक्रमों में व्यस्त हैं उन्हें किसानों की समस्यायों से कुछ लेना देना नहीं है सभी विभाग सिर्फ भ्रष्टाचार करके नेताओं का कमीशन की व्यवस्था में लगे हुए हैं?

परमित दुग्गा ने कहा कि खाद एवं बीज की कमी से कई किसान प्रतिदिन संघर्ष कर रहे हैं। जबकि सरकार वैकल्पिक व्यवस्था व प्रतिस्थापन (ह्क्क्य, स्स्क्, नैनो डीएपी) की बात कर रही है। खरीफसत्र 2025 के लिए मांग 3.10 लाख टन थी लेकिन अब तक केवल 1.10 लाख टन डीएपी ही सरकार उपलब्ध करा पायी है। यूरिया का भी वितरण लक्ष्य 7.12 लाख टन में से लगभग 3.59 लाख टन और 4.32 लाख क्विंटल बीजों की जरुरत थी, लेकिन सरकार सिर्फ 3.83 लाख क्विंटल ही उपलब्ध करा पाई है। निजी विक्रेताओं के माध्यम से महंगे भाव 2100 प्रति बैग पर खाद उपलब्ध हो रही है।जब सरकार को पता है की कितने खाद यूरिया बीज की आपूर्ती की जानी है तब इतनी कमी पर सवाल वाज़िब है यह सब सरकार के संरक्षण में कृत्रिम कमी दिखाकर किसानों को निजी विक्रताओं से खाद यूरिया बीज खरीदने को जानबूझकर मजबूर किया जा रहा है ताकि निजी विक्रेताओं को लाभ पहुँचाकर उनसे मोटा कमीशन लिया जा सके।

मानसिंह नेताम ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विकासखंडों में किसानों को झांसा दे नकली खाद और बीज थमाने का खेल चल रहा है। कथित तौर पर जिम्मेदार विभाग के मैदानी अमले की मिली भगत से यह सारा खेल चल रहा है। निजी प्रतिष्ठानों में खाद बेच रहे व्यवसायियों के

द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूल की जा रही है। राज्य के हर विकासखंड के गावों में खाद और बीज की पर्याप्त आपूर्ती नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों को दर दर भटकना पड़ रहा है साथ ही किसानों की मांगो को समिति प्रबंधकों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है।

रामदेव दुग्गा ने कहा कि जहां सरकारी समितियों में खाद नहीं मिल रही, वहां जांच कर कीमतों को नियंत्रित करना चाहिए। बीज स्टॉक में कमी को पूरा करने के लिए तत्परता, अतिरिक्त स्टॉक और वितरण केंद्रों को बढ़ावा दें।

शिक्षा गुणवत्ता कार्ययोजना के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

→ **कक्षा 10 वीं और 12 वीं हेतु उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए समर्पित समयबद्ध तैयारी सतत मूल्यांकन पर कलेक्टर ने दिया जोर**

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। । संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आज शैक्षणिक सत्र-2025 के तहत हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता कार्य योजना शिक्षण प्रक्रिया को अधिक संगठित समर्पित समयबद्ध तैयारी सतत मूल्यांकन के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के अंतर्गत परीक्षा परिणाम सत्र-2024-25, विकासखण्डवार शालाओं का प्रदर्शन, टेस्ट श्रृंखला वार्षिक कैलेंडर 2025-26 के लिए कक्षा-10 वीं एवं 12 वीं हेतु विशेष योजना, यूथ ईको क्लब, गणित एवं विज्ञान क्लब के गठन की प्रक्रिया, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, करियर काउंसलिंग कार्यक्रम की विशेष रूप से समीक्षा हुई।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं का प्रथम लक्ष्य सभी छात्रों को प्रथम श्रेणी अंतर्गत उत्तीर्ण करना सुनिश्चित करना होगा।

इसके साथ ही सभी शाला प्रमुख छात्रों से प्रश्नों के आवश्यकता अनुरूप सही उत्तर सही पैटर्न में लिखने का अभ्यास करवाएं, क्योंकि छात्रों की उत्तर लिखने की शैली भी परीक्षा परिणामों को प्रभावित करती है। इसके लिए विषयवार शिक्षकों की व्यक्तिगत बैठक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। मासिक टेस्ट सभी शालाओं में अनिवार्य रूप होने चाहिए ताकि एक माह में जो पढ़ाई की गई उसका वास्तविक मूल्यांकन हो सके।

एसडीएम ने किया माध्यमिक स्कूल एवं हायर सेकेंड्री स्कूल का औचक निरीक्षण

एमसीबी/ नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर आज शशि शेखर मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर एवं मो.स्माइल खान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर द्वारा शा.उ.मा.वि.देवगढ़ एवं शासकीय उच्च माध्यमिक डोमहरा में हॉयर सेकेंडरी स्कूल के समस्त शैक्षिण स्टॉफका समीक्षा बैठक लेकर पढ़ाई के बारे में चर्चा किया गया, तथा बेहतर परीक्षा परिणाम लाने हेतु सभी शिक्षकों को लेसन प्लान के कार्य योजना के साथ अध्यापन कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया।

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के आरोपीगण को दी गई सजा

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। 19 जुलाई 2025। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता, विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ के न्यायालय ने आरोपी चोवाराम पिस्दा, ने लोक निर्माण विभाग सुकमा में कार्यपालक अभियंता के पद पर एवं आरोपी ज्ञानेश कुमार तारम, लोक निर्माण विभाग उप संभाग कोन्टा जिला सुकमा में उप अभियंता एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी के पद पर पदस्थ रहते हुये वर्ष 2010-11 में एल.डब्ल्यू. ई. योजना अन्तर्गत चिंतलनार से मरईगुड़ा के सड़क ठेकेदार नीरिज सीमेंट स्ट्रक्चर लिमिटेड बम्बई के अधिकृत ठेकेदार मदिना मोहम्मद से कराये जाने के दौरान माप पुस्तिका में कार्य से अधिक फर्जी मापदण्ड कर देयक तैयार कर 2,84,06,785 रूपये अधिक निकलवाने, आपराधिक अवचार करने, माप पुस्तिका में कार्य से अधिक फर्जी मापदण्ड कर देयक तैयार कर ठेकेदार को दिलाने, कुटरचना कर, छल करने के अपराध में सिद्धदोष पाते दोषी पाते हुये आरोपीगण को धारा-13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत 02 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा-120 भा.द.सं. में 01 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा-420 भा.द.सं. में 03 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा-467 भा.द.सं. में 03 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा-468 भा.द. सं. में 03 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 471 भा.द.सं. में 03 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किया गया है।

घटना के संबंध में 05 सितंबर 2012 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया था। न्यायालय में 29 जुलाई 2019 को अंतिम प्रतिवेदन चार्जशीट प्रस्तुत किया गया था। अभियोजन द्वारा कुल 19 साक्षियों का कथन न्यायालय में कराया गया था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता, विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के न्यायालय ने आरोपी चोवाराम पिस्दा एवं आरोपी ज्ञानेश कुमार तारम के विरूद्ध उक्त फैसला 16 जुलाई 2025 को सुनाया है।

जैविक कृषि की नई पहचान श्री विधि और कतार रोपा से खेतों में क्रांति

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला प्रशासन, कृषि विभाग और भूमगादी की संयुक्त पहल से दंतेवाड़ा जिले में जैविक खेती की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। पारंपरिक खेती के विकल्प के रूप में अब श्री विधि, कतार रोपा और जैविक तरीकों को अपनाकर किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले को जैविक जिला बनाना है, जहां पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

इस अभियान के तहत पहली बार जिले में 6 हजार हेक्टेयर भूमि पर रोपा, कतार रोपा एवं श्री विधि से खेती का लक्ष्य तय किया गया है। यह पद्धतियां न केवल अधिक उत्पादन दे रही हैं, बल्कि जल संरक्षण, कीट नियंत्रण और मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में भी मददगार साबित हो रही हैं। आज 19 जुलाई 2025 को गीदम विकासखंड के ग्राम हीरानार में इस अभियान की जमीन पर प्रभावी शुरुआत हुई। उपसंचालक कृषि सूरज पंसारी, सहायक संचालक कृषि धीरज बघेल, भोले लाल पैकरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किशन नेताम समेत विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने कृषक लूदरु राम व अन्य किसानों के खेतों में कतार रोपा पद्धति का प्रायोगिक प्रदर्शन किया। इन प्रयासों के जरिए किसानों को खेत में ही प्रशिक्षण देकर वैज्ञानिक तरीके अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जैविक खेती की सफ्लता की बुनियाद किसानों को सशक्त बनाना है। कृषि विभाग के अधिकारी गांव-गांव जाकर जैविक खाद निर्माण, बीज उपचार, जैविक कीटनाशक जैसे नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, जीवामृत, घनजीवामृत आदि के उपयोग की जानकारी व्यावहारिक तौर पर दे रहे हैं। 'देखो और सीखो' की इस पद्धति से किसानों में व्यवहारिक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

श्री विधि से खेती में जल की बचत, पौधों का बेहतर विकास और उत्पादन में 30-40: तक वृद्धि देखी जा रही है। वहीं कतार रोपा से पौधों में उचित दूरी रखने के कारण कीट और रोग नियंत्रण आसान हो जाता है। जैविक विधियों के माध्यम से खेती की लागत घट रही है और उपज की गुणवत्ता भी बेहतर हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से मौजूद संसाधनों जैसे गौवंश, वर्मी कंपोस्ट यूनिट और गौठानों कृ का प्रभावी उपयोग करते हुए प्राकृतिक कृषि मॉडल को अपनाया जा रहा है।

हत्या एवं लूट कांड के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता के न्यायालय द्वारा आरोपी जोगेन्द्र पोडियाम उर्फ जोगा एवं कमलेश मरकाम उर्फ कमलू को हत्या एवं लूट कांड के आरोप सिद्ध होने आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके अनुसार दोनों आरोपियों द्वारा चितालंका दंतेवाड़ा में मृतक अंकित गुप्ता को घातक आयुध टंगिया से मारपीट कर उसकी हत्या करने के साथ-साथ उसके पास रखे 4,000 रुपये, मोबाईल लूट लिया गया था। हत्या करने के पष्चात दोनों आरोपियों ने उसके कॉलेज बैग, जैकेट एवं मोटर सायकल को छिपाकर साक्ष्य के विलोपन का अपराध भी किया गया। अतः न्यायालय द्वारा विचारण करते हुये आरोपी जोगेन्द्र पोडियाम उर्फ जोगा एवं कमलेश मरकाम उर्फ कमलू को धारा-394 सहपठित धारा-397 भा.द.सं., धारा-302,34 भा.द.सं. में सिद्धदोष पाते हुये सजा सुनाया गया है। आरोपीगण को धारा-302,34 भा.द.सं. के अपराध में आजीवन कारावास की सजा तथा धारा-394 सहपठित धारा-397 भा.द.सं. के अपराध में 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा न्यायालय द्वारा दिया गया है।

घटना अनुसार 03 दिसंबर 2021 को जय विजय हिरो मोटर शो रूम दंतेवाड़ा के फाईनेंसर अंकित गुप्ता आरोपी जोगेन्द्र पोडियाम उर्फ जोगा द्वारा खरीदे गये एम.एम. डीलक्स मोटर साईकिल की किस्त की राशि लेने के लिये दोपहर 02.00 बजे गया था। अभियुक्तगण किस्त की राशि देने के नाम पर अंकित गुप्ता को जंगल की ओर ले गये थे, जहा पर अभियुक्तगण के द्वारा टंगिया से घातक वार कर अंकित गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। आरोपीगण के विरूद्ध 04 दिसंबर 2021 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया था। दिनांक-02.03.2022 को पुलिस द्वारा न्यायालय में अंतिम प्रतिवेदन चार्जशीट पेश किया गया था।

खेती का आधुनिक युग: ''पावर टिलर बना बदलाव का आधार''

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में स्थित दंतेवाड़ा जिला, जो अपनी समृद्ध प्राकृतिक संपदा, उपजाऊ मिट्टी और अनुकूल जलवायु के लिए जाना जाता है, अब जैविक खेती में एक नई दिशा की ओर अग्रसर हो चुका है। पारंपरिक कृषि पद्धतियों के साथ-साथ अब आधुनिक यंत्रों का समावेश कर खेती को अधिक आसान और लाभकारी बनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने किसानों को पावर टिलर वितरित कर यंत्रीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है।

जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए दंतेवाड़ा में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन उसमें सबसे बड़ी चुनौती श्रम और समय की अधिकता रही है। जैविक खादों, प्राकृतिक कीटनाशकों और पारंपरिक तरीकों का उपयोग करने के बावजूद खेत की तैयारी, खरपतवार नियंत्रण और खाद मिलाने जैसी गतिविधियों में काफी मेहनत लगती है। इस चुनौती से निपटने के लिए अब पावर टिलर जैसे उपकरण किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जिला प्रशासन ने हाल ही में 75 पावर टिलरों का वितरण किया है, जो कि महिला स्व-सहायता समूहों और प्रगतिशील किसानों को प्रदान किए गए हैं। यह वितरण न केवल व्यक्तिगत उपयोग के लिए किया गया है, बल्कि सामूहिक यंत्र उपयोग मॉडल को भी बढ़ावा दिया गया है, जिससे मशीनों का अधिकतम उपयोग हो सके। समूहों के माध्यम से यह पावर टिलर किराए पर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे अन्य किसान भी इसका लाभ उठा सकें।

इसके साथ ही पावर टिलर का उपयोग जैविक खेती में बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। इससे खेत की गहरी जुताई, मिट्टी को बारीक करना और जैविक खादों को समरस रूप से मिलाने में आसानी हो रही है। जहां पहले पारंपरिक हल से खेत की जुताई में दो से तीन दिन लगते थे, वहीं अब यह काम कुछ ही घंटों में पूरा हो रहा है। इसके अलावा पावर टिलर का आकार छोटा और संचालन सरल होने के कारण यह छोटे जोत के किसानों के लिए भी उपयुक्त है।

इस संबंध में हीरानार के किसान लूदरुराम और कासौली के सुरेश नाग बताते हैं कि पावर टिलर के उपयोग से खेती करना अब कहीं ज्यादा आसान हो गया है। उन्हें समय की बचत तो हो ही रही है, साथ ही उत्पादन में भी सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन और कृषि विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मल्टीपरपज मशीन न केवल जुताई के काम आती है, बल्कि मिट्टी पलटने, कतार बनाने, निंदाई-गुड़ाई, खाद मिलाने और ट्रॉली से परिवहन जैसे कार्यों में भी सहायक है।

बोल बम सेवा समिति की रजत जयंती वर्ष में ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा

250 कांवरियों ने किया बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ में जलार्पण

कुरूद/नवप्रदेश। सावन माह के पहले सोमवार से प्रारंभ हुई बोल बम सेवा समिति, कुरूद की ऐतिहासिक रजत जयंती वर्ष (25वां वर्ष) की कांवड़ यात्रा इस वर्ष विशेष पुण्य अवसर बन गई। समिति के 250 काँवरिया सदस्यों ने सुल्तानगंज की गंगा नदी से गंगाजल लेकर 105 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) व बाबा बासुकीनाथ धाम (दुमका) में विधिवत जलार्पण कर शिवभक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। यात्रा की शुरुआत 14 जुलाई को सावन के पहले सोमवार से हुई, जब काँवरियों ने सुल्तानगंज से जल लेकर विभिन्न टोलियों में अनवरत यात्रा करते हुए रास्ते भर ÷बोल बम÷ के जयघोष से वातावरण को शिवमय बनाए रखा। आज 17 जुलाई को सभी काँवरिया साथी पंडा महाराज जयकृष्ण झा जी के निवास पर संकल्प लेकर बाबा बैद्यनाथ जी के मंदिर में जल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किए। इसके पश्चात गुरुवार को बाबा बासुकीनाथ धाम में भी जलार्पण कर सभी ने अपने परिवार, नगर और प्रदेश की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

संस्था ने कांवरियों को सुविधाजनक व्यवस्था देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

इस अवसर पर बोल बम सेवा समिति के संयोजकों ने बताया कि "25 वर्षों से लगातार हमारी समिति द्वारा कांवड़ यात्रा का सफल आयोजन किया जा रहा है। यह वर्ष हमारे लिए विशेष गौरव का विषय है। सभी काँवरिया साथियों ने एक सप्ताह तक निस्वार्थ सेवा, समर्पण और श्रद्धा के साथ हिन्दू सनातन परंपरा को जीवंत किया। संस्था के सभी सदस्यों ने यात्रा के दौरान अपने साथी काँवरियों को सुविधाजनक व्यवस्था देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।" समिति ने आगे बताया कि 3 और 4 अगस्त को रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या, सम्मान समारोह एवं भव्य भंडारा का आयोजन कुरूद में किया जाएगा। इस भक्ति आयोजन में सभी सदस्यगणों एवं नगरवासियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

यह यात्रा समाज को एकता, अनुशासन और सेवा का संदेश भी देती है

समिति के पदाधिकारियों ने समस्त काँवरिया साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "बोल बम सेवा समिति के 25 वर्षों के इस सेवायात्रा में जो समर्पण, त्याग और श्रम दिखा, वह अनुकरणीय है। हम सभी के लिए यह यात्रा न केवल आस्था का विषय है, बल्कि समाज को एकता, अनुशासन और सेवा का संदेश भी देती है।"

देव संस्कृति विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों किशोरी बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोर बालिकाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे संभावित खतरों से खुद को बचा सकें और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एकता लगेह, समाजसेविका और देव संस्कृति शिक्षण समिति अध्यक्ष शशि प्रभा थीटे उपस्थित थीं। इस अवसर पर डॉ. एकता ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रथम उद्देश्य बच्चियों को शारीरिक हमले से खुद को बचाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा न केवल शारीरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती है। शशि प्रभा ने बताया कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है और हम सबको एकजुट होकर बच्चियों की आत्मरक्षा और अन्य कौशल पर कार्य करने के लिए जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से हम बच्चियों को सशक्त बना सकते हैं और उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। आत्मरक्षा प्रशिक्षक नीलकंठ साहू ने बताया कि मार्शल आर्ट अनुशासन और एकाग्रता की ओर ले जाता है और यह गुण बच्चों में व्यवस्थित अभ्यास और दोहराव के माध्यम से विकसित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल शारीरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती है। तारिणी चंद्राकर ने बताया कि कराटे अकादमी और सामाजिक संस्था के सहयोग से सभी बड़े स्कूलों में आत्मरक्षा हेतु निशुल्क मार्शल आर्ट, योग और मेडिटेशन की क्लास दी जाएगी।

हत्या का साक्ष्य छिपाने बहू ने ससुर के साइकिल से गिरने की झूठी कहानी बनाई

बहू ने प्लानिंग कर करंट लगाकर ससुर की हत्या को दिया अंजाम

बहू सहित पड़ोसी गांव का ग्रामीण हत्या के आरोप में गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम खड़ेनाडीह में एक 65 वर्षीय ग्रामीण मनोहर निर्मलकर की हत्या उनके बहू गीता निर्मलकर उम्र 30 वर्ष और पड़ोसी गांव बडगांव के ग्रामीण लेखराम पिता फकीर राम निषाद उम्र 45 वर्ष द्वारा मिलकर करंट लगाकर की गई थी। हत्या का राज चंद घंटे में खुल गया। हत्या का साक्ष्य छिपाने के लिए बहु द्वारा ससुर के साइकिल से गिरकर घायल होने की झूठी कहानी बनाई गई थी। जिसे ग्रामीण भी पहले तो सच मानकर चल रहे थे लेकिन अंतिम संस्कार करने के लिए शव को मुक्तिधाम तक ले गए। वहां फिर शव को नहलाने के दौरान कई जगह चोट के निशान देखने और जलने का निशान पाए जाने पर लोगों ने फिर पुलिस को सूचना दी और मामला संदेहप्रद हो गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। जिसमें पुष्टि हुई की करंट लगने से मृतक की मौत हुई है। इससे मामला हत्या का प्रतीत होने लगा। संदेह के आधार पर मृतक की बहू से पूछताछ की गई तो सारे राज सामने आ गए। बहू द्वारा पड़ोसी गांव के ग्रामीण लेखराम के सहारे अपने ससुर को योजनाबद्ध तरीके से करंट लगाकर मार डाला गया। करंट लगवाने वाला आरोपी भी गांव में वाद्य यंत्र हारमोनियम आदि बजाता है और उसे करंट से कैसे मार सकते हैं, इसकी अच्छी खासी जानकारी थी और उसी के योजना के अनुसार बहू ने मिलकर अपने ससुर को मरवा दिया। लेकिन सच्चाई ज्यादा देर तक छिप ना सकी और हत्या के आरोप में बहू और पड़ोसी गांव के ग्रामीण को पुलिस ने जेल भेजा। अपने ससुर को मरवाने वाली बहू ने हत्या का कारण पुलिस को बताया है कि उनका ससुर आए दिन शराब पीकर गाली गलौज करता था और उसके प्रति बुरी नियत रखता था। इसलिए उसने उसकी हत्या करवाई। हालांकि गांव में इस घटना को लेकर और भी कई तरह की चर्चाएं हैं। मृतक मनोहर निर्मलकर की हत्या उसकी बहु एवं वाद्ययंत्र हारमोनियम आदि सिखाने वाले लेखराम निषाद के द्वारा बिजली करेंट लगाकर घटना को अंजाम दिया गया था। मृतक के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी। उसके पहले ही पुलिस ने शव अपने कब्जे में लिया। थाना डौण्डीलोहारा में आरोपियों के विरूध्द धारा 103 (1), 3(5) बीएनएस का मामला पंजीबध्द किया गया।

पूछताछ में बहू ने बताया कैसे की हत्या

विवेचना के दौरान मृतक की बहु गीता निर्मलकर से पूछताछ करने पर बतायी कि मृतक मनोहर निर्मलकर शराब पीकर घर आने पर शराब के नशे में गाली गलौज कर मारपीट करता था, और मुझ पर बुरी नियत रखता था। जिससे तंग आकर वाद्य यंत्र सिखाने वाले लेखराम निषाद निवासी ग्राम बड़गांव को अपने ससुर को रास्ते से हटाना है, कहकर कुछ उपाय बताओ बोली। तब लेखराम निषाद अपने घर में तैयार किया हुआ बिजली वायर, प्लास्टिक ग्लब्स को दिनांक 16 जुलाई को रात्रि करीबन 11 से 12 बजे के मध्य मृतक के घर पहुंचा और योजनाबध्द तरीके से मृतक जब अपने घर के परछी में सो रहा था, गीता एक लोके के सब्बल को पकड़कर खड़ी थी तथा लेखराम निषाद बिजली के वायर को बोर्ड में लगाकर मृतक मनोहर के गला, चेहरा, माथा में लगाकर बिजली का बटन चालू कर करेंट लगाकर उसकी हत्या कर दिया, तथा गीता निर्मलकर को मृतक के चेहरे पर हल्दी तेल, गुलाल लगाने बताया और अपने घर परिवार में मनोहर निर्मलकर की मृत्यु सायकल से गिरकर चोट लगने से मृत्यु होना बताकर अपने घर ग्राम बड़गांव भाग गया था। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी गीता निर्मलकर तथा लेखराम निषाद को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया व आरोपी गीता निर्मलकर के घर से लोहे का सब्बल, गमछा व अन्य समाग्री जप्त किया गया तथा आरोपी लेखराम निषाद के घर से प्लास्टिक का ग्लब्स, बिजली का वायर, प्लग, सायकल, मोबाईल को जप्त किया गया है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस कर्मियों को दिया गया प्रशस्ति पत्र

पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए कॉप ऑफद मंथ चुना गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को कॉप ऑफद मंथ का चुना किया जाता है। माह जून 2025 में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी प्रधान आरक्षक 455 तुलसी निषाद थाना राजिम एवं आरक्षक 699 आलम बेग (साइबर सेल) के द्वारा थाना राजिम क्षेत्र में हुए सोने की चोरी के मामले एवं 55 किलो ग्राम गांजा के आरोपी को गिरफ्तार करवाने में विशेष भूमिका, आरक्षक क्रमांक 441 डिगेश्वर साहू थाना छुरा के द्वारा मोटर साइकिल गिरोह से 9 मोटर साइकिल बरामद करवाने के साथ पांच आरोपियों की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका, प्रधान आरक्षक 456 प्रहलाद थानापति थाना मैनपुर के द्वारा 840 नग नशीली टैबलेट के साथ आरोपी को गिरफ्तार करवाने में विशेष भूमिका, आरक्षक 606 लेखन पटेल थाना देवभोग के द्वारा माह जून में 230 लीटर अवैध शराब के साथ-साथ आरोपियों की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका, आरक्षक 71 लक्ष्मीकांत साहू थाना देवभोग के द्वारा प्रार्थी का मार्केट में गुमा हुआ 52000 रुपए को सीसीटीवी फुटेज की माध्यम से ढूंढ कर प्रार्थी को पैसा लौटाने में विशेष भूमिका रही इस माह 06 अधिकारी कर्मचारियों कॉप ऑफद मंथ रहे। इस पहल के माध्यम से माह में सराहनी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। जिससे अधिकारी/कर्मचारियों में उत्साह बनी रहती है। यह पहल आगे भी जारी रहेगा।

विद्युत दरों में वृद्धि किए जाने के विरोध में कांग्रेसजनों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

भाटापारा/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के द्वारा पुरे प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा विद्युत दरों में लगातार वृद्धि किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस भवन से रैली निकालकर कनिष्ठ यंत्री विद्युत मंडल को राज्यपाल के नाम बढी हुई विद्युत दरों को वापस लेने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

कार्यक्रम प्रभारी तुलसीराम वर्मा ने कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने हाल ही में सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसतन 1.89त्न की वृद्धि को मंजूरी दी है यह नई दरें 1 जुलाई से प्रभावित हो चुकी है इस निर्णय का असर सीधे तौर पर राज्य के लाखों उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि सरकार लगातार बिजली दरों में वृद्धि कर रही है जिससे आम उपभोक्ता और किसान परेशान है जब कांग्रेस की सरकार थी तब बिजली उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती थी जबकि सरकार लगातार बिजली दर बढ़ाकर आम जनता पर बोझ डाल रही है। ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर के के नायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कोयला और बिजली बनाने की सबसे बड़ी यूनिट हमारे प्रदेश में है फिर भी यहां की विद्युत दरों में बढ़ोतरी सरकार की नाकामी है गांव में जनता अघोषित बिजली कटौती से परेशान रहती है और उस पर विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी से उनका बजट भी गड़बड़ा रहा है।

राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

सभा के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन से पैदल मार्च निकालकर कनिष्ठ अभियंता देवांगन को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में पार्षद याकूब कुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, सुनीता यादव, अयूब खान, रंजीत सोनवानी, रमेश घृतलहरे, मोहन गायकवाड, दाऊराम यदु ,झाडू राम साहू, लाला वर्मा, हिम्मत शर्मा, नबी खान ,टीकाराम महिलांग, धन सिंह साहू, युनूस कुरेशी, रघुनाथ नवरंगे, गणेश बांदे, गिरिजा नौवरंगे, बांदेलाल कुर्रे सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

जिपं सदस्यों को अधिकार, कर्तव्य विकास योजनाओं की दी गई जानकारी

महासमुंद। जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला पंचायत सदस्यों के लिए एक दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नव निर्वाचित एवं वर्तमान सदस्यों को पंचायत से जुड़े अधिकारों, कर्तव्यों तथा विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में उपसंचालक पंचायत दीप्ति साहू ने 73वें संविधान संशोधन, जिला पंचायत सदस्यों की भूमिका, सामान्य सभा एवं स्थाई समिति की प्रक्रिया, 15वें वित्त आयोग, जिला पंचायत विकास योजना, सतत विकास लक्ष्य एवं इससे संबंधित 9 प्रमुख थीमों के संबंध में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया।

आदिवासियों का पुनर्वास क्यों नहीं करना चाहती सरकार: राकेश

महासमुंद/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में सरकार विफल साबित हुई है। सरकार कह रही है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त कर देंगें पर सरकार जवाब दें कि जो लोग सलवा जुडूम विस्थापित हुए थे वे लोग आज कहां हैं? पुनर्वास के तहत जो कैंप में गए थे उनकी वस्तु स्थिति क्या है? सरकार स्पष्ट करें। जो गांव वीरान पड़े हैं वो लोग कहां गए और अगर उनका पुनर्वास नहीं हो पाया है तो सरकार ने क्या कदम उठाए? निश्चित ही सरकार की मंशा जंगल को किसी और के हाथ में देने की है, क्योंकि अगर पुनर्वास नहीं होते हैं तो इसका सीधा मतलब है कि किसी भी प्रकार के ग्राम सभा का आयोजन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर

आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा है कि भाजपा राज में छत्तीसगढ़ के हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने बताया कि किस तरह क्रेडा से मंजूरी लिए बगैर ही दो साल में 30 करोड़ की स्ट्रीट लाइट की खरीदी की गई, इसमें गंभीर बात ये है कि मंजूरी सोलर स्ट्रीट लाइट की ली गई जबकि खरीदी स्ट्रीट लाइट की गई। फर्जीवाड़ा इतना बड़ा कि जिलों की ग्राम पंचायतों ने अपनी मर्जी से जिस कंपनी से जो चाहा खरीद लिया। बिना जांच कंपनी को भुगतान भी हो गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में 30 करोड़ से ज्यादा की खरीदी बिना किसी दस्तावेजों और परीक्षण कर ली गई। जांच करने वाली समिति का दावा है कि अधिकतर खरीदी कागजों में की गई।

खडमा में शिकायत बाद महामंत्री बदले कोपरा मंडल में नियम विरूद्ध अध्यक्ष नियुक्ति पर बने मूकदर्शक

कोपरा/नवापारा/नवप्रदेश। गरियाबंद भारतीय जनता पार्टी के गरियाबंद जिला संगठन में इन दिनों अंदरूनी घमासान मचा हुआ है। विवाद की जड़ है कोपरा मंडल अध्यक्ष पद पर हुई एक नियुक्ति, जो सीधे-सीधे पार्टी के राष्ट्रीय संगठन के निर्देशों की अवहेलना प्रतीत हो रही है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर की कार्यशैली पक्षपातपूर्ण और नियमविरोधी हो गई है। कोपरा मंडल में 46 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बना दिए जाने से पार्टी के भीतर असंतोष की आग सुलग रही है, जो अब खुलकर सामने आ गई है। वहीं खड़मा के कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल महामंत्री गुलशन सिन्हा की शिकायत जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के पास किया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए चंद्राकर के द्वारा गुलशन सिन्हा के स्थान पर पुरषोत्तम गोस्वामी की नियुक्ति आदेश जारी किया गया। जबकि महामंत्री गुलशन सिन्हा के द्वारा अपने पद से त्याग पत्र दिया ही नहीं गया हैं। यह तो भाजपा अध्यक्ष की मनमानी हैं।यह कार्यकर्ताओं का कहना हैं। जब से जिला संगठन ने कोपरा मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की हैं।जिसमें उसी विवादित मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों के नाम शामिल किए गए। इससे कार्यकर्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया है।

अवैध रूप से गांजा तस्करी करते युवक पकड़ाया

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी एसपी के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत थाना सिहावा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। पुलिस थाना सिहावा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ की एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में बोरी के माध्यम से मादक पदार्थ गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहा है। की सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना हुई।मुखबिर के बताये हुलिये के आधार पर थाना सिहावा की टीम द्वारा फॉरेस्ट नाका, मेनरोड ग्राम सांकरा के समीप नाकाबंदी की गई थी।

न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने ई-हियरिंग का किया शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिला आज ई-हियरिंग के माध्यम से पूरे भारतवर्ष से जुड़ गया। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा राज्य आयोग रायपुर से ई-हियरिंग का उद्घाटन वर्चुअल फीता काटकर किया। इस सुविधा के शुरू होने से उपभोक्ताओं को तकनीकी न्याय का लाभ मिलेगा जिससे समय और संसाधन दोनों की बचत होगी, इस सुविधा के शुरू होने से उपभोक्ता एवं अधिवक्तागण देश के किसी भी हिस्से से जिला उपभोक्ता आयोग महासमुंद से जुड़कर अपने प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग, महासमुन्द में ई-हियरिंग के शुभारम्भ पर शुभकामनाएं प्रदान की व देश में छत्तीसगढ़ पहला राज्य होगा जो ई-हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई करेगा। इस तरह न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय और जुड़ गया।

निरीक्षण

कलेक्टर ने शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की गतिविधियों की समीक्षा की

कलेक्टर ने छुईपाली व सिंघोड़ा में छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जमीनी स्तर पर विभागीय कार्यां की क्रियान्वयन का जायजा लेने लगातार दूरस्थ ग्रामों में दौरा किया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज सरायपाली विकासखण्ड का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यों की जमीनी हकीकत की जांच की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एस. आलोक, एसडीएम श्रीमती नम्रता चौबे एवं मैदानी अमला मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सरायपाली एफसीआई गोदाम, कलेण्डा (छिबर्रा) पहुंचकर उन्होंने धान भंडारण केन्द्र का निरीक्षण किया और बारिश के मौसम को देखते हुए तिरपाल की व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम तथा भंडारण सुरक्षा पर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा उपायों को समय पर पूर्ण करते हुए धान की गुणवत्ता को सुरक्षित रखा जाए।

इसके पश्चात कलेक्टर ग्राम छुईपाली स्थित बालिका छात्रावास पहुँचे। यहां छात्रावास में रह रही बालिकाओं से बातचीत कर उन्होंने पोषण, शिक्षण सामग्री, स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास प्रबंधन को इन सुविधाओं की सतत निगरानी एवं गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सिघोडा में कलेक्टर श्री लंगेह ने आंगनबाड़ी केन्द्र, पीएम श्री स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण की स्थिति, पोषण आहार की उपलब्धता, स्वच्छता आदि की जानकारी ली। उपस्थित सहायिका एवं कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से बच्चों के हित में कार्य करने के निर्देश दिए।

पीएम श्री स्कूल सिंघोड़ा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सतत निगरानी की जाए एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाए। तत्पश्चात कलेक्टर ने सिंघोड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली।

न्यूज गैलरी

मुंगेली में 20 जुलाई से शिव महापुराण कथा का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। श्री शंकर मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव महापुराण कथा का आयोजन मंदिर परिसर में ही हर्षोउल्लास के साथ किया जाएगा, 20 जुलाई से प्रारंभ इस शिव महापुराण कथा में शिव की महिमा का गान कथा व्यास ब्रजिका शुभि दुबे जी द्वारा किया जाएगा। शिव महापुराण कथा 20 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित होगी, प्रतिदिन श्री शंकर मंदिर प्रांगण, मल्हापारा में दोपहर 01 बजे से प्रारंभ होकर शिव इच्छा तक किया जाएगा। शंकर मंदिर समिति मल्हापारा एवं समस्त मुंगेली वासियों के द्वारा आयोजित इस कथा की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, पण्डाल एवं मंच व्यवस्था व्यवस्थापित कर कथा के आयोजन के लिए धर्मोवलंबी इस कथा को लेकर उत्साहित नजर आ रहे है युवा वर्ग शिव भक्ति को लेकर आनंदित है सावन मास मे हो रहे इस शिव महापुराण को लेकर उत्साहित है।

स्कूल में आपदा प्रबंधन टीम ने बच्चों को दिए प्रायोगिक प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में उड़ीसा से आए हुए आपदा प्रबंधन की टीम बच्चों को प्रेक्टिकल करके, उदाहरण देकर, के विद्यालय में समस्त छात्र-छात्रों को बताया गया। बच्चो को सामने लाकर प्रेक्टिकल करके बताया गया। विद्यालय में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य चल रहा है। सभी छात्र-छात्राओं का आयुष्मान कार्ड बनवाने में एनएसएस के स्वयं सेवको के द्वारा सहयोग करते हुए दल नायक विकास साहू, उप दल नायक गजेंद्र एवं सभी स्वयं सेवक प्राचार्य डॉ पूर्णिमा मिश्रा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामबाबू मिश्र साथ में आए चिकित्सा केंद्र सेतगंगा से लता बनर्जी, कु संतोषी पहारे बनाते हुए।

सेल्स रिप्रेजेंटेटिव और एग्रीकल्चर ऑफिसर के 30 पदों पर होगी भर्ती

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 21 जुलाई को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जमकोर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैंप में निजी कंपनी शिवशक्ति बायो टेक्नोलाजी लिमिटेड द्वारा सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एवं एग्रीकल्चर ऑफिसर के 30 पदों पर भर्ती की जाएगी। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 12वीं एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि और समय पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर इस रोजगार अवसर का लाभ लें।

पानी निकासी की व्यवस्था ठप, विद्यालय परिसर बना तालाब, समाधान की उठी मांग

नवागांव घुठेरा स्कूल में जलभराव से पढ़ाई बाधित, छात्र-शिक्षक हो रहे परेशान

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव घु. हर वर्ष इस तरह का नजारा स्कूल मैदान में देखा जाता है। हर वर्ष इसकी शिकायत उच्च कार्यालय को किया जाता है, परंतु अभी तक किसी तरह का कार्यवाही नहीं किया जाता। स्कूल मैदान गली से नीचे है, बस्ती का पानी और स्कूल भवन तथा मैदान का पानी भर जाता है, पानी निकासी पूर्व में अच्छी तरह से होता था, परंतु ग्रामीण के द्वारा कांटा लगाकर मिट्टी पाटकर नाली को बंद कर दिया जाता है जिसके कारण थोड़ा सा भी पानी गिरता है तो मैदान तालाब का रूप ले लेता है। नगर से लगे ग्राम नवागांव घुठेरा स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में भारी बारिश के कारण स्कूल के परिसर में पानी भर गया है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के भवन के विभिन्न कक्षाओं में पानी का भराव होने से शिक्षक और छात्र दोनों ही परेशान हैं। कई कक्षाओं में पानी घुसने से बच्चों को बैठने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है और पढ़ाई का माहौल बिगड़ गया है। स्कूल प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही समाधान निकालने का आश्वासन दिया है, लेकिन फिलहाल विद्यार्थी और शिक्षक दोनों की परेशानियों में कोई कमी नहीं आई है। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस समस्या का समाधान शीघ्र कराने की मांग की है। विद्यालय भवन के विभिन्न कक्षाओं कीचन कक्ष में पानी भरने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने जिम्मेदार अधिकारियों से समाधान शीघ्र कराने की मांग की है। यह घटना दर्शाती है कि विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की हालत पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और आरामदायक माहौल में शिक्षा प्राप्त हो सके। इस संबंध में बीईओ डॉ. प्रतिभा मण्डलोई ने बताया कि विद्यालय में पानी भरने की समस्या की जानकारी उन्हे प्राप्त हुई है। इस संदर्भ में सरपंच एवं पालकों की बैठक लेकर पानी निकासी की व्यवस्था के लिये कहा गया है। बताया जाता है कि पूर्व में जो पानी निकासी की नाला था उसे कुछ लोगों के द्वारा मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है। जिसके चलते पानी निकासी नही हो पाता। उल्लेखनीय है कि कई ग्रामों में बरसाती पानी निकासी के लिये पुराने समय से चले आ रहे नाले आदि को अपना निजी उपयोग करने के लिये मिट्टी डालकर पाट देते है जिसके चलते कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है।

घुठेरा स्कूल का बीईओ ने किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव घु. में गुरुवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिवाकर, शैक्षिक समन्वयक उमेश साहू तथा ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण साहू भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डॉ. मंडलोई ने विद्यालय में संचालित शिक्षण व्यवस्था, उपस्थिति पंजी, छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों एवं साफसफाई व्यवस्था की जांच की। विशेष रूप से मध्यान्ह भोजन योजना का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, पोषण तत्वों की उपलब्धता तथा स्वच्छता मानकों की समीक्षा की। बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में प्रत्यक्ष बातचीत भी की गई।

जिला सरगुजा में करियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना से बालिकाओं व महिलाओं को मिला मार्गदर्शन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार की कार्य योजना के अंतर्गत जिला सरगुजा में 18 जुलाई को जन शिक्षण संस्थान सरगुजा में एक दिवसीय करियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं व महिलाओं के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया।

कार्यशाला का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जगदेव राम प्रधान व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बसंत मिंज के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यशाला में जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षकों एवं परामर्श दाताओं ने स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों एवं क्षेत्रों से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उनके स्तर, तथा उपलब्ध प्रशिक्षण संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी।

काउंसलिंग में छात्रों को बताया गया कि विभिन्न विषयों में अध्ययन कर वे किस क्षेत्र में कैरियर बना सकते हैं, जैसे प्रशासनिक सेवाएं, बैंकिंग, तकनीकी क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेश्री गिरीश गुप्ता (प्रोजेक्ट अधिकारी, जिला साक्षरता मिशन एवं प्राचार्य, लाइवलीहुड कॉलेज, सरगुजा, डॉ. मोहन साहू साक्षरता परियोजना अधिकारी, सूरजपुरएम. सिद्दीकी, निदेशक, जन शिक्षण संस्थान अंबिकापुरनूतन सिन्हा,जिला मिशन समन्वयक, महिला सशक्तिकरण केंद्र- हब, नीलमणि एक्का जेंडर विशेषज्ञ नेहा सिंह राजपूत, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञकार्यक्रम ने न केवल बालिकाओं व महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाया बल्कि उन्हें सक्षम, सजग और स्वावलंबी बनने की प्रेरणा भी दी।

कलेक्टर ने सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन विलास भोसकर के द्वारा शुक्रवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में समूह जल प्रदाय योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए देवीटिकरा समूह जल प्रदाय योजना जिसमें 33 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, के घटकों की बिंदुवार चर्चा की गई। इसमें इंटेकवेल का कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने एजेन्सी को इंटेकवेल, एमबीआर एवं जल शोधन संयंत्र के कार्य, पाईप लाईन एवं अन्य कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। पोड़ी खुर्द समूह जल प्रदाय योजना जिसमें 79 ग्राम सम्मिलित हैं के एजेन्सी के द्वारा अभी तक किये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कर लिए जाएं। इसी प्रकार दरिमा-करजी समूह जल प्रदाय योजना एवं खैरबार समूह जल प्रदाय योजना की ड्राइंग डिजाईन शीघ्र वेटिंग करा कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर श्री भोसकर ने कहा कि कार्य की गम्भीरता को समझें, निर्धारित समय सीमा में कार्य प्रगति नहीं दिखने पर आवश्यक कार्यवाही के लिए तैयार रहें। इस दौरान बताया गया कि एकल ग्राम योजना के अंतर्गत मार्च 2025 के पश्चात् उपलब्ध जल स्त्रोत वाले 160 अनुबंधों के भुगतान के उपरांत भी अभी तक 40 अनुबंधों में जल प्रदाय प्रारंभ नहीं किया गया है।

संविदा पदों की मेरिट सूची जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र के संचालन हेतु एकमुश्त संविदा मासिक वेतन पर स्वीकृत पदों की पूर्ति के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिला मिशन समन्वयक, जेंडर विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर पदों के लिए पात्र पाए गए अभ्यर्थियों के समस्त दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा 25 जुलाई को जिला लाइवलीहुड कॉलेज, जमकोर परिसर में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। मेरिट सूची सहित अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट तथा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

पदमपुर में परिवार नियोजन के उपायों पर दिया जा रहा जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा व जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के निर्देशानुसार जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाना है इसी कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह आयोजन 11 जुलाई से आरंभ होकर 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। भारत सरकार के द्वारा इस वर्ष जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजन करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है। 2025 का स्लोगन ''मॉ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही'' दिया गया है।

डॉ मनीष बंजारा ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के दौरान जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संतुलित आर्थिक विकास के लिए जनसंख्या सस्थिरीकरण आवश्यक है।

जनसंख्या स्थिरीकरण का तात्पर्य है जनसंख्या वृद्धि दर जन्म दर और मृत्यु दर के बीच संतुलन बना रहे.जनसंख्या स्थिरीकरण भारत के सतत विकास, संसाधनों के संरक्षण और सामाजिक स्थिरता के लिए अत्यंत जरूरी है। उन्होंने भारत को विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होने के कारण देश के संसाधन व भौगोलिक स्थिति आर्थिक सामजस्य और विकास के लिए जन संख्या का स्थिरीकरण को अत्यंत आवश्यक बतलाया।

आगे कहा की संसाधनों के संतुलित उपयोग को सुनिश्चित कर नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर दिलाने के लिए देश की बढ़ती जनसंख्या की गति को नियंत्रित करना, अत्यंत आवश्यक है। जनसंख्या नियंत्रण हेतु जागरूकता शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अति आवश्यक है, परिवार नियोजन के उपायों जैसे गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता और जागरूकता ग्रामीण क्षेत्रों तक फैलाना है। जनसंख्या नियंत्रण के प्रयासों को सफल बनाएं। यह न केवल देश के भविष्य के लिए जरूरी है, बल्कि हर परिवार के आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी हितों के लिए भी आवश्यक है।

निधन

लालाराम छोटे लाल देवांगन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सेतगंगा निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता

लालाराम छोटे लाल देवांगन का 86 वर्ष की उम्र में 16 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे संतोष देवांगन, उमाशंकर देवांगन, जनक देवांगन, रविंद्र देवांगन के पिता जी थे। उनकी अंतिम यात्रा 17 जुलाई को दोपहर 1 बजे निज निवास सेतगंगा मुक्तिधाम में किया गया।

नैनो डीएपी और यूरिया के उपयोग को बढ़ावा, अनियमित विक्रेताओं पर कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, जिससे इस खरीफसीजन में बेहतर फसल की उम्मीद जताई जा रही है। खरीफवर्ष 2025 के लिए जिले को 14 हजार 855 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 17 हजार 377 क्विंटल बीज का भंडारण करते हुए समस्त सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को पूरी मात्रा में वितरण कर दिया गया है। इसी प्रकार, रासायनिक खाद हेतु 60 हजार 620 टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध 45 हजार 145 टन भंडारित कर 37 हजार 535 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अनुसार, डीएपी की आपूर्ति में कमी आने की स्थिति में एनपीके, एसएसपी और यूरिया जैसे उर्वरकों को विकल्प के रूप में तैयार रखा गया है। इनमें एनपीके को डीएपी का सबसे उपयुक्त विकल्प माना गया है। जिले में आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने हेतु नैनो यूरिया (500 मि.ली.) की 06 हजार 497 बोतलों का भंडारण कर 03 हजार 207 नग और नैनो डीएपी की 03 हजार 114 बोतलों में से 01 हजार 85 बोतलों का वितरण किया जा चुका है। नैनो डीएपी एक नवीनतम तकनीक आधारित उर्वरक है, जो पारंपरिक डीएपी के बराबर पोषण प्रदान करता है, परंतु मिट्टी की गुणवत्ता को नुकसान नहीं पहुंचाता। जिले की 66 सेवा सहकारी समितियों और निजी विक्रय केन्द्रों में नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का भंडारण किया गया है। किसानों को इनके प्रयोग, लाभ और सावधानियों की जानकारी पोस्टर, बैनर और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से दी जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में बीज और उर्वरक विक्रय केन्द्रों की नियमित रूप से जांच की जा रही है। अब तक 09 बीज विक्रेताओं और 05 खाद विक्रेताओं पर अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। समय पर बीज एवं उर्वरक वितरण तथा प्रशासन की निगरानी से किसानों को राहत मिली है। जिला प्रशासन ने सभी सेवा सहकारी समितियों को निर्देशित किया है।

सक्ती में मिले जिला स्तर की स्वास्थ्य सेवाएंः डॉ. पूजा अग्रवाल

सक्ती/नवप्रदेश। नवपदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CHMO) डॉ. पूजा अग्रवाल ने मंगलवार को पदभार ग्रहण करते ही जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूती देने का संकल्प लिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब तक सक्ती में स्थायी जिला अस्पताल पूरी तरह शुरू नहीं हो जाता, तब तक सक्ति स्वास्थ्य केंद्र को अस्थायी रूप से जिला स्तर की सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि सक्ति के मरीजों को रिफर करने की नौबत ही न आए। इसके लिए ब्लड बैंक, डायलिसिस, कैंसर थेरेपी और सिलिकोसिस जैसी गंभीर

बीमारियों का इलाज स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने की योजना है।हम शासन से मांग करेंगे कि सक्ती में इन महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं को स्वीकृति मिले ताकि नागरिकों को बाहर भटकना न पड़े। यह नगरवासियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही संभव है। डॉ. अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा में बताया कि स्वास्थ्य विभाग में आने वाला हर मरीज हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास होगा कि हर व्यक्ति को समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण जल्द ही किया जाएगा, ताकि हर जगह की समस्याएं जानकर समाधान किया जा सके। ष्टाह्र डॉ. पूजा अग्रवाल ने आयुष्मान भारत योजना पर विशेष बल देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग का प्रयास रहेगा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिले और कोई भी इलाज से वंचित न रहे।÷ इसके लिए जनजागरूकता और नियमित कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नगरवासियों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था तभी सशक्त हो सकती है जब शासन, प्रशासन और समाज तीनों मिलकर काम करें।

अभियान

पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम, पुलिस अधीक्षक ने बच्चों संग खेलकर बढ़ाया उत्साह

अभियान पहल के तहत पुलिस विभाग ने लगाए 27 नक्षत्रों के प्रतीकात्मक पौधे

मुंगेली/नवप्रदेश। अभियान ''पहल'' के तहत जिला पुलिस एवं पुलिस परिवार के साथ मिलकर रक्षित केन्द्र 27 नक्षत्रों के 27 पौधे अलग-अलग प्रकार के 200 से अधिक पेड़ लगाकर पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियान ''पहल'' के दौरान वृक्षों उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किये। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने पुलिस परिवार के बच्चों को खेल के महत्वों को बताते हुए बच्चों के साथ खेल खेले। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा चलाये जा रहे अभियान ''पहल'' के तहत रक्षित केन्द्र में 27 नक्षत्रों के 27 पौधे विभिन्न प्रकार के 200 से अधिक पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। इस अभियान में जिला पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, जिले के विभिन्न कोटवार एवं पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान ''पहल'' के तहत 27 नक्षत्रों के 27 वृक्ष इस प्रकार हैं अश्विनी-कुचिला, भरणी-आंवला, कृतिका-गुल्लर, रोहिणी-

जामुन, मृगशिरा-खैर, आर्द्रा-शीशम, पुनर्वसु-बांस, पुष्य-पीपल, अश्लेषा-नागकेसर, मघा-बरगद, पूर्वा फाल्गुनी-पलाश, उत्तरा फाल्गुनी-पाकड़, हस्त-रीठा, चित्रा-बेल, स्वाति-अर्जुन, विशाखा-कटैया, अनुराधा-भालसरी, ज्येष्ठा-चीर, मूल-शाल, पूर्वाषाढ़ा-अशोक, उत्तराषाढ़ा-कटहल, श्रवण-अकोक, धनिष्ठा-शमी, शतभिषा-कदम्ब, पूर्वाभाद्रपद-आम, उत्तरा भाद्रपद-नीम, और रेवती-महुआ जैसे विभिन्न प्रकार के 200 से अधिक पौधे लगाए गए। कार्यक्रय के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक करते हुये उसके उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा कर बताया कि पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कार्यक्रम न केवल वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करता है, बल्कि जल संचयन, जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण प्रदान करने की जानकारी देते हुये प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम अपनी पृथ्वी की रक्षा करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करें।

27 को होगा आबकारी आरक्षक के लिए भर्ती परीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक के पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा 27 जुलाई को प्रातः 10 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा में जिले के 04 हजार 343 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। व्यापम द्वारा आगामी परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्ण आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व सभी परीक्षार्थियों की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 02 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना आवश्यक होगा, ताकि शारीरिक जांच और प्रवेश पत्र सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधे बाँह के कपड़े तथा चप्पल पहनकर परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है।

जिला सहकारी बैंकों को खाद-बीज और ऋण की नियमित आपूर्ति करने के निर्देश

कलेक्टर ने की कामकाज की समीक्षा, धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्राधिकृत अधिकारी संजय अग्रवाल ने प्रार्थना सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों और छ जिलों के शाखा प्रबंधक और पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील सोढ़ी, संयुक्त पंजीयक उदयभान राठिया, उप पंजीयक शेखर जयसवाल उपस्थित थे। प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा किसानों के लिए संचालित विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। बैंक की मांग वसूली की संक्षेप में समीक्षा की गई, जिन शाखाओं के द्वारा वसूली का कार्य ठीक ढंग से नहीं किया गया है, उन शाखाओं को चेतावनी दी गई है कि अपनी कार्य प्रणाली सुधार ले और बैंक की शत प्रतिशत वसूली का कार्य पूर्ण करें।

कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों को ऋण वितरण में तेजी लाएं और खाद बीज वितरण में कोई समस्या ना हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा अंतर्गत सभी ऋणी कृषकों का बीमा करने का निर्देश भी दिया। इस हेतु सभी समितियां में शिविर लगाकर किसानों को प्रेरित कर फसल बीमा का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिया कि फसल बीमा करने से कृषकों को प्राकृतिक आपदा से होने वाली हानि से बचाया जा सकता है। इसके लिए सभी मेहनत कर ऋणी कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा से जोड़ा जाए। कलेक्टर ने सभी को निर्देशित किया की आगामी धान खरीदी में धान बेचने वाले सभी कृषकों का एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन होना अनिवार्य है। ऐसी स्थिति में सभी धान बेचने वाले कृषकों को सूचित कर एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन करने का अभियान चलाया जाए। समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी आशीष दुबे, सुशील जोशी, अमित साहू, संतोष ठाकुर, विनय साहू, अश्वनी पांडे कर्मचारियों में सुशील चंद्राकर, शरद शर्मा, अनुराग निर्मलकर, आशीष सोनी, देवेंद्र शुक्ला, वीरेंद्र टंडन, अभिषेक शर्मा, हितेश सलूजा आदि उपस्थित थे।

खाद-बीज की उपलब्धता से खेती-किसानी का काम जोरों पर

खरीफ सीजन में इन दिनों खेती किसानी ने जोर पकड़ लिया है। रोपा और बियासी का काम तेजी से जारी है। ऐसे में शासन द्वारा समय पर खाद बीज की उपलब्धता से किसानों का उत्साह दोगुना हो गया है। बिल्हा ब्लॉक के बैमा-नगोई के किसानों के चेहरे भी खिल उठे है। उन्हे न तो लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है और न ही मंहगे दामों पर बाजारों से बीज या खाद खरीदने की मजबूरी है। नगोई सहकारी समिति में खाद लेने आए किसान प्रदीप कुमार शास्त्री भी इस बार अच्छी फसल को लेकर आश्वस्त है। सरकारी मदद ने उनके उत्साह को और बढ़ा दिया है। श्री शास्त्री ने बताया कि वे 6 एकड़ में खेती किसानी करते है। समिति से खाद-बीज आसानी से मिल गया। बिना किसी लंबी कतार के उन्हें यूरिया, डीएपी, नैनो डीएपी मिला है। समय पर खाद बीज की उपलब्धता से उन्हें बड़ी मदद मिली है। यह खाद रियायती दर पर होने के साथ ही गुणवत्ता में भी बेहतर है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस बार बेहतर पैदावर होगी। कुछ इसी प्रकार की खुशी जाहिर करते हुए किसान कालिका प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि वे 4 एकड़ में खेती किसानी करते है। इस बार बारिश भी अच्छी हुई है और सरकार द्वारा समय पर खाद बीज उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण वे जोर-शोर से खेती किसानी में जुट गए हैं।

■ न्यूज गैलरी

देवघर के लिए शहर से शिवभक्तों का जत्था रवाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। सावन के पवित्र माह में बाबा भोलेनाथ की भक्ति का रंग पूरे देश में चढ़ता है, और इस बार भी बिलासपुर से शिवभक्तों की टोली बोलबम के जयकारों के साथ देवघर के लिए रवाना हुई। यह जत्था शहर व प्रदेश की सुख-शांति की कामना के साथ पवित्र जल अर्पित करेगा। न्यायधानी के श्रद्धालु पहले सुल्तानगंज, बिहार पहुंचेंगे, जहां वे गंगा स्नान कर कांवर में जल भरेंगे। इसके बाद पैदल यात्रा कर बोलबम की गूंज के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर पहुंचकर जल चढ़ाएंगे। यह यात्रा सिर्फ एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि एक आत्मिक अनुभूति भी है। इस पावन यात्रा में प्रमुख रूप से प्रकाश सिंह, विजय केशरवानी, अतुल सिंह, निर्मल मानिकपुरी, निक्की दुबे, रौशन सिंह, प्रवीण शर्मा, साक्षी यादव, प्रशांत द्विवेदी, आनंद श्रीवास, गौरव दुबे, अजय यादव, मनोज पाण्डेय, आशीष चौरसिया, सोनल सिंह, आयुष सिंह, शुभम गोस्वामी, प्रिंस राहुल मिश्रा शामिल हैं। सभी बिलासपुर पटना ट्रेन से रवाना हुए हैं।

जोन क्रमांक 8 में सफाई कर्मियों का जताया आभार, शहरवासियों से सहयोग की अपील

स्वच्छ शहर का अवार्ड मिलने पर जोन अध्यक्ष व पार्षद ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वछता सर्वेक्षण में बिलासपुर नगर निगम को देश के दूसरे स्वच्छ शहर का अवार्ड मिलने पर आज जोन क्रमांक 8 के अध्यक्ष व वार्ड क्रमांक 61 के पार्षद राजेश दुसेजा व वार्ड नंबर 66 के पार्षद अंचल दुबे द्वारा सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री दुसेजा ने कहा कि महापौर पूजा विधानी, निगम आयुक को देश की राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने का श्रेय पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल द्वारा शहर को स्वच्छ शहर बनाने हेतु अपने पूर्व कार्यकाल में गली-मोहल्लों में लगे कचरे को व्यवस्थित करने के लिए डोर-टू-डोर कचरे को उठाने की योजना लाने से आज शहर स्वच्छ शहर बना है इस सबका मुख्य श्रेय सफाई कर्मियों व आम जनता की जागरूकता है। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष राजेश दूसेजा, पार्षद अंचल दुबे, तिहारी जायसवाल व निगम का पूरा सफ़ाई अमला उपस्थित थे। श्री दुसेजा ने इन सभी सफाई कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

लिकेज पाइपलाइन की समस्या हुई दूर

वार्ड 66 के पार्षद अंचल दुबे ने बताया कि वार्डो का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। वार्ड में पानी सप्लाई होने पर पाइपलाइन लिकेज के कारण गंदा पानी घरों में जाता था। इस समस्या को दूर करने के लिए पार्षद निधि के फंड का उपयोग करते हुए वार्ड के सभी लिकेज पाइपलाइनों को बदल दिया गया है, जिससे घरों में साफ-सुथरा पानी पहुंचे। पार्षद श्री दुबे ने कहा कि हम सभी को मिलकर सफाई में शहर को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए, जिससे आने वाले समय में शहर को पहला स्थान मिले। बिना जनसहयोग के यह संभव नहीं है।

लायंस क्लब उत्कर्ष की नई कार्यकारिणी ने सेवक संकल्प के साथ ली शपथ

■ **विजन पर करेंगे काम**

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष शपथ ग्रहण समारोह 25 -26 का कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेफ ला.रिपुदमन पुसरी, मुख्य वक्ता पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रीतपाल बाली, रीजन चेयरपर्सन दिनेश अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन इंदिरा त्रिपाठी विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मेल्विन जॉन्स के प्रतिमा पर माल्यार्पण द्वारा प्रारंभ हुई। रीजन चेयरपर्सन द्वारा नवीन पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पांच नए सदस्यों ने उत्कर्ष क्लब की सदस्यता ग्रहण की। लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष की नई अध्यक्ष लायन डॉक्टर शकुंतला जितपुरे सचिव डॉ आरती पांडे, कोषाध्यक्ष डॉ रश्मि जितपुरे बनी। प्रथम उपाध्यक्ष भारती तिवारी, द्वितीय कविता खत्री उपाध्यक्ष कविता खत्री चुनी गई। टेल ट्विटर अर्चना तिवारी, टेमर एवं एल सी आई फ़ चेयरपर्सन सुधा मारदा, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर वीणा अग्रवाल, बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स डॉ शकुन्तला, डॉ रश्मि, सुधा मारदा, वीणा अग्रवाल, डॉ आरती पांडे ने शपथ ली। डिस्ट्रिक्ट श्लोगन बी बैटर इस स्लोगन के साथ क्लब स्लोगन हर्ष हेल्थ, एवार्नेसेस, रिहाबिलेशन, सर्विस, हंगर सम्मिलित किया गया।

कांग्रेसियों ने डॉ. खूबचंद की जयंती मनाई, दी श्रद्धांजलि

बिलासपुर/नवप्रदेश। 19 जुलाई को जिला कांग्रेस कमेटी ने डॉ. खूबचन्द बघेल की जयंती मनाई और उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्न द्रष्टा डॉ खूबचन्द बघेल ने भ्रातृसंघ की स्थापना कर पृथक राज्य के लिए बड़ा आंदोलन किया।

उन्होंने तत्कालीन सामाजिक कुरूतियों को दूर करने के लिए नाटक के माध्यम से जनजागरण किया। सामाजिक पंगत प्रथा को समाप्त कर सभी को एक समान का दर्जा दिया उनका मानना था जिसने भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सभ्यता ,लोक व्यवहार को स्वीकार करता है। बोली -भाषा को जानता है ,वह छत्तीसगढ़िया है। संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि स्व खूबचन्द बघेल का जन्म 19 जुलाई 1900 को पथरी गांव में हुआ। उच्च शिक्षा नागपुर से हूई और यही से देश प्रेम जागृत हुआ और आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े, वे सांसद और विधायक निर्वाचित हुए वैचारिक मतभेद से अलग पार्टी में चले गए और वहां भी विधायक निर्वाचित हुए एक सच्चा छत्तीसगढ़िया थे जिन्होंने छत्तीसगढ़ की परिकल्पना की जो उनकी मृत्यु के लगभग 40 साल बाद अलग राज्य बना ,उनके नाम पर राज्य सरकार प्रति वर्ष पुरुस्कार देती है। 22 फरवरी 1969 को दिल्ली में उनका निधन हुआ। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी, त्रिभुवन कश्यप, माधव ओत्तालवार, विनोद शर्मा, विनोद साहू, मनोज सिंह, मनोज शर्मा, राम दुलारे रजक, सत्येंद्र तिवारी, स्वर्णा शुक्ला, गौरव एरी, वसीम खान, जिग्नेश जैन, हेमन्त दिघरस्कर, राजीव साहू और कौशिक धर उपस्थित थे।

लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन 25 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। संस्थान प्रबंधन समिति महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। इच्छुक आवेदिका जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर, सिलाई एवं फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकती है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई तक है। विस्तृत जानकारी हेतु संस्था कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत से मिले डॉक्टर अजय श्रीवास्तव

बिलासपुर/नवप्रदेश। लेफ्टीनेंट जनरल पी.एस.शेखावत एक परिचय जनरल आफिसर कमांडिग मध्य भारत क्षेत्र लेफ्टीनेंट जनरल पी.एस. शेखावत मध्य भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिग है। आपने 2024 में यह पदभार संभाला है। आप सर्वप्रथम 19 दिसम्बर 1987 को 16 मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में नियुक्त हुए। आप राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र रहे हैं। आपने रक्षा सेवा स्टॉफ कोर्स, सिनीयर कमांड कोर्स, हायर कमांड कोर्स और प्रतिष्ठीत राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज

ढाका-बंगलादेश से महत्वपूर्ण पाठयक्रम पूर्ण किया है। आपको हाईप्रोफाईल कमांड स्टॉफ और अनुदेशात्मक नियुक्तियों का व्यापक अनुभव है। आप अपने कार्यकाल के दौरान बटालियन, एक आर्मड ब्रिगेड गलवान घाटी में भारत और चीन के टकराव के बीच पूर्वी लद्दाख के एक माउंटेन की कमान संभाली है। आप राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़कवासला में प्रशिक्षक के पद पर अपनी सेवाएँ दे चुके है। साथ ही यूनीफील लेबनान में संपर्क अधिकारी, सेना मुख्यालय में सैन्य सचिव तथा मैकनाईज्ड फोर्स के महानिदेशक के पद पर भी कार्य किया है, इसके साथ ही दक्षिणी पश्चिमी कमान में ब्रिगेडियर जनरल स्टाफ के पद पर अपनी सेवाएँ दे चुके है। आपने सेना मुख्यालय में महानिदेशक अनुशासन, समारोह और कल्याण के रूप में भी कार्य किया है। वर्तमान में आप मध्य भारत एरिया के छः प्रमुख राज्य मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं बिहार का जनरल ऑफिसर कमांडिंग का कमान संभाल रहे हैं। आपकी प्राथमिकता में सैनिकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और शहीदों के परिवार के कल्याण विशेष रूप से रहता है।

एक हजार करोड़ की संपत्ति पर अब सरकार का होगा कब्जा

मिशन हॉस्पिटल मामले में जिला प्रशासन के पक्ष में फैसला

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेवा के नाम पर खेला करने की शिकायत का जब खुलासा हुआ तब जिला प्रशासन ने मिशन अस्पताल परिसर की एक हजार करोड़ रुपये की 11 एकड़ बेशकीमती सरकारी संपत्ति पर कब्जे को लेकर कदम आगे बढ़ाया। मिशन अस्पताल प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण कराए बगैर परिसर के भीतर स्थिति जमीनों को किराए पर चढ़ाकर हर महीने मोटी रकम भी वसूल रहा है। इन सब शिकायतों के सामने आने के बाद तत्कालीन कलेक्टर अवनीश शरण ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए बेदखली की कार्रवाई आगे बढ़ाने

का निर्देश दिया था। जिला प्रशासन को लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। प्रशासन के आदेश को चुनौती देते हुए क्रिश्चियन वुमन बोर्ड आफ मिशन व नितिन लारेंस ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच हुई। कोर्ट ने दोनों याचिकाओं को खारिज करने के साथ ही पावर आफ अटार्नी को भी गलत ठहराया है। लीज की अवधि समाप्त होने और लीज देते वक्त तय किए गए मापदंडों के उल्लंघन के आरोप में कलेक्टर बिलासपुर ने मिशन अस्पताल परिसर की सरकारी जमीन को अपने कब्जे में लेने की प्रक्रिया प्रारंभ की। सचिव डिसोसियस आफ छत्तीसगढ़ नितिन लारेंस ने कमिश्नर कोर्ट के समक्ष याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बार कमिश्नर कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था। कमिश्नर ने अपने फैसले में लिखा कि अस्पताल की जमीन क्रिश्चियन बोर्ड आफ मिशन की है। लारेंस द्वारा पेश की गई पावर आफ अटार्नी किसी अन्य संस्था की है। लारेंस ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को वापस कमिश्नर कोर्ट में आवेदन पेश करने कहा। कमिश्नर कोर्ट ने दोबारा याचिका खारिज होने के बाद नितिन लारेंस ने दूसरी मर्तबे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाल सभा गठित

बिल्हा /नवप्रदेश। बिल्हा बालसभा का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से किया गया। इस चुनाव में तृषा जांगड़े प्रधानमंत्री, करण निषाद उपप्रधान मंत्री, पूनम मार्कण्डेय शिक्षा मंत्री, यास्मिता श्याम खेल मंत्री, हर्ष रात्रे स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, धनंजय कौशिक पर्यावरण मंत्री, निकिता कोशले सुरक्षा एवं जन-संपर्क मंत्री, चांदनी साहू संस्कृति मंत्री, और धनिशा लहरे खाद्य मंत्री चुना गया इन आठ मंत्रियों का निर्वाचन प्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से किए गए। आज के इस बाल सभा शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएसी केशव वर्मा, विशिष्ट अतिथि केदार दुबे सेवानिवृत्त शिक्षक, साधराम मरकाम प्रधान पाठक के अध्यक्षता में नव-निर्वाचित छात्रों को शपथ दिलाई गई।

उपलब्धि

बाल्टी में डूब चुकी 14 माह की बच्ची को मौत के मुंह से निकाला

शिशु भवन की संवेदनशील चिकित्सा सेवा ने मासूम को दी नई जिंदगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मध्य नगरी स्थित श्री शिशु भवन अस्पताल एक बार फिर अपने मानवीय संवेदना और चिकित्सा उत्कृष्टता का प्रमाण बना है। अंबिकापुर के सूरजपुर जिले के प्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मनिडांड धरमपुर में रहने वाले किसान प्यारे सिंह और ललिता सिंह की 14 माह की मासूम बेटी सृष्टि सिंह को जीवन और मृत्यु के बीच से खींचकर वापस लाया गया और यह चमत्कार श्री शिशु भवन में हुआ।

2 जून को घर में खेलते समय नन्हीं सृष्टि पानी से भरी बाल्टी में सिर के बल गिर गई। उस वक्त पिता प्यारे सिंह घर पर नहीं थे और मां ललिता सिंह घरेलू कार्यों में व्यस्त थीं। जब बेटी नजर नहीं आई, तो खोजबीन शुरू हुई और मासूम को अचेत अवस्था में बाल्टी में डूबा पाया गया। आनन-फानन में उसे अंबिकापुर के होली क्रॉस अस्पताल ले जाया गया, परंतु बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए वहां से उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया। 5 जून को बेटी की अंतिम उम्मीद के साथ परिजन श्री शिशु भवन पहुंचे। यहां डॉक्टर श्रीकांत गिरी और डॉ. अभिमन्यु पाठक के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने बच्ची को पीआईसीयू (गहन बाल चिकित्सा इकाई) में भर्ती कर इलाज शुरू किया। बच्ची के फेफड़ों में पानी चले जाने से गंभीर संक्रमण फैल चुका था, और फेफड़ा लगभग निष्क्रिय हो गया था। लंबे और सतत इलाज के बाद आज सृष्टि पूरी तरह से स्वस्थ है और कुछ ही दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिलने की संभावना है।

आयुष्मान योजना का मिला लाभ

खास बात यह रही कि यह पूरा इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत हुआ, जिससे परिजनों को इलाज के लिए कोई आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ा। श्री शिशु भवन के प्रबंधक नवल वर्मा ने भी इस पूरी प्रक्रिया में संवेदनशीलता दिखाते हुए यह सुनिश्चित किया कि इलाज में कोई बाधा न आए। जिस बेटी को लगभग खो दिया गया था, उसके पुनर्जीवित होने से माता-पिता के चेहरों पर संतोष और कृतज्ञता के भाव स्पष्ट देखे जा सकते हैं। उन्होंने शिशु भवन के चिकित्सकों और प्रबंधन टीम का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने जीवन रक्षक सेवा प्रदान कर उनकी बेटी को नया जीवन दिया।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स लाल निशान में खुला बैंकिंग शेयरों में बिकवाली

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। सुबह 9ः44 पर सेंसेक्स 242 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,014 और निफ्टी 64 अंक या 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,044 पर था।बिकवाली का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों की ओर से किया जा रहा है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 323 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,490 पर था।लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में सपाट कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 68 अंक या 0.11 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 59,450 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 21 अंक या 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,095 पर था।निफ्टी में ऑटो, पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी और कमोडिटी हरे निशान में थे। आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा लाल निशान में थे।सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, टाटा मोटर्स, बीईएल, एनटीपीसी, टीसीएस, ट्रेंट और मारुति सुजुकी टॉप गेनर्स थे। एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, इटरनल (जोमैटो), एचयूएल, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे।जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, जुलाई में अब तक भारत ज्यादातर बाजारों के मुकाबले कमजोर प्रदर्शन कर रहा है, निफ्टी में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस गिरावट में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली का अहम योगदान है। इस साल अब तक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों में एक स्पष्ट पैटर्न देखने को मिल रहा है।इस साल के पहले तीन महीनों में वे बिकवाली कर रहे थे। अगले तीन महीनों में वे खरीदार बन गए और सातवें महीने में अब तक के रुझान आगे भी बिकवाली का संकेत दे रहे हैं, जब तक कि कोई सकारात्मक खबर बाजार में गिरावट के रुख को पलट न दे।उन्होंने आगे कहा, पहली तिमाही के नतीजों से मिले शुरुआती संकेत जैसे होटल उद्योग के अच्छे नतीजे, इस रुझान के जारी रहने का संकेत देते हैं। सभी क्षेत्रों के विशिष्ट लग्जरी सेगमेंट के अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना है।प्रमुख एशियाई बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शंघाई, हांगकांग, बैंकॉक और जकार्ता में सबसे ज्यादा बढ़त रही। जबकि टोक्यो और सियोल में गिरावट दर्ज की गई।

एएमपी 2047 उप-समितियों की उद्घाटन बैठक उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित की गई

केंद्र ने भारत के ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 के लिए शुरू किया काम

नई दिल्ली। भारी उद्योग मंत्रालय ने ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 (एएमपी 2047) तैयार करने की पहल की है। इसका उद्देश्य 2047 तक भारत को ग्लोबल ऑटोमोटिव सेक्टर में अग्रणी बनाने के लिए इनोवेशन, वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में बताया गया कि यह पहल विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप एक रणनीतिक रोडमैप है, जो पिछली ऑटोमोटिव मिशन योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित है, जिन्होंने हितधारकों के सहयोग से भारत के ऑटोमोटिव सेक्टर में वृद्धि को बढ़ावा दिया था।एएमपी 2047 उप-समितियों की उद्घाटन बैठक उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित की गई।भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने कहा, 2047 का विजन कोई आकांक्षा नहीं, बल्कि एक रणनीतिक रोडमैप है, जो सेक्टर के विकास, निर्यात और उद्योग उन्नति के ठोस लक्ष्यों पर आधारित है। हमें विशिष्ट तकनीकों या कंपनियों से आगे बढ़कर 2047 में भारत की वैश्विक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जिसका लक्ष्य इनोवेशन और गुणवत्ता के माध्यम से ग्लोबल ऑटोमोटिव व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना है।ऊर्जा मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, डीपीआईआईटी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और एसआईएएम, एसीएमए, सीआईआई, फिक्की जैसे उद्योग निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, शोध थिंक टैंक और परीक्षण एजेंसियों सहित विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधियों ने एएमपी

2047 को आकार देने के लिए उद्योग-नेतृत्व वाले प्रयास की शुरुआत करने के लिए इस बैठक में भाग लिया।यह पहल तकनीकी प्रगति और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिए ऑरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम), ऑटो कंपोनेंट निर्माताओं, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और एंड यूजर्स सहित हितधारकों के सामूहिक दृष्टिकोण को इंटीग्रेट करने का प्रयास करती है। सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों वाली सात उप-समितियां 2030, 2037 और 2047 के लक्ष्यों को लक्षित करते हुए एक व्यापक योजना के विकास का मार्गदर्शन करेंगी।केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के मार्गदर्शन में मंत्रालय एक आत्मनिर्भर, इनोवेटिव और सस्टेनेबल ऑटोमोटिव इकोसिस्टम के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देता है। बयान में आगे कहा गया है कि उप-समितियों की कई बैठकों में विचारों और आंकड़ों को कंसोलिडेट किया जाएगा ताकि भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया जा सके।

भारत में निर्मित आईफोन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा गंतव्य

एप्पल ने भारत में 2025 की पहली छमाही में बनाए रिकॉर्ड तोड़ आईफोन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि एप्पल ने भारत में स्मार्टफोन निर्माण में एक नया मानक स्थापित किया है और 2025 की पहली छमाही के दौरान आईफोन उत्पादन के साथ-साथ निर्यात में अब तक की सबसे तेज वृद्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए ग्लोबल टेक मैन्युफैक्चरिंग में देश की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, एप्पल ने भारत में रिकॉर्ड आईफोन उत्पादन हासिल किया। मार्केट रिसर्च फर्म कैनालिस के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी और जून 2025 के बीच भारत में आईफोन उत्पादन सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 23.9 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया। 2017 में देश में स्मार्टफोन असेंबलिंग शुरू करने के बाद से यह एप्पल का सबसे बड़ा विस्तार है। इस वृद्धि को खासकर चीनी वस्तुओं पर अमेरिका

द्वारा उच्च टैरिफ के मंडराते खतरे के बीच एप्पल की चीन पर निर्भरता कम करने की रणनीति के तहत देखा जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात में भी इसी तरह की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है। भारत में निर्मित आईफोन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा गंतव्य था, जहां कुल निर्यात का 78 प्रतिशत निर्यात हुआ, जो एक साल पहले 53 प्रतिशत था। नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, यूके और जापान जैसे अन्य बाजारों में भारतीय आईफोन शिपमेंट में उनकी हिस्सेदारी में गिरावट देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्सकॉन ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में अग्रणी भूमिका निभाई, जिसने निर्यात किए गए आईफोन में आधे से अधिक का योगदान दिया।टाटा समूह भी एक मजबूत प्लेयर के रूप में उभरा है, जो अब भारत से एप्पल के आईफोन निर्यात का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है।विश्लेषकों का कहना है कि यह बेहतर मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन और भारत की क्षमताओं में एप्पल के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।कैनालिस ओमडिया के प्रमुख विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा, यह भारत में एप्पल का अब तक का सबसे पहला प्रमुख उत्पादन विस्तार हो सकता है।उन्होंने कहा कि अगर भारत चीन के प्रोडक्शन टाइमलाइन की बराबरी कर लेता है तो यह एप्पल की ग्लोबल सप्लाई चेन रणनीति में एक नया अध्याय लिखेगा।इस वृद्धि को इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का भी समर्थन प्राप्त है, जो स्थानीय उत्पादन बढ़ाने के लिए निर्माताओं को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

यह विकास मेक इन इंडिया पहल को भी एक बढ़ावा देता है, जिसका उद्देश्य देश को एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना है।

कंपनी ने अपनी इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट में 95 प्रतिशत भारतीय पार्ट्स का किया इस्तेमाल

नई दिल्ली। काइनेटिक ग्रीन की सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा कि कंपनी द्वारा टोनिनो लेम्बोर्गिनी एसपीए के साथ साझेदारी में वैश्विक बाजार के लिए पेश की गई इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट में 95 प्रतिशत भारतीय पार्ट्स का इस्तेमाल किया गया है।काइनेटिक ग्रीन की सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, काइनेटिक ग्रुप हमेशा इनोवेटिव प्रोडक्ट्स को लाता है। हमने नई टेक्नोलॉजी लाने के लिए हमेशा बड़ी कंपनियों जैसे मर्सिडीज-बेंज, होंडा मोटर कंपनी, हुंडई ताइजिन और कई अन्य के साथ साझेदारी की है और मार्केट में बड़ा बदलाव लाया है।उन्होंने आगे कहा कि यह भी एक ऐसा ही प्रयास है ,जिसमें हमने तेजी से बढ़ रहे गोल्फ और लाइफस्टाइल सेगमेंट में ध्यान केंद्रित किया है और टोनिनो लेम्बोर्गिनी एसपीए के साथ साझेदारी की है।

इसमें भारतीय इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग के साथ इटली के डिजाइन का एक मिश्रण देखने को मिलेगा। मोटवानी ने बताया, यह पहली बार है जब भारत में बने ईवी प्रोडक्ट्स को दुनिया के सामने पेश किया गया है। मुझे गर्व है कि इसे बनाने में हमने 95 प्रतिशत भारतीय पार्ट्स का इस्तेमाल किया है और सही मायनों में यह मेड इन इंडिया प्रोडक्ट है।

काइनेटिक ग्रीन एनर्जी ने गुरुवार को 'मेड इन इंडिया' इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट का ग्लोबल लॉन्च किया था। इस गोल्फ कार्ट को कंपनी ने इटली के ब्रांड टोनिनो लेम्बोर्गिनी एसपीए के साथ मिलकर तैयार किया है।उन्होंने आगे कहा कि इस प्रोडक्ट के लॉन्च के साथ ही काइनेटिक ग्रीन की एंट्री दोपहिया और तिपहिया वाहनों से बढ़कर चारपहिया वाहन सेगमेंट में हो गई है।कंपनी द्वारा लॉन्च की गई गोल्फ और लग्जरी कार्ट की मुख्य फीचर्स में सुगमता के लिए अनुकूलित मैकफर्सन सस्पेंशन और स्थिरता के लिए उन्नत चार-पहिया ब्रेक के साथ हाइड्रोलिक शामिल हैं। पावर यूनिट 45 एनएम टॉर्क और 30 प्रतिशत ग्रेडेबिलिटी उत्पन्न करने में सक्षम है।

स्कोडा ऑटो ने भारत में हासिल की एक नई उपलब्धि

172 शहरों में 300 कस्टमर टचपॉइंट के साथ अपनी उपस्थिति मज़बूत की

बिलासपुर। भारत में 25 साल और दुनिया भर में 130 साल की शानदार विरासत के साथ स्कोडा ऑटो नए मुकाम गढ़ रही है। कंपनी ने इस महीने 2025 की पहली छमाही में अपनी अब तक की सबसे ज़बरदस्त बिक्री दर्ज की है – और अब एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में ब्रांड ने देश के 172 शहरों में 300 से अधिक ग्राहक टचपॉइंट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। ग्राहक अनुभव को बेहतर से बेहतरीन बनाना स्कोडा ऑटो की भारत में तेज़ रफ्तार विकास रणनीति का मूल मंत्र है। देशभर में तेज़ी से बढ़ता यह नेटवर्क, न केवल स्कोडा की बढ़ती पहुँच का प्रमाण है, बल्कि भारतीय ग्राहकों के बीच उसके मज़बूत होते भरोसे की कहानी भी कहता है।

इस अवसर पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष

गुप्ता ने कहा, ÷हमारे नेटवर्क के विस्तार से हमारी कारें और सेवाएं अब ज़्यादा लोगों तक पहुंच रही हैं। इससे ग्राहकों को देशभर में तेज़, भरोसेमंद और गुणवत्ता से भरपूर सेवा मिल रही है। हम 'ग्राहकों के और करीब आने' और 'साथ मिलकर आगे बढ़ने' की सोच के साथ काम कर रहे हैं। इसी के तहत हमने अपने पुराने, भरोसेमंद डीलर साझेदारों के साथ सहयोग को और मज़बूत किया है और कुछ नए, ग्राहक-केंद्रित साझेदारों को भी जोड़ा है। यह विस्तार भारत में स्कोडा ऑटो की उपस्थिति को और सशक्त बनाएगा और सुरक्षा, मूल्य तथा बेहतरीन अनुभव के हमारे वादे को और मज़बूती देगा।

काइलैक की सफलता से आगे बढ़ते हुए

काइलैक स्कोडा ऑटो के लिए एक ऐसा मॉडल बनकर उभरा है, जिसने कंपनी को नए बाज़ारों और ग्राहकों से जोड़ने में बड़ी मदद की है। ब्रांड का लगातार बढ़ता नेटवर्क अब इन नए क्षेत्रों में स्कोडा की पहुंच और मज़बूत कर रहा है। कुशाक और कोडिएक के साथ मिलकर अब स्कोडा के पास हर वर्ग के ग्राहकों के लिए एसयूवी की पूरी रेंज मौजूद है – यानी ÷हर किसी के लिए एक एसयूवी ÷। वहीं, स्लाविया स्कोडा की सेडान परंपरा को आगे बढ़ा रही है और जल्द ही एक नया इंटरनेशनल मॉडल भारतीय बाज़ार में दस्तक देगा। स्कोडा ऑटो का यह उत्पाद पोर्टफोलियो और नेटवर्क विस्तार मिलकर भारत में ब्रांड की पकड़ को और मज़बूती दे रहे हैं।

तेज़ी से बढ़ती स्कोडा की ग्रोथ रफ्तार

स्कोडा ऑटो इंडिया की ग्रोथ रणनीति एकदम साफहै – टियर-1 शहरों में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए कंपनी टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी तेज़ी से विस्तार कर रही है। बीते 9 महीनों में, स्कोडा ने 30 से ज़्यादा नए शहरों में एंट्री की है, जिनमें से अधिकांश टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के हैं। इस दौरान हुए कुल विस्तार का 86त्न इन्हीं छोटे शहरों में हुआ है। आज स्कोडा के कुल 300 में से लगभग 75त्न टचपॉइंट्स इन शहरों में ग्राहकों को सेवा दे रहे हैं। इससे ग्राहकों को अपने ही शहर में डीलरशिप और सर्विस फैसिलिटी की सुविधा मिलती है – जो समय भी बचाती है और भरोसेमंद क्वालिटी को नज़दीक लाती है।

राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक ऐतिहासिक भारत के लिए नए युग की शुरुआत करेगा

नई दिल्ली। अरुणाचल पश्चिम से लोकसभा सांसद 53 वर्षीय रिजिजू ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह इस विधेयक के शीघ्र ही कानून बनने की उम्मीद कर रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का मानना है कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में पेश होने वाला राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक भारत में खेलों के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगा।

एनएमडीसी सीएसआर प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं

नि:शुल्क पाठ्यक्रम

एनएमडीसी NMDC RESPONSIBLE MINING

एनएमडीसी हैदराबाद स्थित केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए दंतेवाड़ा व बस्तर से 500 जनजातीय उम्मीदवारों को प्रायोजित कर रहा है।

प्रस्तावित पाठ्यक्रम	अवधि	पात्रता मापदंड
मशीन ऑपरेटर - एनएसक्यूएफ स्तर IV पाठ्यक्रम	6 महीने	8वीं पास
प्लास्टिक प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा	3 वर्ष	10वीं पास
प्लास्टिक मोल्ड प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा	3 वर्ष	10वीं पास
प्लास्टिक प्रसंस्करण और परीक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	2 वर्ष	विज्ञान में स्नातक

प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 20 जुलाई से 30 जुलाई तक होगा

पात्रता मानदंड और आवेदन जमा करने के लिए:
के सुबह : 10.30 से शाम 5.30 तक

दंतेवाड़ा के लिए:
ऑडिटोरियम हॉल, बीआईओपी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, एनएमडीसी किरन्दुल
श्री सुखराम नावड़े : 8305547737

बस्तर के लिए:
एनएमडीसी डीएवी प्राइवेट इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट
नगरनार पंचायत भवन के पास, नगरनार जिला - बस्तर
श्री अभिषेक पवार : 9424281754
श्री सचिन तिवारी : 9340136656
श्री विनोद पाण्डेय : 8718888144

खुशियां बिखेरते हुए एनएमडीसी

श्रीहरि नटराज का जलवा, 200 मीटर फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। सायली वानी, तनीषा कोटेचा और प्रीथा वर्तिकर की भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने ग्रुप पांच में नीदरलैंड पर 3-1 से जीत दर्ज की तो वहीं देवर्ष वाघेला, अयाज मुराद और हरकुंवर सिंह की पुरुष टीम ने कोलंबिया को 3-2 से शिकस्त दी। तैराक श्रीहरि नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में अपने 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' को बेहतर करते हुए जर्मनी में विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के दूसरे दिन शुक्रवार को सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने नीदरलैंड को हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। बैडमिंटन खिलाड़ियों को हालांकि मिश्रित टीम स्पर्धा हांगकांग के खिलाफ निराशा मिली।

दो बार के ओलंपियन 24 साल के श्रीहरि नटराज (24 वर्षीय) ने अपनी हीट में 1ः48.22 सेकेंड का समय निकालकर शीर्ष स्थान हासिल किया। बेंगलुरु के इस तैराक ने पिछले महीने सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड 1ः48.66 सेकेंड को पीछे छोड़ दिया। नटराज ने कुल मिलाकर पांचवें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। सायली वानी, तनीषा कोटेचा और प्रीथा वर्तिकर की भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने ग्रुप पांच में नीदरलैंड पर 3-1 से जीत दर्ज की तो वहीं देवर्ष वाघेला, अयाज मुराद और हरकुंवर सिंह की पुरुष टीम ने कोलंबिया को 3-2 से शिकस्त दी। पुरुष टीम के सामने अब अंतिम 16 में चीन की चुनौती होगी। बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत ने हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ ग्रुप एफ में कड़ा संघर्ष किया। टीम को हालांकि 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले गुरुवार को इस भारतीय टीम ने मकाऊ को 5-0 से हराया था। टेनिस के महिला एकल में अंजलि राठी और वैष्णवी अडकर ने अंतिम 32 में जगह बनाई। अंजलि ने युगांडा की क्रिस्टियाना ओवोमुहांगी को 6-0, 6-0 से जबकि वैष्णवी ने नीदरलैंड की जोलीन मारिया जेनिया गील्स को 6-1, 6-0 से शकस्त दी।

सोनी सब के 'इत्ती सी खुशी' में ऋषि सक्सेना की एंट्री

निभाएंगे एक पुलिस अधिकारी और अन्विता के मौन प्रेमी की भूमिका

मुंबई। सोनी सब का आगामी फैमिली ड्रामा 'इत्ती सी खुशी' अपनी अनोखी कहानी और दमदार कलाकारों की टीम के कारण दर्शकों में उत्साह बढ़ा रहा है। शो में सुम्बुल तौकीर खान (अन्विता दिवेकर), वरुण बडोला (सुहास दिवेकर) और रजत वर्मा (विराट) जैसे कलाकार पहले से जुड़े हैं। अब इस कास्ट में शामिल हो रहे हैं ऋषि सक्सेना, जो निभाएंगे संजय की भूमिका – एक तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी, जो इस कहानी में भावनाओं का एक नया मोड़ लेकर आता है।

संजय ऐसा इंसान है जो हमेशा पास रहा है – शांत, स्थिर और पूरी तरह से भरोसेमंद। वह अन्विता का बचपन का दोस्त और पूर्व पड़ोसी है, और शायद उसे अन्विता को उतना ही गहराई से जानता है जितना कोई और नहीं। जहाँ अन्विता उसे सबसे ज़्यादा भरोसेमंद मानती है, वहीं वह यह भी नहीं जानती कि क्या वह उसके प्रेम का उत्तर दे पाएगी।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता चैतन्य बघेल के साथ खड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद एवं कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने एक्स पोस्ट पर कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता चैतन्य बघेल के साथ खड़ा है। हमारे कार्यकर्ता किसी भी एजेंसी के दबाव के सामने झूकेंगे नहीं। राज्य में इस समय केंद्र की संवैधानिक संस्थाओं द्वारा कोयला, शराब घोटाले में कांग्रेस के कई नेताओं को जेल में डाल दिया गया है वहीं कई शराब ठेकेदारों अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है इस समय भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के विरुद्ध ईडी द्वारा कार्रवाई किये जाने से बवाल मच गया है।

फिर सक्रिय हुआ अमित जोश गैंग, बीएसपी कर्मी पर तलवार से हमला

भिलाई /नवप्रदेश। भिलाई शहर में कुख्यात अमित जोश गैंग एक बार फिर से सक्रिय होता नजर आ रहा है। एनकाउंटर में मारे जा चुके अमित जोश के जीजा लकी जॉर्ज और उसके साथी यशवंत नायडू पर बीएसपी (भिलाई स्टील प्लांट) कर्मी चन्द्रकान्त वर्मा पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, चन्द्रकान्त वर्मा रात 10 बजे सेक्टर-5 मार्केट में सामान लेने गए थे, तभी नीले रंग की एक कार में सवार होकर लकी जॉर्ज और यशवंत नायडू वहां पहुंचे। दोनों ने वर्मा के साथ गाली-गलौच करते हुए तलवार से हमला कर दिया। किसी तरह जान बचाकर चन्द्रकान्त वर्मा वहां से भागे और लिफ्ट लेकर बीएसपी सेक्टर-9 अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है। इलाके में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है।

तेंदुए ने किया बछड़े का शिकार

मोहला/मानपुर/अम्बागढ़ चौकी/नवप्रदेश। अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के पांगरी गांव में बुधवार रात एक तेंदुआ आबादी क्षेत्र में घुस आया और एक बछड़े का शिकार कर लिया। घटना के बाद से गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए के हमले की पुष्टि की है। अधिकारियों के मुताबिक, शिकार के बाद तेंदुआ वापस पास के जंगल की ओर लौट गया और इसके बाद किसी अन्य जानवर या व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया। गांव में इस घटना के बाद एहतियात के तौर पर वन विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कोटवारों के माध्यम से मुनादी कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

जबर हरेली रैली आज

भिलाई /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की छटा बिखेरता एवं प्रकृति रक्षा का संदेश देता हुआ हरेली का त्योहार मनाने छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना के तत्वावधान में प्रदेश भर से हजारों लोग रविवार को भिलाई में एकत्रित होंगे । रैली के संबंध में प्रशासन अपनी चुस्त-दुरुस्त तैयारी कर चुका है । संगठन इसे बड़े पैमाने पर पिछले एक दशक से लगातार मनाते आ रहा है । छत्तीसगढ़ में किसी भी सामाजिक संस्था के आयोजनों में भिलाई के जबर हरेली रैली को प्रमुख एवं विशालतम माना जाता है । यह कार्यक्रम छत्तीसगढिया संस्कृति का आईना है क्योंकि इस एक दिवसीय कार्यक्रम में ही बस्तरिहा मांदरी, सुवा, पंथी, करमा, गेड़ी,अखाड़ा,राऊतनाचा,डंडानृत्य जैसे छत्तीसगढ़ के लगभग हर कलाविधा का रैली के रुप में प्रदर्शन करते हुए सैकड़ों लोक कलाकार दस किलोमीटर की यात्रा करते चलते हैं ।

नशे में धुत बेटे ने की पिता की हत्या

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में नशे में धुत बेटे ने अपने ही पिता की डंडे और ईंट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 60 वर्षीय परशराम रोहिदास के रूप में हुई है। आरोपी बेटा शंकर रोहिदास (27) बताया गया है। यह घटना दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम झाबर की है। जानकारी के मुताबिक, घटना दीपका कॉलेज के पीछे टिक्कू ढाबा के पास हुई। आरोपी नशे की हालत में घर लौटा और पिता से विवाद करने लगा। बात बढ़ी तो उसने डंडे और ईंट से हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही पिता की मौत हो गई। सूचना मिलते ही दीपका थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में पता चला कि पिता-पुत्र के बीच अक्सर शराब के नशे में गाली-गलौज और झगड़े होते थे।

नई औद्योगिक नीति के माध्यम से विकास और रोजगार सृजन कर रही है हमारी सरकार : साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर के सेक्टर-05 स्थित एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की नवनिर्मित इकाई का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं और उत्पादन इकाई का भ्रमण कर दवा निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोविड के कठिन दौर में दवाइयों की किल्लत को देखते हुए इस इकाई के निर्माण का सपना देखा गया था और आज वह साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया कोविड के संकट से जूझ रही थी, तब भारत ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर एक मिसाल कायम की। श्री साय ने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स की इकाई का शुभारंभ प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति निवेशकों को आकर्षित कर रही है और पिछले सात-आठ महीनों में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कई परियोजनाओं पर कार्य आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार सृजन का कार्य कर रही है और ऐसी इकाइयों को विशेष प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और इन 25 वर्षों में जो विकास हुआ है, उसमें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह ने न केवल प्रदेश से भूखमरी को दूर किया, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी ठोस नींव रखी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य गठन के समय प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, जबकि आज प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के जरिए लोगों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है। श्री साय ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष की अवधि में छह से अधिक विशेषज्ञ अस्पतालों के शुभारंभ का मैं साक्षी रहा हूं, जो दर्शाता है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि लोग बीमार न पड़ें, निरोगी रहें, और उनकी इसी संकल्पना के अनुरूप वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगों को आरोग्य प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार ने 'विकसित छत्तीसगढ़ 2047' की परिकल्पना के तहत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की सकल राज्यीय उत्पाद 5 लाख करोड़ है, जिसे 2030 तक 10 लाख करोड़ और 2047 तक 75 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, और यह प्रदेशवासियों के सहयोग से ही संभव होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स का भ्रमण कर उन्नत तकनीकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह इकाई पूरी तरह ऑटोमेटेड है, जहाँ टैबलेट, सिरप, ऑइंटमेंट और क्रीम जैसे विभिन्न प्रकार की दवाइयों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इकाई के विस्तार से बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।

कांकेर-कोंडागांव समेत 7 जिलों में अलर्ट

बस्तर में 5 दिन बरसात, सेंट्रल-नॉर्थ के कुछ हिस्से भीगेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में दो दिन बाद शनिवार दोपहर को मौसम बदला और तेज बारिश हुई। इस दौरान बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हैं। तीनों युवक छत पर गेम खेलने बैठे थे। इसी दौरान अचानक बिजली गिरी। घायलों का इलाज जारी है। घटना खम्हारडीह के भावना नगर की है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में अगले 5 दिन बस्तर संभाग के जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया था। नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर समेत 7 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बाकी अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहेगा।

मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ ही स्थानों पर बारिश की एक्टिविटी दिखेगी। पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश के सभी पांच संभाग के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई है। तापमान की बात करें तो शुक्रवार को सबसे अधिक टेंपरेचर 34 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव और सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया। मौसम विभाग से जारी आंकड़ों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 1 जून से 18 जुलाई 2025 तक 424.4 मिलीमीटर पानी बरस चुका है। जो औसत से 4 फीसदी ज्यादा है। बलरामपुर में सबसे ज्यादा 709.1 मिमी पानी बरसा है।

जानिए इसलिए गिरती है बिजली : दरअसल, आसमान में विपरीत एनर्जी के बादल हवा से उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। ये विपरीत दिशा में जाते हुए आपस में टकराते हैं। इससे होने वाले घर्षण से बिजली पैदा होती है और वह धरती पर गिरती है। आकाशीय बिजली पृथ्वी पर पहुंचने के बाद ऐसे माध्यम को तलाशती है जहां से वह गुजर सके। अगर यह आकाशीय बिजली, बिजली के खंभों के संपर्क में आती है तो वह उसके लिए कंडक्टर (संचालक) का काम करता है, लेकिन उस समय कोई व्यक्ति इसकी परिधि में आ जाता है तो वह उस चार्ज के लिए सबसे बढ़िया कंडक्टर का काम करता है। जयपुर में आमेर महल के वॉच टावर पर हुए हादसे में भी कुछ ऐसा ही हुआ।

आकाशीय बिजली से जुड़े कुछ तथ्य जो आपके लिए जानना जरूरी : आकाशीय बिजली का तापमान सूर्य के ऊपरी सतह से भी ज्यादा होता है। इसकी क्षमता तीन सौ किलोवॉट मतलब 12.5 करोड़ वॉट से ज्यादा चार्ज की होती है। यह बिजली मिली सेकेंड से भी कम समय के लिए ठहरती है। यह मनुष्य के सिर, गले और कंधों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। दोपहर के वक्त इसके गिरने की आशंका ज्यादा होती है।

लंबा रह सकता है मानसून

मानसून के केरल पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून है। इस साल 8 दिन पहले यानी 24 मई को ही केरल पहुंच गया था। मानसून के लौटने की सामान्य तारीख 15 अक्टूबर है। अगर इस साल अपने नियमित समय पर ही लौटता है तो मानसून की अवधि 145 दिन रहेगी। इस बीच मानसून ब्रेक की स्थिति ना हो तो जल्दी आने का फायदा मिलता सकता है।

आकाशीय बिजली से जुड़े मिथ

- आकाशीय बिजली के एक चीज पर 2 बार नहीं गिरती।
- रबर, टायर या फोम इससे बचाव कर सकते हैं।
- अगर कोई नाव चला रहा हो तो बाहर आ जाना चाहिए।
- लम्बी चीजें आकाशीय बिजली से बचाव करती हैं।

हत्या के प्रयास में आरोपी पति को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दबोचा

पत्नी को चाकू मारकर भागने की फिराक में था पति

बालोद/नवप्रदेश। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक द्वारा दिनांक 16.07.25 को ग्राम साल्हेटोला की महिला श्रीमति त्रिवेणी साहू कि चोटील होने की सूचना जिला अस्पताल बालोद से प्राप्त होने पर जांच करने का निर्देश दिया गया था। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवम् एसडीओपी बालोद देवांश राठौर के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बालोद को बारिकी से विवेचना कार्यवाही किया गया। कोतवाली थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुचकर पिड़िता से पूछताछ कर मौके पर जांच कर प्रकरण में पिड़िता का पति लीलाधर साहू के द्वारा अपनी पत्नि को घरेलू विवाद के कारण आक्रोश में आकर उसकी हत्या करने की नियत से उसे चाकू से वार करने से नाभि के नीचे चोट से अतड़ी बाहर आ गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए बालोद थाना व सायबर सेल की टीम द्वारा आरोपी लीलाधर साहू का पतातलाश कर रहा था। सूचना मिला कि आरोपी बाहर भागने की तैयारी में है। टीम ने तत्परता दिखाकर अलग-अलग दिशा में जाकर आरोपी लीलाधर साहू को घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी लीलाधर साहू निवासी हीरापुर थाना बालोद जिला बालोद को पूछताछ करने पर उक्त अपराध घटना करना स्वीकार करने से घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बालोद उपनिरीक्षक कमला यादव प्र.आर. दूर्योधन यादव सायबर सेल बालोद सउनि धरम भुआर्य , प्र.आर. भुनेष्वर मरकाम, प्र.आर. रूमलाल चुरेन्द्र, आर. राहुल मनहरे ,आकाश दुबे, विपिन, भोप, पुरन, गुलझारी, मिथलेश यादव का योगदान रहा।

गुम हुए 90 मोबाइल किए गए परिजनों के सुपुर्द

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के थाना/चौकी क्षेत्रों में गुम हुए मोबाईलों को अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज श्री राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा पु से) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, साइबर नोडल एवं एसडीओपी बेरला विनय कुमार, एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खोए हुए मोबाइलों की पतासाजी एवं बरामदगी हेतु CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं गुम मोबाईल का विश्लेषण कर कार्रवाई की गई।

इस अभियान के अंतर्गत CEIR पोर्टल के 60 मोबाईल एवं गुम मोबाईल रिपोर्ट के 30 मोबाईल इस प्रकार कुल 90 मोबाइल फोन विभिन्न स्थानों से रिकवर किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1350000 रुपए आंकी गई है। बरामद किए गए मोबाइल फोनों को सत्यापन उपरांत विधिवत रूप से संबंधित प्रार्थियों को सुपुर्द किया गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर स्थिति, ग्रामीणों में सड़क पर रोपा धान

रामानुजगंज/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर दिन प्रतिदिन लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है आज किसान कांग्रेस से जिला अध्यक्ष विकास दुबे के नेतृत्व में जर्जर सड़क के प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप बीच सड़क पर धान रोपा गया एवं जल्द सड़क मरम्मत कराने की मांग की गई।

किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है लोगों का आक्रोश धीरे-धीरे बढ़ते जा रहा है परंतु राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी सड़क के गड्ढो को भरवाने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। श्री दुबे ने कहा कि जिन बड़े गड्ढो को कुछ घंटे में भरवा देना चाहिए वह महीना बाद भी नहीं भर पा रहे हैं प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है जाम लग रहा है परंतु उसके बाद भी राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। सड़क पर अनगिनत गड्ढे हो गए हैं आज हम लोगों के द्वारा प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप राष्ट्रीय राज्य मार्ग में धान का पौधा रोपा गया। इस दौरान सुनील कन्हरे, कार्तिक माझी, ज्वाला गुप्ता, संजय रवानी, नरेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में वित्तीय समावेशन अभियान जोरों पर, सितम्बर तक चलेगा व्यापक कवरेज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत बीते 18 दिनों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। 1 जुलाई से प्रारंभ इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत राज्य में अब तक कुल 1843 शिविरों का सफल आयोजन किया गया है, जिनके माध्यम से 5487 नए प्रधानमंत्री जनधन खाते खोले गए हैं, 7681 नागरिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में तथा 10706 नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में पंजीकृत किया गया है। इसके साथ ही 2222 नागरिकों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा गया है, 3877 निष्क्रिय जनधन खातों का पुनः केवाईसी कर उन्हें सक्रिय किया गया है तथा 1889 खातों में नामांकन (नॉमिनेशन) दर्ज किए गए हैं।

यह जानकारी भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, छत्तीसगढ़ के संयोजक श्री राकेश कुमार सिन्हा ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा शुरू किए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य सभी पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना का लाभ पहुँचाना है, साथ ही बैंकिंग सेवा से वंचित वयस्कों को प्रधानमंत्री जनधन योजना से जोड़कर उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि यह संतृप्ति अभियान 30 सितम्बर 2025 तक लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान मुख्य रूप से जिन बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है, उनमें नए जनधन खातों का खुलवाना, निष्क्रिय खातों को केवाईसी के माध्यम से सक्रिय करना, डिजिटल बैंकिंग एवं साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए जनजागरूकता बढ़ाना, पात्र व्यक्तियों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में पंजीकरण करवाना, 10 वर्ष से अधिक पुराने खातों में केवाईसी करवाना, बैंक खातों में नॉमिनेशन दर्ज कराना, तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से संबंधित दावों की जानकारी व पंजीकरण शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य की साझीदार बनीं कल्पना योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज़ 'अंजोर विजऩ 2047' राजधानी नवा रायपुर के मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित एक भव्य समारोह में विमोचित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, एवं अन्य कैबिनेट मंत्रियों समेत देशभर के नीति निर्धारक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

इस गरिमामयी आयोजन में बेमेतरा ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने कार्यक्रम उपरांत प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी से भेंट कर उन्हें इस महत्वाकांक्षी दस्तावेज़ के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

साउथ इस्टर्न रेलवे के कोचों में अब लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

रायपुर/नवप्रदेश। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अब तकनीकी उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में रेलवे ने अपने 1052 यात्री डिब्बों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य रेलयात्रा को न केवल सुरक्षित बनाना है, बल्कि लोगों का भरोसा भी बढ़ाना है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से गुजरने वाली कई ट्रेनें शामिल हैं। यह पहल प्रधानमंत्री के सुरक्षित और स्मार्ट रेलवे मिशन के अनुरूप है, जिसके तहत पूरे भारतीय रेलवे में तेज़ी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड ने हाल ही में घोषणा की थी कि देशभर में लगभग 74,000 यात्री कोच और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसी योजना के तहत स्वच्छ्क ज़ोन में शुरू किया गया यह काम यात्रियों के लिए एक अहम सुविधा है। कैमरों को डिब्बों के प्रमुख स्थानों – जैसे कि प्रवेश और निकास द्वारों के पास पर लगाया जा रहा है ताकि गतिविधियों पर सटीक निगरानी रखी जा सके। आरक्षित डिब्बों में 4 और अनारक्षित डिब्बों में 6 कैमरे लगाए जा रहे हैं। इंस्टॉलेशन के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि यात्रियों की निजता से कोई समझौता न हो, जबकि सुरक्षा मानकों को भी मजबूत किया गया है। रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे कैमरे चुनें जो स्पष्ट वीडियो रिकॉर्ड कर सकें, चाहे रोशनी कम ही क्यों न हो। इसके अलावा, 'इंडिया एआई मिशन के अंतर्गत इन कैमरों से मिलने वाले डाटा का विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। यह कदम भारतीय रेलवे की सुरक्षा और स्मार्ट तकनीक के मेल की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट काम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com